# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





8 ट्रंप कर रहे दक्षिणपंथी सिद्धांतों को खंडित

मैट्रो
14 उड़ीसा से चला हाथियों का झुंड ..



haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार 17 मई 2025


### मंत्री विजय शाह के बाद अब डिप्टी सीएम व वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा का विवादित बयान

# कहा-सेना पीएम मोदी के चरणों में नतमस्तक देवड़ा बोले-सेना के सामने नतमस्तक कहा था

विशेष प्रतिनिधि ⏭ जबलपुर

प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के कारण सुलगी आग अभी ठंडी नहीं पड़ी थी और उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने सेना को लेकर विवादित बयान दे दिया। जबलपुर में सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देना चाहेंगे।

देश की सेना, एक-एक सैनिक और पूरा देश उनके चरणों में नतमस्तक है। देवड़ा का बयान वायरल होते ही बवाल मच गया। कांग्रेस हमलवार हो गई और कहा कि यह सेना के शौर्य का अपमान है। पहले मंत्री विजय शाह और अब उप मुख्यमंत्री देवड़ा, समूची भाजपा सेना का मनोबल गिराने पर आमादा है। हालांकि बाद में देवड़ा ने मीडिया को बुलाकर सफाई दी। उन्होंने कहा कि उनके अंदर सेना के प्रति बहुत सम्मान है। मीडिया उनके बयान को तोड़मरोड़ कर पेश कर रहा है। मैंने कहा था कि देश सेना के सामने नतमस्तक है।

## कांग्रेस हमलवार, कहा- यह सेना के शौर्य का अपमान, देवड़ा को बर्खास्त करें

देवड़ा की सफाई, कहा- तोड़मरोड़ कर पेश कर रहे बयान

कांग्रेस आज प्रदेश भर में जलाएगी दोनों मंत्रियों के पुतले



### देवड़ा का क्या था बयान?

मन में बहुत क्रोध था। लोग पर्यटक के रूप में कश्मीर घूमने गए थे। वहां धर्म पूछ-पूछ कर, महिलाओं को एक तरफ खड़ा करके उनके सामने पति को गोली मारी गई। बच्चों के सामने गोली मारी। तब से ही दिमाग में बहुत तनाव था। संकल्प लिया गया कि जब तक इसका बदला नहीं लिया जाएगा। जिन माताओं के सिंदूर को मिटाने का काम आतंकवादियों ने किया, आतंकवादियों को जिन्होंने पाला और जो पाल रहे हैं, उनको नेस्तनाबूद नहीं कर देंगे, तब तक चैन की सांस नहीं लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देना चाहेंगे। देश की सेना, एक-एक सैनिक उनके चरणों में नतमस्तक है। उनके चरणों में पूरा देश नतमस्तक है। उन्होंने जो जवाब दिया है, उसकी जितनी सराहना की जाए, जितना कहा जाए, कम है। एक बार उनके लिए जोरदार तालियां बजाकर स्वागत करिए।

### प्रियंका गांधी ने कहा

### ये सेना का अपमान बचाया जा रहा है मंत्री-डिप्टी सीएम को

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि अब भाजपा के उप मुख्यमंत्री ने सेना का घोर अपमान किया है। भाजपा इन नेताओं पर कार्रवाई करने की बजाए, इन्हें बचाने में जुटी है। भाजपा ऐसा कर हमारी सेना और देशवासियों को क्या संदेश देना चाहती है? कांग्रेस से



राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ वकील विवेक तन्खा ने कहा कि आप क्या कह रहे हैं देवड़ा जी। मोदी जी और देश की जनता हमारी वीर सेना के प्रति समर्पित और नतमस्तक है। आप लोग देश की और सुरक्षा एजेंसीज का मनोबल क्यों गिरा रहे हैं? कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि सेना के लिए जिसके मन में इतनी दुर्भावना हो, उसे किसी भी पद पर रखना गलत है। अब ऐसे व्यक्ति को बर्खास्त करना होगा। अगर कुछ घंटों के अंदर उनको बर्खास्त नहीं किया जाता तो ये समझा जाएगा कि सरकार भी कुछ ऐसी सोच रखते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि भाजपा सेना का अपमान करने वाले दोनों मंत्रियों को बचाने में जुटी है। पटवारी ने घोषणा की कांग्रेस शनिवार को पूरे प्रदेश में जगदीश देवड़ा और विजय शाह के पुतले जलाएगी और इनके इस्तीफे की मांग करेगी।

### गलत तरीके से प्रस्तुत कर रहे बयान

देवड़ा की सफाई

मामले के तूल पकड़ने के बाद जगदीश देवड़ा ने मीडिया को बुला कर सफाई दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मेरे बयान को गलत तरीके से प्रस्तुत कर रही है। मीडिया में मेरा बयान तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। मैंने कहा था कि देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में जो काम किया है, उसकी जितनी सराहना की जाए, उतनी कम है। देश की जनता भारत की सेना के चरणों में नतमस्तक है। उनका प्रणाम करते हैं, उनका सम्मान करते हैं। जितना कहा जाए उतना कम है सेना के बारे में। ये शब्द मैंने कहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग मेरे विरुद्ध षड़यंत्र कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

### कांग्रेस का सेना के प्रति सम्मान नहीं: आशीष

प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने कहा है कि जैसी नजर होती है, वैसा ही नजरिया हो जाता है। यही हाल कांग्रेसियों का है। न तो उन्हें देश की सेना के प्रति सम्मान है और न ही देश के प्रति। ऐसे में उनके द्वारा इस प्रकार के भाव और उनके भावार्थ ही निकाले जाएंगे।

### विजय शाह मामले की नहीं हुई सुनवाई

मंत्री विजय शाह के मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हुई। सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल सुनवाई से इंकार कर 19 मई की तारीख तय कर दी। इधर सुनवाई करने वाली हाईकोर्ट की बेंच शुक्रवार को बैठी ही नहीं।



### विजय शाह की बर्खास्तगी की मांग को लेकर राज्यपाल को कांग्रेस विधायकों ने ज्ञापन सौंपा

# फिर राजभवन के सामने काले कपड़ों में धरने पर बैठे, हिरासत के बाद रिहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंत्री विजय शाह की बर्खास्तगी की मांग को लेकर कांग्रेस आक्रामक है। शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल मंगु भाई पटेल से मिला और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर शाह को बर्खास्त करने की मांग की।

इसके बाद कांग्रेसी विधायक राजभवन के सामने काले कपड़ों में धरने पर बैठ गए और विरोध प्रदर्शन किया। करीब एक घंटे तक धरने के बाद नेता प्रतिपक्ष सहित अन्य कांग्रेस विधायकों को पुलिस ने जबरन उठा कर हिरासत में ले लिया और उनको सेंट्रल जेल ले गए। कुछ देर बाद सभी को रिहा कर दिया। इस दौरान सिंघार ने कहा कि भाजपा की सरकार तानाशाही कर रही है और जनप्रतिनिधियों की भावनाओं का सम्मान नहीं कर रही।

- करीब एक घंटे तक धरने के बाद पुलिस ने विधायकों को उठाया, सिंघार ने पूछा-आखिर, क्यों विजय शाह से अब तक इस्तीफा नहीं लिया गया?

### सीएम बोले- न्यायालय का अपमान करने से कांग्रेस बाज नहीं आती



राजभवन के सामने कांग्रेस के प्रदर्शन के मामले में सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस कितने भी नाटक कर ले, कांग्रेस को भी पता है कि मामला न्यायालय में है और न्यायालय से बढ़कर तो कोई नहीं है। नेता प्रतिपक्ष पर भी मुकदमा था, क्या कांग्रेस उनका इस्तीफा मांगेगी, न्यायालय का जहां भी अपमान करने का मौका होता है (

### सिंघार फुटपाथ पर न्याय का ढोंग रच रहे : आशीष अग्रवाल

इधर, इस मामले में भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार फुटपाथ पर न्याय का ढोंग रच रहे हैं। मंत्री विजय शाह से संबंधित विषय न्यायालय में विचाराधीन है एवं सरकार न्यायालय के निर्देशानुसार कार्यवाही कर रही है और आगे भी करेगी। कांग्रेस को इस्तीफा मांगने का नैतिक हक नहीं है। सिंघार को विरोध करना है तो सोनिया राहुल का करें,जो नेशनल हेराल्ड केस में आरोपी हैं।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल न. 1155 | airtel चैनल न. 366


## खबर संक्षेप

### आज से फिर शुरू होगा आईपीएल का मुकाबला

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को बताया कि आईपीएल



2025का सीज़न अब 17 मई से दोबारा शुरू किया जाएगा। यह फैसला भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण टूर्नामेंट को एक हफ्ते के लिए रोके जाने के तीन दिन बाद लिया गया है। अब 17 मई से 3 जून तक आईपीएल के बचे हुए 17 मैच खेले जाएंगे। ये मैच 6 शहरों दिल्ली, जयपुर, लखनऊ, बेंगलुरु, मुंबई और अहमदाबाद में होंगे। संशोधित शेड्यूल के अनुसार, दो डबल-हेडर यानी दो एक दिन में दो मैच भी होंगे।

### तुर्की के नए राजदूत की क्रेडेंशियल सेरेमनी रद्द

**नई दिल्ली।** तुर्की के साथ तनाव के बीच विदेश मंत्रालय ने भारत में तुर्की के नए राजदूत अली मूरत




एर्सॉय का राष्ट्रपति भवन में होने वाला परिचय समारोह अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दिया है। इस कार्यक्रम में तुर्की के राजदूत को भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना परिचय प्रस्तुत करना था। इस कार्यक्रम को क्रेडेंशियल सेरेमनी कहते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रोटोकॉल विभाग ने ये कार्यक्रम अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है। किसी राजनयिक को दूसरे संप्रभु राज्य में राजदूत नियुक्त होने की पहचान है।

### बालाघाट के कटंगी इलाके के कछार गांव के पास बाघ का हमला, इस क्षेत्र की ये तीसरी घटना

# युवक के कमर के नीचे का 'पूरा हिस्सा' खा गया बाघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालाघाट



दक्षिण वन मंडल बालाघाट के वन परिक्षेत्र कटंगी अंतर्गत पाडरपानी बीट में बसे ग्राम पंचायत जमुनिया के कछार में तेंदूपत्ता तोड़ने गए एक युवक का बाघ ने शिकार कर लिया। ग्राम कछार निवासी अनिल सिंह पिता अदन सिंह भलावे (33) शुक्रवार को सुबह अपने गांव के लोगों के साथ तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए गया था। इस दौरान बाघ ने अनिल सिंह पर हमला कर दिया। इसके बाद कमर के नीचे वाला पूरा हिस्सा खा गया।

- क्षेत्र में आठ से दस बाघों की मौजूदगी
- दहशत इतनी कि 13 गांवों में तेंदूपत्ता तुड़ाई बंद

### नहर का पाइप पत्थर रखकर बंद कर दिया ग्रामीणों ने

# इछावरः पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ किसान ने नहर में देखा था घूमते

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



इछावर क्षेत्र में गुरुवार देर रात वन विभाग ने एक तेंदुए को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया है। निपानिया तालाब में तरबूज की खेती कर रहे एक किसान ने तालाब की नहर में तेंदुए को घूमते देखा।

किसान ने तत्काल ग्रामीणों को सूचित किया और नहर का पाइप पत्थर रखकर बंद कर दिया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने रात में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन अंधेरे के कारण सफलता नहीं मिली। अगली सुबह वन विभाग ने पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ लिया।

### दुनिया में पाकिस्तान को बेनकाब करेंगे भारतीय सांसद

# 10 दिन में 30 सांसद बताएंगे पड़ोसी की करतूत...अलग-अलग देशों में जाएंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब भारत के सांसद दुनियाभर में पाकिस्तान को बेनकाब करेंगे। भारत सरकार ने पाकिस्तान की करतूत दुनियाभर के सामने उजागर करने के लिए अगले सप्ताह सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को अलग-अलग देशों की यात्रा के लिए भेजने का फैसला लिया है। बताया जा रहा है कि कम से कम 30 सांसदों को 10 दिन के लिए अलग-अलग देशों की यात्रा पर भेजा जाएगा। इसे लेकर सरकार ने विपक्ष सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों से बात की है। कुछ दलों ने अपने सांसदों को भेजने की मंजूरी भी दे दी है। दरअसल, पाकिस्तान पहलगाम से लेकर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लगातार झूठ बोलता रहा है। वह दुनिया को तथ्यों से अलग जाकर एक नैरेटिव सेट करने के लिए मनगढ़ंत कहानी बताता रहा है। पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई बड़ा समर्थन नहीं मिला है, लेकिन चीन और तुर्किये जैसे देशों के उसके साथ आ जाने से उसे एक सहारा मिल गया है। भारत पाकिस्तान की इस कोशिश को बेनकाब करना चाहता है। इसलिए कूटनीतिक तौर पर भारत सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को विभिन्न देशों की यात्रा पर भेजने का फैसला लिया है।

### प्रतिनिधिमंडल में भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, एनसीपी (एसपी) जेडीयू, बीजेडी, सीपीआई (एम) और कुछ अन्य सांसद शामिल होंगे

- सरकार ने विपक्ष सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों से बात की
- विदेश मंत्रालय (एमईए) सांसदों को उनके राजनयिक मिशन के लिए रवाना होने से पहले जानकारी देगा

### अगले सप्ताह सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग देशों की यात्रा करेगा



### इन दलों के सांसद होंगे शामिल

भाजपा से अनुराग और सारंगी और कांग्रेस से थरूर होंगे शामिल

विदेश मंत्रालय (एमईए) सांसदों को उनके राजनयिक मिशन के लिए रवाना होने से पहले जानकारी देगा। सूत्र बताते हैं कि प्रतिनिधिमंडल में भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, एनसीपी (एसपी), जेडीयू, बीजेडी, सीपीआई (एम) और कुछ अन्य सांसद शामिल होंगे। एक दल के नेता ने बताया कि उन्हें 22-23 मई तक 10 दिनों की अवधि के लिए रवाना होने के लिए तैयार रहने को कहा गया है और विदेश मंत्रालय यात्रा कार्यक्रम सहित आवश्यक विवरण उपलब्ध कराने के लिए उनसे संपर्क करेगा।

### कांग्रेस के चार सांसद भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे



प्रतिनिधिमंडल में भाजपा से पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और ओडिशा से भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी शामिल हैं। जबकि कांग्रेस के चार सांसद भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। इसमें कांग्रेस सांसद शशि थरूर, मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद और अमर सिंह शामिल हैं। वहीं तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, जेडीयू के संजय झा, बीजेडी के सस्मित पात्रा, एनसीपी (एसपी) की सुप्रिया सुले, डीएमके की के कनिमोझी, सीपीआई (एम) के जॉन ब्रिटास और एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हो सकते हैं।

### जयराम रमेश बोले- कांग्रेस केंद्र सरकार के साथ

प्रतिनिधिमंडल भेजे जाने को लेकर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने



इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष से बात की है। रमेश ने कहा कि अब अचानक प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान से आतंकवाद पर भारत का रुख स्पष्ट करने के लिए बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश भेजने का फैसला किया है।

### कथावाचक के विवादित बयान पर शहडोल कोर्ट का नोटिस

# महाकुंभ में नहीं आने वाले देशद्रोही, 20 मई को धीरेंद्र शास्त्री को रखना होगा पक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहडोल

कथावाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के एक भड़काऊ एवं असंवैधानिक बयान के विरुद्ध दायर आपराधिक परिवाद पर शहडोल न्यायालय ने नोटिस जारी किया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, शहडोल ने पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को 20 मई 2025 को सुबह 11 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर परिवाद पर पक्ष रखने को कहा है।



### अधिवक्ता ने यह जताई आपत्ति

इस बयान को लेकर शहडोल के अधिवक्ता संदीप तिवारी ने गहरी आपत्ति जताई थी। संदीप तिवारी का कहना है कि यह वक्तव्य न केवल भारतीय संविधान की मूल भावना, विशेष रूप से धर्मनिरपेक्षता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता, के विरुद्ध है। बल्कि यह भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दंडनीय अपराध भी है। संदीप तिवारी का कहना है कि क्या धार्मिक आयोजन में न पहुंचने वाला देशद्रोही है?

### मेट्रो कर्मचारियों ने पाकिस्तान के समर्थन में लगाए नारे

# पीएम मोदी पर की आपत्तिजनक टिप्पणी एक आरोपी गिरफ्तार, सात लोग हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

गांधी नगर क्षेत्र में मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़े एक कर्मचारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की और पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए। इस घटना के बाद आरोपी मोहम्मद जावेद पिता किताब अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। राजपूत करणी सेना की शिकायत पर गांधी नगर थाना पुलिस ने देश विरोधी गतिविधियों और प्रधानमंत्री के खिलाफ



अभद्र टिप्पणी के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। यह घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है। फिलहाल अन्य आरोपियों की तलाश भी जारी है। करणी सेना के संभाग संगठन मंत्री ठाकुर अजीत सिंह ने बताया कि हमें यह वीडियो मिले जिसके बाद संगठन के दिग्विजय सिंह और करणी सेना के अन्य पदाधिकारी इन युवकों को तलाश करने पहुंचे।

जबलपुर, शनिवार 17 मई 2025 ■ जेष्ठ मास कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष : 20, अंक : 17 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 38 न्यून.28 haribhoomi.com

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



22 अप्रैल को कचरे में आग लगी थी



## पंद्रह महीने में 18 बार लगी खंती में आग, सीपीसीबी से छह सप्ताह में मांगी रिपोर्ट, 25 जुलाई को होगी अगली सुनवाई

**एनजीटी ने लगाई थी एक करोड़ 80 लाख की पैनाल्टी**

# आदमपुर खंती आग की पैनाल्टी माफ कराने पहुंचे निगम को सुप्रीम फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साल 2023 में आदमपुर छावनी कचरा खंती में लगी आग के मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने आगजनी की घटना की रिपोर्ट बनाने सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) को 6 सप्ताह का समय दिया है। इस मामले में अगली सुनवाई 25 जुलाई को होगी। दरअसल, एनजीटी ने आगजनी की घटना को लेकर नगर निगम पर एक करोड़ 80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। जिसके बाद निगम पैनाल्टी को माफ कराने सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था, लेकिन दूसरे पक्ष के वकील ने बताया कि आग लगने की घटना जारी हैं। पिछले पंद्रह महीने में 18 बार आग लगी है। नगर निगम को कचरा प्रोसेसिंग कंपनियों की गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

**कचरा प्रोसेसिंग कंपनियों की गलतियों का खामियाजा भुगत रहा निगम**

### कंपनी पर लगाया 40 लाख का जुर्माना

निगम ने लगभग 7 महीने पहले इंदौर की सुसज्जा कंपनी को काम दिया। यह भी समय पर कचरे को प्रोसेस नहीं कर रही। वहीं, कंपनी ने आगजनी दुर्घटनाओं से निपटने के इंतजाम भी नहीं किए। नतीजा, बीते महीने कचरे में आग लग गई। निगम ने कंपनी पर लापरवारी के लिए 40 लाख का जुर्माना लगाया है।

### अधूरा काम छोड़कर कंपनी भागी

आदमपुर छावनी स्थित लैंडफिल साइट पर जमा कचरे को खत्म करने के लिए निगम ने ग्रीन रिसोर्स कंपनी को काम दिया था, लेकिन कंपनी समय पर कचरे को खत्म नहीं कर सकी। बीते साल कंपनी अधूरा काम छोड़कर भाग गई।

## खबर संक्षेप

### पीएम 103 रेलवे स्टेशनों का करेंगे उद्घाटन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले हफ्ते राजस्थान के बीकानेर के दौरे पर रहेंगे। पाकिस्तान के साथ तनाव के पीएम मोदी 22 मई को बीकानेर के नाल हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। इसके बाद वह बीकानेर से 20 किलोमीटर दूर पलाना में रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। यह अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बनाई गई है। देशभर में कई रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण करेंगे।

### एक करोड़ से ज्यादा की एमडी ड्रग जब्त




**मंदसौर।** नारकोटिक्स विंग ने शुक्रवार को ड्रग्स तस्करी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से 1 किलो 110 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई है, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1.11 करोड़ रुपए बताई जा रही है। सूचना पर ये कार्रवाई की है।तस्कर लहसुन से भरी एक पिकअप वाहन में एमडी ड्रग्स छिपाकर ले जा रहे हैं। इस सूचना पर नीमच-मिर्जापुर फंटे पर शुक्रवार दोपहर घेराबंदी की गई। जांच में वाहन के भीतर 1 किलो 110 ग्राम एमडी जब्त की गई।

### स्कूल संचालक ने व्यापारी को मारी गोली



**ग्वालियर।** खेरिया पदम गांव में 700 रुपये के लेन-देन के विवाद में एक ईंट भट्टा संचालक व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया और आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर चक्का जाम कर दिया। पुलिस की समझाइश पर जाम खत्म हुआ। मृतक छत्रपाल सिंह लोधी (27) ईंट भट्टा चलाता था।



**नौगांव, ग्वालियर में पारा 45 डिग्री तो पांच जिलों में 43 से 44 डिग्री के बीच दर्ज**

## अब हीट-वेव की दस्तक : प्रदेश में सबसे गर्म खजुराहो में पारा 45.8 डिग्री रहा

# आधा दर्जन जिलों में पारा 44 डिग्री तक, आज से चलेगी लू

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार शनिवार को भी दो दर्जन जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होगी। उत्तरी मप्र में दिन का पारा और बढ़ेगा, जिससे आधा दर्जन तक जिलों में लू का असर हो सकता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उत्तरी मध्य प्रदेश में गर्मी का पारा तेजी से बढ़ रहा है, जबकि पश्चिमी मध्य प्रदेश में बादल, बारिश के असर से तापमान में घट बढ़ रही है। खुजराहो सहित तीन जिलों में शुक्रवार को लू का असर रहा, जबकि ग्वालियर, नौगांव सहित आधा दर्जन जिलों में पारा 43 से 44 डिग्री तक दर्ज हुआ है। प्रदेश में सबसे गर्म खजुराहो में पारा 45.8 डिग्री रहा है। साथ ही कई जिलों में बारिश का दौर भी रहा है। मौसम केंद्र के अनुसार शनिवार को भी दो दर्जन जिलों में गरज चमक के साथ बारिश होगी।

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के उत्तरी मप्र में दिन का पारा और बढ़ेगा, जिससे आधा दर्जन तक जिलों में लू का असर हो सकता है। हालांकि, इस बीच भोपाल में बादल, बौछारों से तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा।

शुक्ला के अनुसार अभी एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन उत्तर पश्चिमी उत्तर प्रदेश और आसपास के सक्रिय है। यहां से एक ट्रफ बिहार पश्चिमी बंगाल होते हुए उत्तरी बांग्लादेश तक सक्रिय है। एक सकुर्लेशन पूर्वी मप्र और इससे सटे उत्तर पूर्वी अरब सागर तक सक्रिय है। इससे प्रदेश में नमी आ रही है। इसी कारण से अभी प्रदेश में गर्मी बढ़ने के साथ बारिश का दौर भी चलेगा।

**भोपाल सहित पश्चिमी मप्र में पारा सामान्य से औसतन 3 डिग्री कम, फिर भी तेज गर्मी और उमस का असर बरकरार**

### छह जिलों में रात का पारा 31 डिग्री तक

शुक्रवार को पांच जिलों में रात का पारा 29 से 31 डिग्री के बीच तक रहा है। इनमें रीवा सबसे गर्म 31 डिग्री रहा। दमोह 29.5, बड़वानी 29.2 निवाड़ी 29.1 और सीधी तथा सतना में न्यूनतम पारा 29 डिग्री रहा है। इन जिलों में रात में काफी गर्मी महसूस की गई।

### 3 घंटे की धूप ने किया बेहाल

राजधानी में दोपहर तक बादल छाए रहे, लेकिन एक बजे के बाद बादल छंटते गए। हवा में 40 फीसदी से अधिक नमी के कारण दोपहर दो बजे के बाद धूप का असर बढ़ गया। 5 से 6 बजे के बीच 3 घंटे की धूप में ही लोगों को तेज गर्मी और उमस का अहसास रहा। दिन का पारा दोपहर में ढाई बजे के करीब 38 डिग्री था, जो 3 से 4 बजे के बीच एक से दो डिग्री तक और बढ़ गया। हालांकि, शाम को हवाओं के रफ्तार पकड़ते ही गर्मी और उमस से कुछ राहत मिली।



### यहां तेजी से बढ़ा पारा

शुक्रवार को छिंदवाड़ा, जबलपुर, खजुराहो, सतना, नौगांव, सागर, ग्वालियर, रायसेन, शिवपुरी, उज्जैन सहित एक दर्जन से अधिक जिलों में दिन का पारा 2 से 3 डिग्री तक बढ़ा है। टीकमगढ़ में 5 डिग्री की बढ़त के साथ पारा 44 डिग्री पर पहुंच गया। भोपाल में 1.1 डिग्री बढ़कर 38.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.1 डिग्री कम है। शनिवार को गुना, शिवपुरी, खजराहो, सतना, नौगांव सहित कुछ अन्य जिलों में भी लू का असर हो सकता है।

### आज यहां आंधी-बारिश

मौसम केंद्र के अनुसार शनिवार तक भोपाल, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, अनुपपुर, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा, आगर, मंदसौर, नीमच, भिंड, मुरैना आदि में कहीं कहीं गरज चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश होगी। शुक्रवार को दोपहर के शाम के बीच डिंडोरी, सिवनी, बुरहानपुर, खरगोन और बड़वानी, मंडला, अनुपपुर, बालाघाट, पांढुर्ना, बैतूल, धार, आंधी के साथ कहीं बारिश तो कहीं कुछ देर ओले गिरे हैं।

## निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित पलासी इलाके में घटना

# गोवंश को काटे जाने पर बजरंगियों ने थाने का घेराव कर किया 'हंगामा'

**घटनास्थल से मिला खून से सना बका, मवेशी का मांस और बंधा हुआ जीवित मवेशी**

**इलाके में भारी पुलिस बल तैनात, चार को गिरफ्तार किया, बाकी की तलाश**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित पलासी इलाके में गोवंश को काटे जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने घटनास्थल से खून से सना बका और प्रतिबंधित मवेशी का मांस बरामद किया है। पास ही बंधा हुआ जीवित मवेशी भी बरामद किया गया। मवेशियों के काटे जाने से बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। पुलिस ने बजरंगियों को जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इसके बाद ही उनका गुस्सा शांत हो सका।

### रेहान, अरबाज आलम और सोहेल गिरफ्तार

प्रतिबंधित मवेशी काटे जाने की सूचना बजरंगियों को मिलते ही उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने थाने का घेराव कर दिया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने बजरंगियों को जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया। इसके बाद ही हंगामा शांत हो सका। पुलिस ने उक्त मामले में चार आरोपियों में रेहान, अरबाज, आलम और सोहेल को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य दो की तलाश की जा रही है।

### मकान की आड़ में सुनसान इलाके में काटे जा रहे थे गोवंश

मकानों की आड़ में सुनसान इलाके में मवेशियों को काटा जा रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल से काफी मात्रा में खून मिला है। घटनास्थल से खून से सना बका भी मिला। एक अन्य मवेशी वहां बंधा था। यदि समय पर बजरंगी नहीं पहुंचते ही उस मवेशी का भी वध कर दिया जाता था। थाना प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में इस अनैतिक व्यवसाय से जुड़े अन्य आरोपियों के नाम भी सामने आ सकते हैं।

## पिटाई के बाद पीएम शहबाज को आई शांति की याद

**परमाणु हमले की गीदड़भभकी देने वाला आतंकी देश पाकिस्तान अब भारत के सामने गिड़गिड़ाने लगा**

# पहले पानी मांगा और अब 'बातचीत' का दिया ऑफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब पाकिस्तान की हेकड़ी निकल गई है। परमाणु हमले की गीदड़भभकी देने वाला आतंकी देश पाकिस्तान अब भारत के सामने गिड़गिड़ाने लगा है। पाकिस्तान ने पहले सिंधु जल समझौते को लेकर पत्र लिखा, इसे स्थगित करने के अपने फैसले पर फिर से विचार करने की अपील की। अब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत को बातचीत का ऑफर दे दिया है। शहबाज शरीफ ने कहा है कि पाकिस्तान शांति के लिए भारत से बातचीत को तैयार है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को पंजाब प्रांत के कमरा एयरबेस का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और जवानों से बात की। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने इस दौरान शांति के लिए भारत से बातचीत को तैयार होने की बात कही।

### पीएम मोदी कह चुके हैं....बात बस पीओके पर होगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद राष्ट्र को संबोधित करते हुए पाकिस्तान और विश्व समुदाय को स्पष्ट संदेश दे दिया था। पीएम ने अपने संबोधन में दो टूक कहा था कि पाकिस्तान से अगर बातचीत होगी, तो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर होगी। आतंकवाद पर होगी। बाकी किसी भी मसले पर कोई बात नहीं होगी। बता दें कि भारत का हमेशा ही यह स्टैंड रहा है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा।

## मॉकड्रिल में घायल पुलिस जवानों से मिले मुख्यमंत्री



### सरकार पूरी तरह से जवानों के साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मॉकड्रिल में घायल हुए पुलिस जवानों से मिलने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव निजी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल हुए पुलिस जवानों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पूरी तरह से जवानों के साथ है और उनके इलाज की हर व्यवस्था की जा रही है। बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि घायल जवान जल्दी

## सरकारी कर्मचारियों के लिए राहत की खबर

**सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से प्रतिबंध हटाए जाने का आदेश जारी किया**

# 13 विभागों के कर्मचारियों के अवकाश पर लगा बैन हटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के लिए राहत की खबर है। मोहन सरकार ने 13 विभागों के सरकारी कर्मचारियों के अवकाश पर जो प्रतिबंध भारत-पाकिस्तान के तनाव को देखते हुए लगाया था उसे हटा दिया गया है। शुक्रवार को सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से प्रतिबंध हटाए जाने का आदेश जारी किया गया है।

**अब फिर अवकाश शुरू होंगे**



### भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के चलते लगा था बैन

बता दें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव और ऑपरेशन सिंदूर ऑपरेशन को देखते हुए मप्र सरकार ने प्रदेश के 13 विभागों के कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया था। ये फैसला इसलिए लिया गया था ताकि किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहे। अब जब हालात सामान्य हो गए हैं तो सरकार ने कर्मचारियों के अवकाश से प्रतिबंध हटाने निर्णय लिया है।

## कोर्ट ने आरोपी की संपत्तियों को कुर्क किए जाने की कार्यवाही के निर्देश दिए

**एमपी नगर थाना प्रभारी को हर महीने कोर्ट में रिपोर्ट करने के भी निर्देश**

# नेशनल हेराल्ड मामले में एजेएल कंपनी के पॉवर ऑफ अटॉर्नी होल्डर नरेंद्र कुमार मित्तल फरार घोषित

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

नेशनल हेराल्ड की संपत्ति चोरी किए जाने के मामले के आरोपी नरेंद्र कुमार मित्तल को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हर्षा परमार ने फरार घोषित कर उसकी संपत्ति को कुर्क किए जाने की कार्यवाही करने के आदेश दिए हैं। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने नरेंद्र कुमार मित्तल को फरार घोषित करते हुए आरोपी के खिलाफ स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी कर एमपी नगर थाना प्रभारी को हर महीने कोर्ट में रिपोर्ट करने के निर्देश भी दिए हैं। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने आरोपी की संपत्तियों को कुर्क किए जाने की कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी दिए हैं।




### पुलिस ने 2 साल बाद केक काटकर डाल दिया था खात्मा

नेशनल हेराल्ड की संपत्ति चोरी जाने का मामला वर्ष 2008 में महाराणा प्रताप नगर (एमपी नगर) थाने में नरेंद्र कुमार (एनके) मित्तल तथा हरमहेंद्र सिंह बग्गा के खिलाफ दर्ज हुआ था। पुलिस ने 2 साल बाद फरियादी मो. सईद, संजय चतुर्वेदी द्वारा एफआईआर की दूसरी वर्षगांठ मनाकर थाने में केक काटने के बाद आनन-फानन में खात्मा डाल दिया था।

### जो प्रकरण नेशनल हेराल्ड को लड़ना चाहिए था, वह कर्मचारियों ने लड़ा

आदेश में कहा गया है कि अभियुक्त एनके मित्तल पिता विलायतीराम के विरूद्ध जारी गिरफ्तारी वारंट के संबंध में तस्दीक पंचनामा बनाए जाने वाले तामील कुनिंदा के कथन अंकित किए गए, जिससे यह दर्शित होता है कि अभियुक्त एनके मित्तल फरार हो गया है और उसके निकट भविष्य में मिलने की कोई संभावना नहीं है। अतः अभियुक्त को धारा 299 दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के अंतर्गत फरार घोषित किया जाकर अभियुक्त एनके मित्तल पिता विलायतीराम के विरूद्ध स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया जाए तथा संबंधित थाने से अभियुक्त की स्थायी वारंट की आमाद रिपोर्ट तलब की जाए। अधिवक्ता संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि अभियुक्त के विरूद्ध धारा 82 एवं 83 दंड प्रकिया संहिता 1973 के तहत पृथक से कार्यवाही के आदेश दिए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि स्थायी वारंट में यह टीप अंकित की जाए कि थाना प्रभारी प्रत्येक एक माह की अवधि में प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।


Reliance
Jio Mart
समय और पैसे दोनों बचाएं
Quick
Quick फ्री होम डिलीवरी
लो प्राइस गारंटी
0 ज़ीरो एक्स्ट्रा चार्जेज़
Biscuits, Drink & Packaged Foods
ऐप डाउनलोड कीजिए JioMart
ऐप अभी डाउनलोड करें
प्याज 1 kg
बाजार मूल्य ₹ 25
जियोमार्ट कीमत ₹ 17
आम बंगनपल्ली 1 kg
बाजार मूल्य ₹ 80
जियोमार्ट कीमत ₹ 64
आम केसर 1 kg
बाजार मूल्य ₹ 160
जियोमार्ट कीमत ₹ 139
क्वालिटी वॉल्स पार्टी टब्स 500 ml या उससे अधिक (चुनिंदा श्रेणी)
एमआरपी ₹ 125 या उससे अधिक
न्यूनतम 33% छूट
कोल्ड ड्रिंक्स 750 ml / ज्यूसेस 600 ml (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 40 या उससे अधिक
फ्लैट 25% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 30 या उससे अधिक
बिस्किट 230 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 145 या उससे अधिक
फ्लैट 33% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 97 या उससे अधिक
रेड लेबल लीफ टी 1 kg
एमआरपी ₹ 560 या उससे अधिक
बचाइए ₹ 180
जियोमार्ट कीमत ₹ 380 या उससे अधिक
कैडबरी / नेस्ले चॉकलेट होम पैक 123.2 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 100 या उससे अधिक
फ्लैट 33% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 67 या उससे अधिक
गुड लाईफ कालीमूँछ कच्चा चावल 1 kg
एमआरपी ₹ 120
जियोमार्ट कीमत ₹ 90
बचाइए ₹ 30
आशीर्वाद शुद्ध चक्की आटा 10 kg
एमआरपी ₹ 542
जियोमार्ट कीमत ₹ 475
बचाइए ₹ 67
स्वादिस्ट रिफाइंड सोया तेल 850 g / दम्मानी मूंगफली तेल 900 g
एमआरपी ₹ 164 / ₹ 220
जियोमार्ट कीमत ₹ 123/ ₹ 145
बचाइए ₹ 41 / ₹ 75
अमूल प्योर घी 1 L
एमआरपी ₹ 650
जियोमार्ट कीमत ₹ 579
बचाइए ₹ 71
सिंथोल / डव / लिरिल / गोदरेज नं. 1 / लक्स / पियर्स साबुन 125 g या उससे अधिक (मल्टी पैक)(चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 175 या उससे अधिक
न्यूनतम 33% छूट
ब्यूटी रेंज 0.35 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 100 या उससे अधिक
फ्लैट 50% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 50 या उससे अधिक
टाइड 6 kg + 2 kg / सर्फ एक्सेल डिटर्जेन्ट पाउडर 7 kg / एरियल / सर्फ एक्सेल मैटिक लिक्विड 4 L (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹ 795 या उससे अधिक
फ्लैट 40% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹ 477 या उससे अधिक
नियम तथा शर्तें लागू। ऑफर स्टॉक खत्म होने तक वैध। सभी ऑफ़र्स को सूचना दिए बिना बदला जा सकता है। प्रोडक्ट्स की दिखाई गई तस्वीरें/फोटोग्राफ्स केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं। सभी प्रोडक्ट्स की एमआरपी में सभी टैक्स शामिल हैं। छूट प्रतिशत को ऑफर मूल्य के लगभग प्रतिशत तक राउंड ऑफ किया गया है। सभी ऑफ़र्स 18 मई 2025 तक चुनिंदा पिन कोड पर मान्य हैं। सभी विवाद केवल मुंबई में स्थित न्यायालयों के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन हैं।

## वक्फ कानून के खिलाफ नई याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार

# लोगों में नाम छपवाने की लगी होड़, नए मामले लेने से किया इनकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वक्फ कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि हर कोई अखबार में नाम चाहता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तय किया कि वह लंबित मामलों की सुनवाई 20 मई को करेगी। केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं का अंत नहीं हो रहा है। ऐसे याचिकाएं दायर नहीं की जा सकती। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्होंने 8 अप्रैल को याचिका दायर की थी। 15 अप्रैल को सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री द्वारा बताई गई खामियों को दूर कर दिया था, लेकिन उनकी याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं की गई।

**लंबित मामलों की सुनवाई 20 मई को होगी**



केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आपत्ति जताई

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि हर कोई अखबार में नाम चाहता है।

### सीजेआई गवई और न्यायमूर्ति मसीह की पीठ ने की टिप्पणी

**पीठ ने वकील की याचिका खारिज की**

सीजेआई ने कहा कि हर कोई अखबार में अपना नाम चाहता है। जब याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ ने याचिका को लंबित याचिकाओं के साथ शामिल करने का अनुरोध किया तो बेंच ने कहा कि हम इस मुद्दे पर निर्णय लेंगे। पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा कि अगर ऐसी कोई अन्य याचिका सुनवाई के लिए आएगी तो उसे खारिज कर दिया जाएगा। पीठ ने कहा कि हमारे पास पहले से ही तमाम हस्तक्षेपकर्ता हैं।

**केंद्र ने दायर किया हलफनामा**

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में 1332 पन्नों का हलफनामा दायर कर वक्फ (संशोधन) अधिनियम की वैधता के खिलाफ याचिकाओं को खारिज करने की मांग की थी। केंद्र ने अधिनियम के किसी भी प्रावधान पर रोक लगाने का विरोध करते हुए कहा कि कानून में यह स्थापित है कि संवैधानिक अदालतें किसी वैधानिक प्रावधान पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोक नहीं लगाएंगी।

**15 मई को कोर्ट ने कर दिया था स्पष्ट**

15 मई को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति मसीह की पीठ ने याचिकाओं पर सुनवाई की थी। पीठ ने कहा था कि वह 20 मई को तीन मुद्दों पर अंतरिम निर्देश पारित करने के लिए दलीलें सुनेगी। इनमें अदालतों द्वारा वक्फ, वक्फ बॉय यूजर या विलेख द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर अधिसूचित करने की शक्ति शामिल है। 17 अप्रैल को सुनवाई में शीर्ष अदालत ने कहा था कि वह केवल 5 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

**ममता सरकार को दिया अल्टीमेटम**

## कर्मचारियों को 3 महीने में दें 25 फीसदी डीए

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को राज्य सरकार के कर्मचारियों को 25 फीसदी डीए (महंगाई भत्ता) देने का निर्देश दिया है। जस्टिस संजय करोल और संदीप मेहता की पीठ ने



अंतरिम आदेश जारी करते हुए बंगाल सरकार को 3महीने के भीतर भुगतान करने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई अगस्त में तय की। यह विवाद तब शुरू हुआ जब कुछ राज्य सरकार के कर्मचारियों ने कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और बकाया सहित केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बराबर डीए देने की मांग की। मई 2022 में हाई कोर्ट ने राज्य को केंद्रीय दर पर डीए का भुगतान करने का निर्देश दिया।हालांकि, पश्चिम बंगाल सरकार ने नवंबर 2022 में अपील दायर करते हुए इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी।

## खबर संक्षेप

### नगालैंड में किसानों के लिए 380 करोड़ देंगे



**कोहिमा।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नगालैंड के कृषि क्षेत्र को बड़ा प्रोत्साहन देते हुए राज्य के किसानों के कल्याण के लिए 380 करोड़ की सहायता राशि की घोषणा की है। यह घोषणा पेरेन जिले के जलुकी स्थित पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन कॉलेज में प्रशासनिक-सह-शैक्षणिक खंड और किसान मेले के उद्घाटन पर की।

### छात्राओं से छेड़छाड़ में 'प्रोफेसर' गिरफ्तार



**देहरादून।** रूड़की में राजकीय डिग्री कॉलेज में 12 छात्राओं के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के आरोप में 55 वर्षीय एक सहायक प्रोफेसर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि शिकायत में कहा गया है कि डॉ. अब्दुल अलीम असांरी ने गुरुवार दोपहर बीएससी की प्रायोगिक परीक्षा के मौखिक परीक्षा के दौरान छात्राओं से गंदी हरकत की।

### पंजाबी म्यूजिक प्रोड्यूसर के घर पर फायरिंग




**अमृतसर।** फेमस पंजाब म्यूजिक प्रोड्यूसर पुष्पिंदर धालीवाल उर्फ पिंकी धालीवाल को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। खबर है कि गुरुवार रात को कुछ बदमाशों ने उनके घर के बाहर फायरिंग की है। घर के बाहर कुछ बदमाशों ने 6 से 7 राउंड फायर किए हैं। इसके बाद मौके से फरार हो गए।मोहाली के सेक्टर 71 स्थित घर के बाहर घटी है।

### आवारा कुत्तों से बचने तीसरे माले पहुंची गाय



**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे की पारंपरिक इमारत 'वाड़ा' के लोगों की नींद शुक्रवार सुबह उस समय शोरगुल से खुल गई, जब आवारा कुत्तों से बचने एक गाय इमारत की तीसरी मंजिल पर चढ़ गई। यह घटना रविवार पेठ इलाके के परदेसी वाड़ा में सुबह करीब 6 बजे की है। आवारा कुत्तों के पीछा किए जाने पर एक जर्सी गाय इमारत के परिसर में घुस गई। वह लकड़ी की सीढ़ी से चढ़ी।

### बुलंदशहर में 3 की मौत और 31 घायल



**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में दर्दनाक हादसा हुआ है। हादसे में 3लोगों की मौत हो गई है, जबकि 31 घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि बुलंदशहर के जहांगीराबाद थाना इलाके में गांव रौंडा के पास पंजाब के मोड़ा से हरदोई जनपद के शाहजहांपुर जा रहे डीसीएम में चालक समेत 36 मजदूर और उनके परिवारों के लोग सवार थे।

## दिल्ली में प्रमुख व्यापारी नेताओं का राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में ऐलान

# तुर्किये व अजरबैजान को पाक से 'दोस्ती की मार', आतंक समर्थकों से नहीं करेंगे व्यापार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। सम्मेलन में देशभर से आए 125 से अधिक प्रमुख व्यापारी नेताओं ने तुर्किये और अजरबैजान के साथ व्यापारिक संबंधों के पूर्ण बहिष्कार का सर्वसम्मति से ऐलान किया। कैट के महासचिव एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि यह निर्णय दोनों देशों द्वारा हाल ही में पाकिस्तान के समर्थन में दिए गए बयानों के विरोध में लिया गया है। व्यापारी नेताओं ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी ग्राउंड हैंडलिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। पाकिस्तान का साथ देने वाले तुर्किये और अजरबैजान को भारत में बहिष्कार का सामना करना पड़ रहा है। सम्मेलन में व्यापारियों ने तुर्किये व अजरबैजान से व्यापार बहिष्कार का संकल्प लिया है।

**दोनों देशों का किया जाएगा बॉयकॉट**

पहलगाम हमले के बाद व्यापारियों में फूटा **आक्रोश**

*सम्मेलन में देशभर से आए 125 से अधिक प्रमुख व्यापारी नेताओं ने व्यापारिक संबंधों का किया बहिष्कार*



**भारत विरोधी नीतियों के चलते निर्णय लिया**

सम्मेलन में सर्वसम्मति से यह ऐतिहासिक संकल्प लिया गया कि भारत का व्यापारिक समुदाय तुर्किये और अजरबैजान के साथ हर प्रकार के व्यापार एवं व्यावसायिक संबंधों का पूर्ण बहिष्कार करेगा। व्यापारियों ने कहा कि इन देशों की भारत विरोधी नीतियों के चलते यह निर्णय लिया गया है। चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मौजूद रहीं। कैट का कहना है कि जो भी देश के खिलाफ है, उसके साथ व्यापार करने का कोई सवाल ही नहीं है।

***अब दोनों देशों को अरबों-खरबों का नुकसान होगा***

खंडेलवाल ने बताया कि अप्रैल 2024 से लेकर फरवरी 2025 के अप्रैल के बीच भारत का तुर्किये से निर्यात 5.2 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जबकि 2023-24 में यह आंकड़ा 6.65 अरब अमेरिकी डॉलर था, जबकि आयात 2.84 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।

**सभी तरह के आयातनिर्यात बंद करेंगे: भरतिया**

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने बताया कि भारत से तुर्किये को रिफाइंड पेट्रोलियम, मोटर व्हीकल्स और पार्ट्स, स्टील, कैमिकल्स, दवाएं, कीमती पत्थर और वस्त्र सहित कई प्रमुख वस्तुएं निर्यात होती हैं, जबकि तुर्किये से भारत को कच्चा पेट्रोलियम, मशीनरी, मार्बल, गोल्ड, फल, प्लास्टिक और वस्त्र आयात होते हैं। भारत से अजरबैजान को तंबाकू, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, दवाएं, सिरेमिक उत्पाद, अनाज आदि निर्यात होते हैं जबकि अजरबैजान से भारत को प्रमुख रूप से खनिज तेल, केमिकल्स, कच्ची खालें, एल्यूमिनियम और कॉटन आदि आयात होते हैं।

**जीजेसी ने भी किया विरोध**

**दोनों देशों के साथ रत्न व आभूषण व्यापार बंद करें**



अखिल भारतीय रत्न व आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) ने शुक्रवार को उद्योग से 'ऑपरेशन सिंदूर' के प्रति समर्थन दिखाने के लिए तुर्किये और अजरबैजान के साथ सभी व्यापारिक लेनदेन निलंबित करने की अपील की है। जीजेसी ने एक बयान में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से यह अपील की है।

**स्वदेशी जागरण मंच ने पोस्टर फाड़े, नारेबाजी की**

### तुर्किये-अजरबैजान से व्यापार नहीं करने का ऐलान



दिल्ली में स्वदेशी जागरण मंच के नेतृत्व में तुर्किये के खिलाफ बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति एर्दोगन के पोस्टर फाड़े और तुर्की के पाकिस्तान को सैन्य समर्थन देने के खिलाफ नारेबाजी की। अब भारत ने तुर्किये के हथियारों और उत्पादों का बॉयकॉट करने का प्लान बना लिया है। स्वदेशी जागरण मंच ने भी तुर्किये के आर्थिक प्रतिबंध, उड़ान प्रतिबंध और पर्यटन बहिष्कार का आह्वान किया है। मंच ने कहा कि चीन के बाद पाकिस्तान को हथियारों की आपूर्ति करने वाले दूसरे बड़े देश तुर्किये ने पाक की युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है।

**तुर्किये ने आतंकी देश को बढ़ावा दिया**

मंच इस अपवित्र गठबंधन की कड़ी निंदा करता है। यह रक्षा सहयोग पाकिस्तान के सैन्य दुस्साहस को बढ़ावा देता है। तुर्किये का समर्थन प्रत्यक्ष मिलीभगत कहा जा सकता है। मंत ने कहा कि तुर्किये ने आतंकी देश पाकिस्तान को ब ़ावा दिया है।

**चिदंबरम का इंडी अलायंस पर बड़ा बयान**

# खत्म होने के कगार पर गठबंधन, भाजपा एकजुट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिलने और कांग्रेस के 99 सीटें मिलने के पीछे इंडिया अलायंस को बड़ा कारण माना गया। राजनीतिक विश्लेषक ही नहीं कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने भी माना कि पार्टी को गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने से फायदा हुआ है। अब कांग्रेस बिहार में भी सहयोगी की भूमिका के लिए तैयार है और आरजेडी बड़े रोल में है।

भले ही इंडिया गठबंधन की एकजुटता का दावा कांग्रेस और विपक्षी दल कर रहे हों, लेकिन खुद कांग्रेस इससे इत्तफाक रखते नजर नहीं रखती। पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस के राज्यसभा सांसद पी चिदंबरम ने इस बड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि मैं खुद निश्चित तौर पर नहीं कह सकता हूं कि इंडिया अलायंस का भविष्य बहुत उज्ज्वल नजर नहीं आ रहा है। यह बयान भाजपा के लिए निशाना साधने का एक और अवसर जरूर बन गया है।

**इंडी में बिखराव संभव**

चिदंबरम के बयान के पीछे के समीकरणों और अवसरों को टटोला जाए, तो बात काफी हद तक ठीक भी लगती है। इस साल बिहार में आरजेडी और कांग्रेस साथ मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। चिदंबरम ने इंडिया अलायंस में मुद्दों पर सहमति नहीं बनने और बिखराव को लेकर अहम बात कही है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन एक बहुत मजबूत मशीनरी के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है। मेरा अपना अनुभव और इतिहास के अपने अध्ययन के आधार पर कह सकता हूं कि भाजपा जितना संगठन के तौर पर मजबूत कोई और राजनीतिक दल नहीं है। यह एक मशीन के पीछे दूसरी मशीन है और यही दोनों मशीनें भारत की सभी सांस्थानिक मशीनरी को नियंत्रित करती हैं।

**तमिलनाडु, बंगाल में गठबंधन असंभव**

बंगाल में ममता बेनर्जी किसी भी सूरत में इंडिया गठबंधन के साथ समझौता करने के मूड में नहीं हैं। भाजपा की संगठनात्मक क्षमता में पिछले डेढ़ दशक में जबरदस्त उभार देखने को मिला है। पार्टी ने बंगाल और तमिलनाडु में भी अपना सक्रिय संगठन बनाया है। संगठन के साथ ही जीतने वाले कैंडिडेट को अपने दल में शामिल करना हो या फिर सहयोगियों से गठबंधन करना हो, पार्टी हाई कमान तत्परता से फैसले लेती है। तमिलनाडु में एआईएडीएमके और बीजेपी का गठबंधन हो चुका है और बंगाल में तूफानी प्रचार का दौर जारी है। बंगाल में दीदी को मनाना टेढ़ी खीर है।

**सुप्रीम कोर्ट ने पलटा कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला**

हाइकोर्ट ने मुंबई के पक्ष में सुनाया था फैसला

## अदालत ने इस्कॉन सोसाइटी को ही दिया 'हरे कृष्ण मंदिर'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को माना कि बेंगलुरू में हरे कृष्ण मंदिर शहर में इस्कॉन सोसाइटी का है। शीर्ष अदालत ने इस्कॉन बेंगलुरु की याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें बेंगलुरू में प्रतिष्ठित हरे कृष्ण मंदिर और शैक्षणिक परिसर पर नियंत्रण के लिए इस्कॉन मुंबई के पक्ष में फैसला सुनाया गया था। ये फैसला न्यायमूर्ति एएस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सुनाया।

**करीब डेढ़ दशक तक चला कानूनी दांव-पेंच**



इस्कॉन बेंगलुरु ने 23 मई, 2011 के उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए 2 जून, 2011 को शीर्ष अदालत का रुख किया था। याचिका में इस्कॉन बेंगलुरु, जिसका प्रतिनिधित्व इसके पदाधिकारी कोडंडाराम दास ने किया, ने उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी, जिसने बेंगलुरु की अदालत के 2009 के आदेश को पलट दिया।

**पहले बेंगलुरु फिर मुंबई के पक्ष में आया फैसला**

इससे पहले ट्रायल कोर्ट ने इस्कॉन बेंगलुरु के पक्ष में फैसला सुनाया था, जिसमें इसके कानूनी शीर्षक को मान्यता दी गई थी और इस्कॉन मुंबई के खिलाफ स्थायी निषेधाज्ञा दी गई थी। हालांकि, उच्च न्यायालय ने इस फैसले को पलट दिया और इस्कॉन मुंबई के प्रतिवाद को बरकरार रखा, जिससे उन्हें प्रभावी रूप से मंदिर पर नियंत्रण मिल गया।

शाह ने किया नए मल्टी एजेंसी सेंटर का उद्घाटन

## आतंकवाद के खिलाफ भारत का सुरक्षा तंत्र काफी मजबूत, पाक को कर दिया तबाह

### अब भारत आतंकियों को माकूल जवाब देने के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दिल्ली में नए मल्टी एजेंसी सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शाह ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और तेज कर दी है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकाने तबाह किए। इस वजह से भारत और पाकिस्तान की सेनाएं भी आमने-सामने आ गईं, लेकिन भारत इसके लिए तैयार था। अब पाकिस्तान के साथ सीजफायर होने के बाद भारत सरकार और सुरक्षा एजेंसियां आतंकवाद के खिलाफ सुरक्षा तंत्र और मजबूत करने में जुट गई हैं। मल्टी एजेंसी सेंटर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अहम योगदान देते हैं।



**पीएम मोदी और भारतीय सेना की तारीफ की**

शाह ने नई दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक में उद्घाटन के अवसर पर गृह मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पीएम मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, सूचना एजेंसियों की सटीक सूचना और हमारी तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अद्वितीय प्रतीक है। यहां मल्टी एजेंसी सेंटर एक साझा आतंकवाद-रोधी ग्रिड है।

**भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा**

पहलगाम में आतंकियों ने निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। इससे बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर कई हवाई हमले किए और भारतीय डिफेंस सिस्टम ने इन हमलों को रोकने के साथ ही पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। कई एयरबेस तबाह होने के बाद पाकिस्तान ने सीजफायर की बात रखी और दोनों देशों की बीच समझौता हो गया।

**मौसम विभाग (आईएमडी) ने जारी किया पूर्वानुमान**

# उत्तर प्रदेश के 13 जिलों में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट

**लखनऊ ,गाजियाबाद, प्रयागराज, वाराणसी, और बलिया होंगे प्रभावित**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के कई जिलों में इस समय भीषण गर्मी और लू का कहर जारी है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में तापमान तेजी से बढ़ता जा रहा है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने राज्य के 13 जिलों में हीटवेव को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जो अगले 48 घंटों तक और अधिक गंभीर हो सकता है। इसके कुछ दिनों बाद थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। राजधानी लखनऊ के साथ-साथ गाजियाबाद, प्रयागराज, वाराणसी, मऊ, बलिया, कौशांबी, जौनपुर, आजमगढ़, भदोही, गोरखपुर, चंदौली और सोनभद्र जिलों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो सकता है। दिन में धूप की तीव्रता और लू के थपेड़े लोगों को भारी पड़ेंगे।

**45 डिग्री सेल्सियस या ज्यादा होगा तापमान**



हीटवेव ऐसी स्थिति होती है जब किसी क्षेत्र का तापमान सामान्य औसत से काफी अधिक हो जाता है।उत्तर भारत में जब तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर पहुंच जाए तो इसे हीटवेव की स्थिति माना जाता है।अगर रात का तापमान भी सामान्य से अधिक रहता है, तो यह स्थिति और गंभीर मानी जाती है।

**लोग सतर्क और सुरक्षित रहें**

विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर न निकलें, जब तक कि बहुत जरूरी न हो। यदि बाहर जाना अनिवार्य हो तो सिर को ढंककर रखें, पानी अधिक पिएं, हल्के और सूती कपड़े पहनें। उत्तर प्रदेश में पिछले एक सप्ताह से तापमान सामान्य से 5-6 डिग्री अधिक चल रहा है.ऐसे में आने वाले 2 दिनों तक हालात और गंभीर हो सकते हैं।

**सुपरफास्ट आगे बढ़ रहा मानसून**

**केरल में 22 के आसपास देगा दस्तक**

मौसम विभाग ने बताया कि केरल में मानसून 22 से लेकर 28 मई के बीच दस्तक दे सकता है। पूर्वानुमान यही है कि केरल में 25 से लेकर 27 मई के बीच अच्छी खासी बारिश संभावित है। लेकिन खुशखबरी सिर्फ केरल के लिए ही नहीं है बल्कि देश के सुदूर नॉर्थ ईस्ट के राज्यों के लिए भी है। भारतीय मौसम विभाग की मानें तो नॉर्थ ईस्ट के 7 राज्यों में से कुछ में समय से काफी पहले यानी 28 मई तक मानसून की आमद हो सकती है।

दिल्ली उच्च न्यायालय का फैसला

## 'रोडरेज' मामले में वकील की अग्रिम जमानत खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने 'रोड रेज' के एक मामले में एक वकील को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थान पर 'दिनदहाड़े हिंसा' के लिए राहत देने से समाज में यह 'गलत संकेत' जाएगा कि हमलावर अपने पेशे के कारण आजाद घूम रहा है। न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया ने कहा कि कानून की नजर में सभी समान हैं और गिरफ्तारी से पहले जमानत देने से वकालत के नेक पेशे की छवि खराब होगी। न्यायालय ने कहा कि सार्वजनिक स्थान पर दिनदहाड़े हिंसा के मामले में अग्रिम जमानत देने से समाज में गलत संकेत जाएगा कि हमलावर ने कानून को अपने हाथ में लिया और सिर्फ इसलिए आजाद घूम रहा है क्योंकि वह एक वकील है। आरोपी और उसके भाई ने फरवरी में दोपहिया वाहन से देवली रोड जा रहे एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर पर हमला किया था।





# पूरा देश, हमारी सेना और सैनिकों के चरणों में नत मस्तक: उप मुख्यमंत्री

## सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स के प्रशिक्षण में गूंजे भारत माता और सैनिकों की जय के नारे

**जबलपुर।** घण्टा घर के समीप स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कल्चरल एंड इन्फर्मेशन सेंटर भारत माता की जय, वंदे मातरम और भारत के सैनिकों की जय घोष से कई बार गूंजा। यहां आज सुबह सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने किया। देवड़ा ने भी अपने संबोधन में भारत माता की जय और भारत के सैनिकों की जय के नारे लगाए। उप मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण में शामिल युवाओं को अपने संबोधित करते हुये आपदा की स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा करने का उनके द्वारा लिये गये संकल्प को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि युवाओं का यह संकल्प औरों को भी प्रेरणा देगा। देवड़ा ने युवाओं से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आसपास के लोगों को भी आपदा में बचाव का प्रशिक्षण देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सिविल डिफेंस से सबंधित बातें प्राइमरी स्कूल से बच्चों को सिखाई जानी चाहिये।उप मुख्यमंत्री ने पहलगाम की घटना का जिक्र करते हुये कहा कि आतंकवादियों की इस कायराना हरकत को लेकर लोंगों के मन में बहुत क्रोध था। घटना के दिन से ही देश का हर नागरिक चाहता था कि उन आतंकवादियों से जिन्होंने हमारी बहन बेटियों का सिंदूर मिटाने का काम किया है और जो आतंकवादियों को पाल पोस रहे हैं उनसे बदला लिया जाये और उन्हें नेस्तनाबूत किया जाये।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पहलगाम की घटना का देश की सेना ने जिस तरह बदला लिया है, आज पूरा देश हमारी सेना और हमारे सैनिकों के चरणों में नत मस्तक है। देवड़ा ने कहा कि हमारी सेना ने आतंकवादियों और उन्हें पालने पोसने वालों को जो जबाब दिया है जिसकी जितनी सराहना की जाये उतनी कम है। उप मुख्यमंत्री ने पहलगाम की घटना का बदला लेने की देश वासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी धन्यवाद दिया।उप मुख्यमंत्री ने सिविल वॉलिंटियर्स के प्रशिक्षण के आयोजन के लिये जिला प्रशासन की सराहना करते हुये इसे अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा की सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स का यह प्रदेश का पहला ऐसा प्रशिक्षण है जिसका हर जिले को अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण प्रदेश भर में हर जगह हों इसके प्रयास होंगे। देवड़ा ने सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण देने की शुरुआत स्कूलों से ही करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इसके लिये आग्रह करेंगे। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स को अपने संबोधन की शुरुआत भारत माता की जय के और संबोधन का समापन भारत के सैनिकों की जय के उद्घोष के साथ किया।

प्रशिक्षण को जबलपुर उत्तर क्षेत्र के विधायक डॉ अभिलाष पांडे ने भी संबोधित किया। प्रशिक्षण के शुभारंभ के कार्यक्रम में सिविल डिफेन्स प्रशिक्षण पुस्तिका का विमोचन किया गया तथा अतिथियों द्वारा वॉलिंटियर्स को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये। कार्यक्रम में विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील कुमार तिवारी इंदु एवं नीरज सिंह, भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजपा के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर एवं ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, नगर निगम अध्यक्ष रिंकुंज विज, कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आंनद कलादगी, जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत, डिविजनल कमांडेंट होमगार्ड आशीष खरे भी मौजूद थे।

# शब्दों में मामूली फेरबदल से बयान विवादों के घेरे में!

## प्रभारी मंत्री पर सेना के अपमान का आरोप

**जबलपुर। शुक्रवार को जबलपुर स्थित कल्चरल इन्फॉर्मेशन सेंटर में आयोजित सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स प्रशिक्षण सत्र के उद्घाटन अवसर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के भाषण में दिया गया एक बयान अब विवादों के घेरे में आ गया है। मंच से दिए गए उनके शब्दों को लेकर सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।**

डिप्टी सीएम देवड़ा ने अपने भाषण में 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री की सराहना की और इसी दौरान उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहेंगे... और पूरा देश, देश की वो सेना, वो सैनिक उनके चरणों में नतमस्तक है। उनके चरणों में पूरा देश नतमस्तक है। उन्होंने जो जवाब दिया है, उसकी जितनी सराहना की जाए, जितना कहा जाए कम है, एक बार उनके लिए जोरदार तालियां बजाकर स्वागत करिए। यह कथन भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही आग की तरह फैल गया। कई लोगों ने इसे लोकतंत्र की भावना के खिलाफ बताते हुए कहा कि सेना देश की होती है, किसी एक व्यक्ति या पद के चरणों में नतमस्तक होना उसकी गरिमा का अपमान है।लेकिन जब भाषण का पूरा हिस्सा प्रसारित किया गया तो यह बात स्पष्ट हुई की श्री देवड़ा के कथन को गलत तरह से प्रस्तुत किया गया है। बोलते बोलते शब्दों के चयन और क्रम में फर्क आने से अर्थ अलग दिखाई दे रहे हैं। वहीं पूरे भाषण को सुनने पर यह ज्ञात हो रहा है की प्रभारी मंत्री का आशय था पूरा देश, देश की सेना के चरणों में नतमत्सक हैं और प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद देना चाहेंगे. हालांकी जब तक बात साफ हो पाती उनके भाषण का अंश पूरी तरह वायरल हो चुका था और कई राष्ट्रीय चैनलों की सुर्खियां बन चुका था।

### जिला प्रशासन ने जारी किया बयान

जिला प्रशासन की तरफ से प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा के बयान पर मचे बवाल पर सफाई जारी की गई. जिला प्रशासन का कहना है, प्रभारी मंत्री के भाषण से कुछ अंश निकालकर गलत तरीके प्रसारित और प्रचारित किया गया है. प्रभारी मंत्री द्वारा कहा गया था की देश सेना और सैनिकों के चरणों में पूरा देश नतमत्सक है. लेकिन बयान को तोड़मरोड़ कर प्रसारित करते हुये यह दिखाया गया की पूरा देश और सेना पीएम के चरणों में नतमत्सक है।

### कांग्रेस आज सौंपेगी आरएसएस को प्रार्थना पत्र

नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा, भारतीय सेना की गरिमा और वीरता पर टिप्पणी करना न केवल राष्ट्र विरोधी कृत्य है, बल्कि यह देश की सुरक्षा, आत्मसम्मान और बेटियों के योगदान का भी अपमान है। मध्य प्रदेश सरकार के दो मंत्रियों — उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और मंत्री विजय शाह — द्वारा दिए गए बयानों ने देश की सेना और बेटियों का मान गिराने का प्रयास किया है। कांग्रेस ने इस बयान की निंदा की है।इसी विषय पर शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी आज शाम 5:00 बजे गौ माता चौक, राइट टाउन से केशव कुटी तक विरोध मार्च करेगी और वहां आरएसएस प्रमुख (जबलपुर) को एक सशक्त प्रार्थना पत्र सौंपेगी।प्रार्थना पत्र के माध्यम से माँग की जाएगी कि आरएसएस सार्वजनिक रूप से इन बयानों की निंदा करे और प्रधानमंत्री पर दवाब बनाए कि ऐसे राष्ट्रविरोधी बयान देने वाले मंत्रियों को तत्काल बर्खास्त किया जाए।

# 7 साल पहले स्वीकृत फ्लाईओवर का प्रारंभ नहीं हुआ निर्माण कार्य

## हाई कोर्ट ने कांग्रेस विधायक की याचिका पर नोटिस जारी कर मांगा जवाब



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर में आंबेडकर चौक से अब्दुल हमीद चौक तक सात साल पूर्व स्वीकृत फ्लाईओवर का निर्माण कार्य प्रारंभ न होने के रवैये को चुनौती संबंधी जनहित याचिका पर जवाब-तलब किया है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग, शहरी विकास विभाग, जिला कलेक्टर सहित पीडब्ल्यूडी के अन्य अधिकारियों को नोटिस जारी किए हैं। मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जनहित याचिका का विरोध करते हुए कहा गया कि जनहित याचिका राजनीति से प्रेरित है।

पूर्व क्षेत्र के कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया की ओर से याचिका प्रस्तुत कर कोर्ट को बताया गया कि सात साल पूर्व स्वीकृत फ्लाईओवर का निर्माण कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है। यातायात का अत्यधिक दबाव होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। साल 2019 में फ्लाई ओवर की लम्बाई 3.2 किलोमीटर निर्धारित थी और उसकी लागत लगभग 186 करोड़ रुपये थी। साल 2022 में फ्लाईओवर की लागत में बढ़ोत्तरी हो गई। साल 2024 में सर्वे के बाद फ्लाई ओवर की लम्बाई को बढ़ाकर 5.1 किलोमीटर कर दिया गया और उसकी लागत में लगभग तीन गुना बढ़ोत्तरी हो गई। यातायात का दबाव होने के कारण इस मार्ग में अक्सर जाम लगा रहता है। जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### पहली बार होगी सहकारी समितियों की प्रदर्शन के आधार पर ग्रेडिंग

**जबलपुर।** प्रदेश में पहली बार सहकारी समितियों की प्रदर्शन के आधार पर ग्रेडिंग होगी। इसके लिए समितियों की वित्तीय स्थिति, प्रबंधन की पारदर्शिता, सेवाओं की गुणवत्ता, लाभांश वितरण और सदस्यों को दी जा रही सुविधाओं को आधार बनाया जाएगा। इससे समितियों की कार्यप्रणाली, पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन, सदस्य संतुष्टि और नवाचार की क्षमताओं का मूल्यांकन होगा। प्रदेश में 4500 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां हैं, जिनसे 58 लाख से अधिक किसान व अन्य सदस्य जुड़े हैं।घाटे में होने के कारण किसानों को खाद देने के लिए राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) से साख पर खाद नहीं मिलती और फिर सरकार को मजबूरी में नकद वितरण की व्यवस्था बनानी पड़ती है। यही स्थिति उपार्जन और खाद्यान्न वितरण को लेकर भी बनती है। इसे देखते हुए सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने निर्देश दिए हैं कि सभी समितियों की ग्रेडिंग की जाए।

# मांग : पत्रकार कानून सहित पांच सूत्रीय मांगों का हो निराकरण

## राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ने उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** पत्र पत्रकार और पत्रकारिता के हित में सदैव क्रियाशील रहने वाले राष्ट्रीय स्तर पर पत्रकारों के संगठन राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ने अनेक महत्वपूर्ण कार्य को अंजाम तक पहुंचाने हेतु पत्रकार हित में प्रदेश सरकार महत्वपूर्ण निर्णय लें। इस कार्य हेतु गत दिवस उप मुख्यमंत्री मप्र शासन एवं प्रभारी मंत्री जबलपुर जगदीश देवड़ा को पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने हेतु एवं पत्रकारों की कुछ विभिन्न मांगों के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने मध्य प्रदेश में आए दिन पत्रकारों पर हो रहे हमले और अत्याचार पर अंकुश लगाने एवं पत्रकारों की सुरक्षा के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने हेतु उपमुख्यमंत्री के माध्यम से प्रदेश सरकार से मांग कि पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए और उनकी सुरक्षा के लिए कानून बनाए जाने हेतु प्रदेश सरकार ठोस एवं सार्थक कदम उठाये जिससे पत्रकारों पर हो रहे अत्याचारों पर अंकुश लग सके। पूर्व में भी श्रमजीवी पत्रकार परिषद ने प्रदेश सरकार से इस हेतु मांग की थी और तात्कालिक मुख्यमंत्री ने भी शीघ्र पत्रकारों के लिए सुरक्षा कानून बनाने की सहमति जताई थी, परंतु आज दिनांक तक उस पर कोई विशेष अमल नहीं हुआ उसे पर शीघ्र अमल हो साथ हीपत्रकार प्रोटेक्शन कानून शीघ्र बनाने, अधिमान्यता में आ रही विभिन्न दिक्कतों को उसके नियम को शिथिल किए जाने, पत्रकार सम्मान निधि जो कि वर्तमान में 20000 है इसमें बढ़ोतरी करने और उसमें जो नियम अभी लागू है कि कम से कम 10 वर्ष की अधिमान्यता की जो उसमें शर्त है जोड़ी गई है उसको 5 वर्ष करने, पिछले 9 वर्षों से राज्य स्तरीय पत्रकारिता पुरस्कार दिए जाते थे वह बंद है उसको पुनः घोषित किया जाए, बीमार पत्रकारों को अतिरिक्त सहायता सुविधा उपलब्ध कराने एवं तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने, जो गैर अधिमान्य पत्रकार हैं उनकी अकस्मात मृत्यु होने पर उनके परिवार को एक मुश्त आर्थिक सहयोग राशि दिए जाने, अधिमान्यता कार्ड धारी को रेल यात्रा में छूट पुनः शुरू करने सहित करीब 5 सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम ज्ञापन उपमुख्यमंत्री को सौंपा गया जिसको लेकर उन्होंने पत्रकारों को आश्वासन दिया की वह शीघ्र ही मुख्यमंत्री से चर्चा कर उनकी मांगों के निराकरण करने की दिशा में सार्थक और ठोस प्रयास जल्दी ही करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत वाजपेई, प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे, प्रदेश महासचिव विलोक पाठक, प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया ,प्रदेश प्रवक्ता उमेश शुक्ला,जबलपुर संभागीय अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, जबलपुर जिला अध्यक्ष सिमरन सिंह शुक्ला, पत्रकार ग्रह निर्माण समिति के अध्यक्ष सुरेश कामले, शिव चौरसिया सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एल्गिन व विक्टोरिया हॉस्पिटल का किया औचक निरीक्षण

# जननी सुरक्षा योजना के लंबित प्रकरणों में त्वरित भुगतान करें: संभागायुक्त



**जबलपुर।** नवागत संभागायुक्त जबलपुर संभाग धनंजय सिंह भदौरिया द्वारा चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सेवायें आमजन को तत्परता तथा गुणवत्ता पूर्वक प्राप्त हो सके, इसके लिए रानी दुर्गावती हास्पिटल (एल्गिन) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसएनसीयू, एनआरसी और ओपीडी तथा जनरल वार्ड आदि का निरीक्षण किया गया तथा मरीजों से चर्चा की गई। जननी सुरक्षा योजना के लंबित प्रकरणों में त्वरित भुगतान के निर्देश दिये गये। एसएनसीयू वार्ड में भर्ती हुये बच्चों के स्वास्थ्य सुधार के फॉलोअप करने तथा सतत मॉनीटरिंग करने के निर्देश गये।संस्थागत प्रसव तथा जननी सुरक्षा योजना के संबंध में विभागीय गाईड लाईन का अनुपालन किया जावे। पोषण पुर्नवास केन्द्र (एनआरसी) में दाखिल बच्चों के पोषण व स्वास्थ्य की समीक्षा की गई। बच्चों के बेहतर पोषण एवं स्वास्थ्य हेतु महिला बाल विकास विभाग के अमले के साथ बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये गये।सेंठ गोविन्द दास चिकित्सालय (विक्टोरिया) का भी निरीक्षण किया गया। शिशु वार्ड तथा वृद्धजन वार्ड का निरीक्षण कर मरीजों के उपचार की व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

## कलेक्टर्स के साथ समीक्षा बैठक




**जबलपुर।** नवागत संभागायुक्त धनंजय सिंह भदौरिया ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग के सभी कलेक्टर्स से वीसी के माध्यम से बैठक की। इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से सीएम हेल्पलाईन, ई-ऑफिस, रबी उपार्जन और जल गंगा संवर्धन की प्रगति पर चर्चा की। जिसमें सभी कलेक्टर्स ने अपने-अपने जिले में इस दिशा में किये जा रहे प्रगति मूलक कार्यों के बारे में जानकारी दी।साथ ही नरसिंहपुर कलेक्टर ने 26, 27 व 28 मई को नरसिंहपुर में होने वाले कृषि समागम मेला की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। दिनांक 20 एवं 21 मई को वनाधिकार अधिनियम के संबंध में आयोजित कार्यशाला के संबंध में भी बैठक में चर्चा की गई।

# रादुविवि सहित अन्य विश्वविद्यालयों में कृषि पाठ्यक्रमों के खिलाफ सुनवाई जबलपुर में होगी

## हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठका आदेश

**हरिभूमि, जबलपुर।**



कृषि अनुसंधान परिषद (आय सीएआर) के अनुमति बगैर ही रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में शुरु किए गए, कृषि पाठ्यक्रमों के खिलाफ डॉ. पीजी नाजपांडे द्वारा दायर जनहित याचिका पर मप्र हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमारा कैत तथा न्यायमूर्ति विवेक जैन ने हाईकोर्ट रजिस्ट्री के निर्देश दिए हैं कि इंदौर खंडपीठ में दायर याचिका को जबलपुर में बुलाकर दोनों की सुनवाई एक साथ हो, दोनों याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई 16 जून से होगी। इसके पूर्व में याचिकाकर्ता की ओर से एड. सुरेंद्र वर्मा ने दो दस्तावेज प्रस्तुत किए थे, जिसमें एक में सूचना के अधिकार के तहत स्वयं रादुविवि ने जानकारी दी है कि विवि में कृषि या पशु विभाग नहीं है। दूसरा दस्तावेज यह प्रस्तुत किया था, जिसमें निर्देश है कि कृषि संबंधी कोई भी कार्य केवल कृषि विभाग ही करेगा। हाईकोर्ट ने दोनों दस्तावेजों पर रादुविवि तथा शासन से जवाब मांगा। अनावेदकों ने जवाब प्रस्तुत करने हेतु समय मांगा है। हाईकोर्ट सभी पक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने लिखित प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

गुरु ग्रह किसी भी राशि में करीब 12 से 13 महीने संचार करते हैं

# 12 माह बाद देवताओं के गुरु बृहस्पति ने वृषभ राशि से निकलकर मिथुन राशि में किया प्रवेश, कई राशियों के जातकों पर पड़ेगा असर

हरिभूमि, जबलपुर



सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह बृहस्पति जोकि अभी वृषभ राशि में विराजमान थे। अब राशि परिवर्तन कर मिथुन राशि में प्रवेश कर लिया है। इसका असर भी विभिन्न राशियों के जातकों पर देखने को मिलेगा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित शिवशंकर तिवारी ने बताया कि गुरु ग्रह किसी राशि में करीब 12-13 महीने संचार करते हैं। इस बार गुरु अतिचारी हुए है। जो सामान्य से अधिक गति से चलेंगे और तीन बार अपनी राशि बदलेंगे। ऐसा गुरु के अतिचारी और वक्री होने की वजह से हुआ।

इस साल का यह दूसरा सबसे महत्वपूर्ण गोचर है। बुधवार 14 मई को रात 11 बजकर 20 मिनट पर बृहस्पति वृषभ राशि से मिथुन राशि में प्रवेश कर लिया। पंडित शिवशंकर तिवारी ने बताया कि 19 अक्टूबर को गुरु कर्क में प्रवेश कर लेंगे। कर्क राशि में ही यह ग्रह 12 नवंबर से वक्री हो जाएगा। वक्री रहते हुए ही यह ग्रह 3 दिसंबर को राशि बदलकर मिथुन में आ जाएंगे। इस तरह से गुरु इस साल तीन बार राशि बदलेंगे।

### इन राशि वालों जातकों पर पड़ेगा प्रभाव

**मेष**- गुरु लाभकारी रहेगा। शुरुआती असफलताओं के बाद सफलता मिलेगी।
**वृष**- गुरु अनुकूल रहेगा। बेहतर स्थितियां रहेंगी।
**मिथुन**- वैवाहिक सुख मिलेगा, साझेदारी के कारोबार से फायदा होगा।
**कर्क**- दोपहर में जन्मे हैं, उनके लिए गुरु सुखद फल देने वाला रह सकता है। इनके अटके हुए काम पूरे होंगे।
**सिंह**- गुरु लाभकारी रहेगा। अप्रत्याशित सफलताएं मिलेंगी।
**कन्या**- गुरु व्यापार में लाभ और उन्नति दिलाएगा।
**तुला**- स्वास्थ्य में गुरु सुधार लाएगा और अटका हुआ धन वापस मिलेगा।
**वृश्चिक**- गुरु खर्च बढ़ाएगा। व्यापार में अच्छी स्थिति रहेगी।
**धनु**- गुरु ग्रह नौकरी और व्यापार में प्रतिष्ठा के साथ धन भी दिलाएगा।
**मकर**- गुरु की वजह से दूसरों के प्रति रवैया सख्त हो सकता है।
**कुंभ**- योजना के अनुसार काम होने से आप प्रसन्न रहेंगे। कार्यस्थल पर मान-सम्मान बढ़ेगा।
**मीन**- अजनबियों पर भरोसा न करें, वर्ना हानि हो सकती है।




# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

हरिभूमि जबलपुर।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर 16 मई सुबह स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा एवं जिला मलेरिया अधिकारी अजय कुरील हरी झंडी दिखाकर गुलौआ चौक गढा से रवाना किया गया। जागरूकता रैली इस वर्ष डेंगू प्रभावित क्षेत्र गुलौआ चौक से गौतम जी की मढिया, कुम्हार मुहल्ला, इंदिरा गांधी वार्ड, बीटी तिराहा से होते हुए वापिस गुलौआ चौक पहुंची जहां इसका समापन हुआ।

रैली में प्रचार वाहन एवं बैनर के माध्यम से तथा पंपलेट वितरण कर लोगों को डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव के लिए जागरूक किया गया। रैली के बाद जिला चिकित्सालय परिसर के मीटिंग हाल में अंर्तविभागीय कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। कार्यशाला के प्रतिभागियों को जिला मलेरिया अधिकारी अजय कुरील ने अपने कार्यक्षेत्र एवं घर के आसपास डेंगू से बचाव के उपाय करने की यह शपथ दिलाई। कार्यशाला में सहायक मलेरिया अधिकारी श्रीमती सुमन कोल, कोर्डिनेटर एम्बेड परियोजना भरत यादव, अनिल उसरेठे, इंद्रजीत मिश्रा, योगेश कपूर, नवीन यादव, ब्रजेश मिश्रा, सुशील गर्ग, रामबिहारी पटेल, आलोक अग्निहोत्री , टोनी एम्ब्रोस, एम एम अंसारी, कमलेश पटेल, महेन्द्र चौधरी , सी एन शुक्ला अंकित चौरसिया आदि उपस्थित थे।

## कॉलेज की समस्याओं को लेकर प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा को सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर स्नातकोत्तर अग्रवाल महाविद्यालय की भूमि का खसरे में स्वामित्व दर्ज कराने सहित कालेज के विकास से संबंधित एंव समस्याओं को लेकर उप मुख्यमंत्री एंव जबलपुर के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा को



सांसद आशीष दुबे,विधायक संतोष बरकडे,भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल,नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर,पूर्व विधायक नंदनी मरावी के साथ कालेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राजा मोर ने समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि जिस भूमि पर कन्या छात्रावास निर्मित है एंव उक्त भूमि को दानदाता श्यामसुंदर अग्रवाल ने कालेज को दान कर दिया है लेकिन रिकार्ड में उन्हीं का नाम अभी दिख रहा है अतः महाविद्यालय के द्वारा प्रयुक्त की जा रही उक्त भूमि का स्वामित्व राजस्व रिकार्ड में शासकीय श्याम सुंदर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नाम किया जाये जिससे कालेज की भूमि को सुरक्षित की जाये। इस अवसर पर माधव मिश्रा,शिशिर पांडे,अनुपम सराफ,पुष्पराज सिंह बघेल,अंकित तिवारी,राजमणि बघेल,अंनत नौगरहिया,के के दुबे,पवन गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## ब्लाक कांग्रेस सिहोरा ने फूंका मंत्री शाह का पुतला



**सिहोरा।** देश की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के विरुद्ध मध्य सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में इस्तीफा की मांग को लेकर बिहारी पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के संयोजन में मंत्री शाह का बस स्टैंड में पुतला दहन किया गया जिसमें कांग्रेस पार्टी के एडवोकेट सुबोध पांडे,तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविदीप सिंह,जितेंद्र श्रीवास्तव,बाबा कुरैशी,अमोल चौरसिया, घनश्याम बडगैया, पार्षद रमेश पटेल, राजेश पटेल, आलोक पांडे, गणेश दाहिया, मंसूर मंसूरी, लाल बहादुर पाठक, शिवकुमार पांडे, संतोष पांडे, के,के कुररिया, फैज आलम शाह, शेख साबिर, शंकर वंशकार , रामलोचन गोटिया, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## समर कैंप में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को मिले पुरस्कार



**सिहोरा।** संदीपनी पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में समर कैंप के समापन पर इसमें हिस्सा लेकर प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह सहित अन्य पुरस्कार प्रदान किए गये।समापन समारोह का आयोजन संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य,रीता शुक्ला पार्षद,अरविंद धुर्वे सहाय संचालक शिक्षा सिहोरा,रत्नेश शर्मा प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय सिंगौद के विशिष्ट आतिथ्य एंव अशोक उपाध्याय प्राचार्य की अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्य ने समर कैंप के प्रतिवेदन का विस्तृत वाचन किया। तथा बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अतिथियों ने प्रशिक्षक के रुप में कार्य कर रहीं सुधा उपाध्याय,अशोक राय,वर्षा साहू को सम्मानित किया गया। आर्ट एंड क्राफ्ट,खेल कूद, योग गतिविधियों में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रतीक चिन्ह एंव प्रमाण पत्र देकर एंव सुरक्षा गार्ड, सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

कैट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में लिया गया निर्णय

# तुर्की और अज़रबैजान का व्यवसायिक बहिष्कार

हरिभूमि जबलपुर।

भारत पाक के तनाव के बीच तुर्की के द्वारा पाकिस्तान का समर्थन किए जाने से नाराज हर देशवासी अब तुर्की के प्रोडेक्ट का बहिष्कार कर रहे है। देश की राजधानी दिल्ली में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में देशभर से आए 125 से अधिक शीर्ष व्यापारिक नेताओं ने सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया कि भारत का व्यापारिक समुदाय तुर्की और अज़रबैजान के साथ हर प्रकार के व्यापार एवं व्यावसायिक संबंधों का पूर्ण बहिष्कार करेगा, जिसमें यात्रा और पर्यटन भी शामिल है।

व्यापारिक समुदाय ने भारतीय फिल्म उद्योग से भी अपील की है कि वे तुर्की और अज़रबैजान में किसी भी प्रकार की फिल्म की शूटिंग न करें, और यदि कोई फिल्म वहाँ शूट होती है, तो व्यापार जगत और आम जनता ऐसे फिल्मों का बहिष्कार करेगी। सम्मेलन में यह भी निर्णय लिया गया कि कोई भी कॉरपोरेट हाउस तुर्की और अज़रबैजान में अपने उत्पादों के प्रमोशन की शूटिंग नहीं करेगा। इस सम्मेलन में देश के 24 राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

सभा को संबोधित करते हुए कैट के महासचिव एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा-

"यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि तुर्की और अज़रबैजान, जिन्होंने भारत की सद्भावना, सहायता और रणनीतिक समर्थन का लाभ उठाया, आज पाकिस्तान का साथ दे रहे हैं — जो विश्व स्तर पर आतंकवाद के समर्थन के लिए जाना जाता है। उनका यह रुख भारत की संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों पर आघात है और साथ ही 140 करोड़ भारतीयों की भावनाओं का भी अपमान है।"

सम्मेलन में यह भी कहा गया कि तुर्की द्वारा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बार-बार भारत विरोधी बयान देना और पाकिस्तान की बात का समर्थन करना अस्वीकार्य है, जबकि अज़रबैजान का तुर्की के साथ खड़ा होना और पाकिस्तान के पक्ष में सार्वजनिक बयान देना भारत की दोस्ती और सहयोग के प्रति अनादर दर्शाता है।

# ठेकेदार ने बंद कर दिया हाकर्स जोन का काम, व्यापारी परेशान

**जबलपुर।** अधारताल हॉकर्स जोन व्यापारी संघ की मांग पर नगर निगम प्रशासन के द्वारा अधारताल हाकर्स जोन के निवनिर्माण कार्य के लिए अधारताल हाकर्स जोन व्यापारी संघ के संरक्षक चमन पासी के प्रयास से प्रशासन के द्वारा (नगर निगम चुनाव के पूर्व) 21 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी जिसके तहत ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य को बंद कर दिया गया है। जिससे हाकर्स जोन में व्यापार करने वालें व्यापारी बेहद पीड़ित है क्योंकि कुछ ही दिनों के पश्चात बरसात का मौसम प्रारंभ होने जा रहा है। जिससे व्यापारियों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अधारताल हाकर्स जोन व्यापारी संघ के द्वारा नगर निगम अधारताल जोन के संभागीय अधिकारी मिश्रा को संघ के संरक्षक चमन पासी के नेतृत्व में नीरज दुबे, परम बर्मन, गंगा सिंह ठाकुर, संतोष लोधी, सुनीता निगम, राजा केशवानी, निस्सू केवट, सुरेश श्रीपाल, गुडी पटेल, बाबूसलाम, नरेश सोनकर, सहित अनेक व्यापारियों ने ज्ञापन पत्र सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में मांग की है कि अधारताल हाकर्स जोन के अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण कराया जाए क्योंकि हाकर्स जोन में शेड सहित कई प्रकार के विकास कार्य होना है। इसलिए समय के पूर्व कराया जाए।

## आज निकलेगी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक बैनर तले तिरंगा यात्रा

**सिहोरा।** पहलगाम हमले के बाद केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के मार्गदर्शन में सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में मिली अपार सफलता के बाद भारत के हर शहर गांव कस्बों में तीनों सेनाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है। इस ऑपरेशन से जहां पाकिस्तान को भारी छति हुई वहीं हमारे देश के वीर सैनिकों के अदम्य साहस के चलते भारत की जीत हुई।आज हर हिंदुस्तानी अपने स्तर पर इस जीत का जश्न मनाकर देश के प्रति अपनी एक जुटता का परिचय दे रहा है। सिंदूर की सफलता और भारतीय सैनिकों के समान में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक बैनर तले एक भव्य तिरंगा यात्रा आज शनिवार को दोपहर 3.30 बजे महाराजपुर हनुमान मंदिर से प्रारम्भ होगी जो करौंदा, पनागर, देवरी, कुशनेर, गोसलपुर, कछपुरा, जुझारी, पहरेवा होकर सिहोरा बस स्टेंड में संपन्न होगी। तिरंगा यात्रा में शामिल होने का आग्रह सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े, पनागर विधायक सुशील इंदु तिवारी, भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने किया है।

## युवक ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** खमरिया थाना अतंर्गत ईसाई मोहल्ला खेरमाई मंदिर के पास पिपरिया में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। खमरिया पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ईसाई मोहल्ला खेरमाई मंदिर के पास पिपरिया निवासी रंजीत पटेल गत रात लगभग 10 बजे काम से घर आया जिसके दाहिने हाथ की उंगली में पट्टी बंधी थी उसकी मां मीरा पटैल ने पट्टी क्यों बांधा है पूछी तो बताया कि काम करते समय चोट लग गयी है। उसके बाद वह रंजीत अपने कमरे में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर सो गया था रात लगभग 11 बजे उसकी मां मीरा ने दरवाजा खटखटया, कोई आवाज नहीं आने पर मां ने अपने बड़े बेटे संदीप को बुलाया, दरवाजा नहीं खुलने पर छत पर जाकर रोशनदान से कमरे में झांककर देखा तो रंजीत फांसी पर लटका मिला, उसके पिता और भाई ने दरवाजा तोड़ा तो देखा पंखे की हुक में साड़ी का फंदा से फांसी लगाकर रंजीत ने आत्महत्या कर ली है।

## जल ही अमृत सर्वेक्षण में जबलपुर को मिली 5 स्टार रेटिंग

**जबलपुर।** मिनिस्ट्री आफ हाउसिंग एण्ड अर्बन द्वारा अमृत योजना के अंतर्गत जल ही अमृत सर्वेक्षण वर्ष 2025 प्रतिस्पर्धा में जबलपुर शहर को 5 स्टार रेटिंग प्रदान की गयी है। इस संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि जबलपुर में संचालित 34 एम.एल.डी., ललपुर एवं 32 एम.एल.डी. कठौंदा एस.टी.पी. (मल-जल शोधन संयंत्र) को स्वच्छ जल क्रेडिट आधार पर 5 स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है।

उन्होंने बताया कि इस सर्वेक्षण को केंद्र शासन स्तर पर नियुक्त एक्सपर्ट की टीम द्वारा कराया गया था। जिसमें टीम के द्वारा शहर में संचालित 34 एम.एल.डी., ललपुर एवं 32 एम.एल.डी. कठौंदा एस.टी.पी. में शुद्धीकृत हो रहे सीवेज की मात्रा एवं उसके उपचार पश्चात उसकी गुणवत्ता के आधार पर 5 स्टार रेटिंग प्रदान की गई, साथ ही 34 एम.एल.डी., ललपुर एवं 32 एम.एल.डी. कठौंदा एस.टी.पी. एसटीपी की व्यवस्था को और दुरुस्त करने जबलपुर शहर को 8 करोड़ रूपये की राशि प्रोत्साहन के रूप में स्वीकृत भी की गई है। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव द्वारा इस उपलब्धि हेतु संबंधित टीम को बधाई देते हुए इसी क्रम में निरंतर आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया गया।

## बाईक की टक्कर से 2 घायल

**जबलपुर।** बरेला थाना अतंर्गत बरेला रोड बायपास में एक्टिवा को ओवरटेक करते हुए एक बाईक ने, दूसरी बाईक को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें सवार दो युवक नीचे गिरकर घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाकाली के पास गढ़ाफाटक लार्डगंज निवासी 32 वर्षीय दीपक रैकवार गत दिवस अपने दोस्त संजू रजक, देवेंद्र लोधी, मदन गोपाल के साथ अपने परिचित की शादी की पार्टी में ग्राम रिछाई बरेला गया था, पार्टी से रात लगभग 11.40 बजे अपने घर के लिए रवाना हुए थे। एक बाईक में में देवेन्द्र लोधी तथा मदन गोपाल थे और एक्टिवा में दीपक रैकवार और संजू रजक बैठे थे। जैसे ही वह लोग बरेला बायपास रोड कान्हा ढाबा के पास पहुंचे, उसी समय मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एनपी 9916 के चालक ने तेज गति से चलाते हुये एक्टिवा को ओवर टेक करते हुये आगे चल रहे देवेन्द्र लोधी तथा मदन गोपाल की बाईक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे देवेन्द्र तथा गोपाल दोनों बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गए और दोनों के हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आ गयीं। दोनों घायलों को उपचार हेतु जबलपुर के अस्पताल भिजवाया है। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## चाकूबाजी में युवक घायल

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत व्हीकल मोड़ के पास शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर एक बदमाश ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पानी की टंकी के पास महाराजपुर निवासी 18 वर्षीय मोंटी केवट गत रात लगभग 8.30 बजे अपने दोस्त राजवीर चक्रवर्ती के साथ व्हीकल मोड़ आ रहा था, तभी रास्ते में सागर कोल मिला और उससे शराब पीने के लिये रुपए की मांग करने लगा, मना करने पर गाली गलौज कर चाकू से हाथ एवं पैर के घुटने पर हमला कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## प्रापर्टी डीलर पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत मोतीनाला टंकी के पास जबरन रुपए की मांग कर दो बदमाशों ने एक प्रापर्टी डीलर के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी प्रकार हनुमानताल में समदड़िया ग्रीन सिटी माढ़ोताल निवासी 36 वर्षीय प्रापर्टी डीलर प्रतीक उर्फ प्रिंस जैन गत रात लगभग अपने घर से व्यापार के संबंध में मंडी मदार टेकरी छोटू खान के साथ व्यापार के संबंध में बातचीत करने गया था, जहां से वह अपने घर जा रहा था लगभग 5-30 बजे जैसे ही मोतीनाला पानी की टंकी के पास मेडिकल स्टोर के सामने पहुंचा, तभी पीछे से मोटर सायकल में जुबेर और खान साहब आये और उसे रोककर विवादित प्रापर्टी को बेच रहे हो कहते हुए उससे 10 से 25 हजार रुपए की मांग करने लगे, उसने पैसे देने से मना किया तो दोनों ने गाली गलौज कर की और जुबेर ने चाकू से उसके पैर की जांघ पर हमला कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 126(2), 351(2), 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## 155 लीटर कच्ची शराब जब्त

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत पौड़ी के जंगल में नाले के पास अवैध शराब के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक आरोपी मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने मौके से 155 लीटर कच्ची शराब, शराब बनाने में प्रयुक्त सामग्री, बाईक तथा 1 हजार लीटर लाहन नष्ट किया है। पनागर थाना प्रभारी जितेंद्र पाटकर ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर धरहर पौड़ी के जंगल में देशी शराब बना रहे ग्राम पोनिया निवासी 35 वर्षीय मुकेश बर्मनन को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 95 लीटर कच्ची शराब, 1 सिल्वर गंज, 1 लोहे का ड्रम और उसमें लगे स्टील की थाली, स्टील की पाईप एवं सटक जब्त किया है। वहीं ड्रम में भरी लगभग 1 हजार लीटर लाहन नष्ट किया हैं। शराब के संबंध मे पूछताछ करने पर बिसैंधी निवासी लल्लू बर्मन के कहने पर शराब बनाना जिसके एवज में लल्लू बर्मन द्वारा 400 रूपये प्रतिदिन देने की बात स्वीकार की। इसी तरह मुखबिर की सूचना पर धरहर जंगल में मोटर सायकल डीलक्स क्रमांक एमपी 20 एन एफ 3816 में शराब रखकर जा रहा एक आरोपी पुलिस को देखकर नाला किनारे मोटर सायकिल छोड़कर भाग गया।

**श्री जगदीश अवस्थी**- तमरहाई चौक के पास निवासी श्री जगदीश अवस्थी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सीताराम साहू**- कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री सीताराम साहू (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री विजय सोनी**- जहांगीराबाद तीन पत्ती चौराहा के पास निवासी श्री विजय सोनी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बृज नंदन यादव**- सिंधी कैंप फकीरचंद अखाड़े के पास निवासी श्री बृज नंदन यादव (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बृज किशोर शुक्ला**- मथुरा विहार विजयनगर एमआर 4 निवासी श्री बृज किशोर शुक्ला (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कुसुम बाई जायसवाल**- दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री शंभू जायसवाल की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बाई जायसवाल (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पीरू लाल चौधरी**- यादव कॉलोनी पटेल मोहल्ला निवासी श्री पीरू लाल चौधरी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार चौधरी**- कांचघर झंडा चौक निवासी श्री राजकुमार चौधरी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजकुमार चड़ार**- तिलहरी फेस वन निवासी श्री राजकुमार चड़ार (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कमलेश कुमार विश्वकर्मा**- एलआईसी के सामने मदनमहल निवासी श्री कमलेश कुमार विश्वकर्मा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री गोविंद सिंह मार्को**- गंगानगर गढ़ा निवासी श्री कुंजबिहारी सिंह मार्को के पुत्र श्री गोविंद सिंह मार्को (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जमना प्रसाद ठाकुर**- चंपानगर मानेगांव रांझी निवासी श्री जमना प्रसाद ठाकुर (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती शकुंतला तिवारी**- काशी कॉलोनी पिपरिया खमरिया निवासी श्री महेश प्रसाद तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला तिवारी (83) का निधन हो गया। अंतिम




संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अरूण दुबे**- बड़ी खेरमाई खटीक मोहल्ला निवासी श्री संतोष दुबे के पुत्र श्री अरूण दुबे (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती पार्वती बाई प्यासी**- मझौली निवासी श्री यश कुमार प्यासी की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बाई प्यासी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमित बोस**- मुस्कान प्लाजा उखरी रोड निवासी श्री समन कुमार बोस के पुत्र श्री अमित बोस (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रामनाथ विश्वकर्मा**- अमखेरा न्यू रामनगर निवासी श्री रामनाथ विश्वकर्मा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पूर्णिमा देवी ठाकुर**- टेमर भीटा निवासी श्री लाखन सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती पूर्णिमा देवी ठाकुर (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती दुर्गा रजक**- केंट सदर निवासी श्री भैया लाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा रजक का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
फिक्स साइज:- सें.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- सें.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज सें.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362100

## खबर संक्षेप

### इमामी लिमिटेड का शुद्ध लाभ बढ़कर 10.5 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** तेल, शैंपू, साबुन जैसे उत्पाद बनाने वाली कंपनी इमामी लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 10.5 प्रतिशत बढ़कर 162.17 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 146.75 करोड़ रुपये रहा था।

### रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ 85.53 प्रति डॉलर



**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को एक पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.53 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि ब्रेंट कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख तथा अप्रैल में देश के व्यापार घाटे में बढ़ोतरी के आंकड़ों के कारण रुपये की बढ़त सीमित रही। मामूली गिरावट से रुपये को कुछ समर्थन मिला।

### सुराना टेक्नोलॉजीज में 49% इक्विटी विनिवेश की मंजूरी



**नई दिल्ली।** सुराना सोलर ने शुक्रवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने उसकी इकाई सुराना टेक्नोलॉजीज में 49 प्रतिशत इक्विटी शेयर बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक सुराना टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड की 49 फीसदी इक्विटी हिस्सेदारी का सौदा शुक्रवार को बैद्यनाथ पावर प्राइवेट लि. के साथ किया जाएगा।

### पैदावार बढ़ाने आईपीएल के छह नए जैविक उत्पाद



**नई दिल्ली।** जैव प्रौद्योगिकी कंपनी आईपीएल बायोलॉजिकल्स ने शुक्रवार को कृषि उत्पादकता बढ़ाने और पर्यावरण अनुकूल खेती-को बढ़ावा देने के लिए 'एनएक्सजी रेंज' के तहत छह नए उत्पादों के पेशकश की घोषणा की। बीटी-डेक्स, बीईई बूस्ट और 360 - घुलनशील पाउडर प्रारूप में विशेष रूप से सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों के अनुकूल होने के लिए विकसित किए गए हैं।

### जुबिलेंट फार्मोवा का लाभ 151.3 करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली।** जुबिलेंट फार्मोवा लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 151.3 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 61.8 करोड़ रुपये रहा था। एकीकृत परिचालन आय पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 1,928.8 करोड़ रुपये रही।

### एतिहाद एयरवेज की बोइंग विमान खरीदने की घोषणा



**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की विमानन कंपनी एतिहाद एयरवेज ने 28 'वाइड-बॉडी' बोइंग विमान खरीदने की शुक्रवार को घोषणा की। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की संयुक्त अरब अमीरात यात्रा के दौरान यह घोषणा की गई। एतिहाद, अबू धाबी की सरकारी विमानन कंपनी है। यह पड़ोसी दुबई की लंबी दूरी की विमानन कंपनी एमिरेट्स की तरह पूर्व-पश्चिम मार्गों पर भी उड़ानें संचालित करती हैं। एतिहाद ने बयान में कहा, इस बिक्री में बोइंग 787 और 777 एक्स विमान शामिल हैं।

# वोडाफोन आइडिया 10 महीनों की मेहमान, मदद न मिली तो जाना होगा एनसीएलटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्ज में डूबी टेलिकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड शायद बहुत ज्यादा दिनों तक न चल पाए और दिवालिया हो जाए। वोडाफोन आइडिया ने सरकार को चेतावनी दी है कि सरकार के सपोर्ट के बिना वह वित्त वर्ष 2025-26 से आगे काम नहीं कर पाएगी। उसे दिवालियापन यानि इनसॉल्वेंसी के लिए नेशनल कंपनी लॉ ट्राइब्यूनल (एनसीएलटी) का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा।

- कंपनी को दिवालियापन के लिए एनसीएलटी का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा

वोडाफोन आइडिया का कहना है कि सरकारी सपोर्ट के अभाव में, सरकार की इक्विटी हिस्सेदारी की वैल्यू जीरो हो सकती है। नतीजतन, कंपनी से 1.18 लाख करोड़ रुपए के स्पेक्ट्रम बकाया की वसूली नहीं हो पाएगी। कंपनी ने यह भी दावा किया कि उसे 26,000 करोड़ रुपए के इक्विटी इनफ्यूजन और सरकार की ओर से कंपनी में हिस्सेदारी ले लेने के बावजूद बैंकों से सपोर्ट नहीं मिला है।

### सरकारी सपोर्ट के बिना आगे नहीं बढ़ सकेगी बैंक फंडिंग

वोडाफोन आइडिया ने सरकार से कहा कि उसके सपोर्ट के बिना बैंक फंडिंग आगे नहीं बढ़ पाएगी और कंपनी वित्त वर्ष 2026 से आगे ऑपरेट नहीं कर पाएगी। अगर सरकारी मदद नहीं मिलती है और वोडाफोन आइडिया अपने एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (एजीआर) बकाया का पेमेंट करने में नाकाम रहती है, तो कंपनी को एनसीएलटी का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जो एक लंबी प्रक्रिया हो सकती है।

**वोडाफोन-आइडिया की सरकार को चेतावनी, सरकार मदद नही मिली तो आगे काम बंद**

#### वीआई के 59 लाख से अधिक छोटे शेयरधारक

वोडाफोन आइडिया में 59 लाख से अधिक छोटे शेयरधारक हैं, या यूं कहें कि ऐसे शेयरहोल्डर हैं जिनकी ऑथराइज्ड शेयर कैपिटल 2 लाख रुपए तक है। कंपनी का मार्केट कैप 80000 करोड़ रुपए के करीब है। 16 मई को बीएसई पर कंपनी का शेयर लगभग 2 प्रतिशत बढ़त के साथ 7.37 रुपए पर बंद हुआ।

*एजीआर के फैसले के कारण सरकार राहत नहीं दे सकती : वोडाफोन आइडिया का तर्क है कि एजीआर फैसले द्वारा लगाई गई बाधाओं के कारण सरकार आगे राहत नहीं दे सकती है। दूरसंचार क्षेत्र की परेशानियों का हवाला देते हुए वोडाफोन आइडिया का दावा है कि अतिरिक्त सरकारी मदद के बिना यह सेक्टर बर्बाद हो जाएगा। कंपनी ने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले पर तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया है। सुनवाई 19 मई के लिए निर्धारित की गई है।*

#### 20 करोड़ से अधिक ग्राहक हो सकते हैं प्रभावित

अगर वोडाफोन आइडिया एनसीएलटी में जाती है तो 20 करोड़ से अधिक ग्राहक प्रभावित हो सकते हैं। वोडाफोन आइडिया के नेटवर्क में व्यवधान का अन्य क्षेत्रों पर भी बड़ा असर पड़ेगा और इससे देश की डिजिटल महत्वाकांक्षाओं को झटका लग सकता है। वोडाफोन आइडिया ने अपनी स्पेक्ट्रम देनदारियों को इक्विटी में बदलकर सरकार को हिस्सेदारी दी है। अब कंपनी में सरकार के पास 49 प्रतिशत इक्विटी स्टेक है। कंपनी पर अभी भी सरकार का एजीआर और स्पेक्ट्रम के मामले में 1.95 लाख करोड़ रुपए का बकाया है।

### वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार ने जारी किए आंकड़े

# निर्यात में कृषि, औषधि, इलेक्ट्रॉनिक व इंजीनियरिंग की 50% से अधिक हिस्सेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के वस्तु निर्यात में वित्त वर्ष 2024-25 में कृषि, औषधि, इलेक्ट्रॉनिक और इंजीनियरिंग सामान की कुल हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक रही। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। यह विनिर्माण और मूल्यवर्धित निर्यात को बढ़ावा देने के प्रयासों के बीच विविध क्षेत्रों में देश की बढ़ती ताकत को दर्शाता है।

आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत के 437.42 अरब डॉलर के निर्यात में इंजीनियरिंग वस्तुओं की हिस्सेदारी सबसे अधिक 26.67 प्रतिशत रही। कृषि, औषधि और इलेक्ट्रॉनिक सामान का योगदान क्रमशः 11.85 प्रतिशत, 6.96 प्रतिशत और 8.82 प्रतिशत रहा।

#### इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में निर्यात वृद्धि 29.12 अरब डॉलर

इलेक्ट्रॉनिक सामान क्षेत्र में सबसे अधिक 32.46 प्रतिशत की निर्यात वृद्धि दर्ज की गई जो 2023-24 में 29.12 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 38.58 अरब डॉलर हो गया। यह वित्त वर्ष 2022-23 में 23.6 अरब डॉलर और 2021-22 में 15.7 अरब डॉलर था।

**भारत दुनिया का सातवां बड़ा कॉफी उत्पादक**



*भारत, दुनिया में सातवां सबसे बड़ा कॉफी उत्पादक देश है जो इटली, रूस, जर्मनी, यूएई, बेल्जियम और अमेरिका को इनका निर्यात करता है। इन देशों को मुख्य तौर पर रोबस्टा कॉफी का निर्यात किया जाता है। इसी तरह, 2024-25 में तंबाकू निर्यात 1.98 अरब डॉलर रहा, जो 2023-24 में 1.45 अरब डॉलर था। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तंबाकू उत्पादक है, जिसके प्रमुख निर्यात गंतव्यों में यूएई, बेल्जियम, इंडोनेशिया, मिस्र, अमेरिका और तुर्किए शामिल हैं।*



#### दवाएं व औषधि 200 देशों तक पहुंच रही

नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत की दवाएं एवं औषधि अब 200 से अधिक देशों तक पहुंच रही हैं। इसका निर्यात 2014-15 से लगातार बढ़ रहा है। कृषि क्षेत्र में मसालों, कॉफी, चाय, तंबाकू, चावल, फल और सब्जियों तथा समुद्री उत्पाद में स्वस्थ वृद्धि दर्ज की गई। 2023-24 में 4.25 अरब डॉलर से 2024-25 में मसालों का निर्यात मामूली रूप से बढ़कर 4.45 अरब डॉलर हो गया।

#### इंजीनियरिंग का निर्यात 100 अरब डॉलर से अधिक

इंजीनियरिंग सामानों के लिए मुख्य निर्यात गंतव्य अमेरिका, यूएई, सऊदी अरब, ब्रिटेन और जर्मनी रहे। वित्त वर्ष 2014-15 से 2020-21 तक इस क्षेत्र में निर्यात 73-83 अरब डॉलर के बीच रहा। 2021-22 में यह बढ़कर 112.2 अरब डॉलर हो गया था और तब से 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक बना हुआ है।

#### चावल निर्यात 12.5 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

भारत का चावल निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 12.5 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो 2023-24 में 10.4 अरब डॉलर था। इससे देश लगभग 40 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ शीर्ष वैश्विक निर्यातक के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखेगा। गंतव्यों में सऊदी अरब, ईरान, इराक, यूएई, अमेरिका और यमन शामिल थे।

#### फलों व सब्जियों का निर्यात बढ़ा

फलों और सब्जियों का निर्यात 2023-24 में 3.7 अरब डॉलर से बढ़कर 3.9 अरब डॉलर हो गया। भारत ने दो श्रेणियों के तहत अंगूर, अनार, आम, केले, संतरे, प्याज, आलू, टमाटर, मिश्रित सब्जियां और हरी मिर्च का निर्यात किया। बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, नेपाल और मलेशिया सबसे बड़े आयातक में शामिल थे।

# मुनाफावसूली से शेयर बाजार में गिरावट सेंसेक्स 200 अंक लुढ़का

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- निफ्टी में 42 अंकों की रही सुस्ती
- आईटी और एयरटेल के शेयरों में रही मुनाफावसूली

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों और भारती एयरटेल में मुनाफावसूली होने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। मानक सूचकांक सेंसेक्स में 200 अंक और निफ्टी में 42 अंक की सुस्ती रही।

विश्लेषकों ने कहा कि पिछले सत्र में बाजार के सात महीनों के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली को तरजीह दी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 200.15 अंक यानी 0.24 प्रतिशत गिरकर 82,330.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 383.79 अंक गिरकर 82,146.95 अंक पर आ गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 42.30 अंक यानी 0.17 प्रतिशत गिरकर 25,019.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल भारती एयरटेल के शेयर में 2.81 प्रतिशत की गिरावट आई। सिंगटेल के दूरसंचार कंपनी में अपनी प्रत्यक्ष हिस्सेदारी का लगभग 1.2 प्रतिशत हिस्सा करीब 1.5 अरब डॉलर में बेचने के बाद कंपनी का शेयर नीचे आया।

#### इन शेयरों में रही घट-बढ़

इसके अलावा एचसीएल टेक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फिनसर्व, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन भी गिरावट के साथ बंद हुईं। दूसरी तरफ, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, आईटीसी, टाटा मोटर्स और एनटीपीसी के शेयरों में तेजी रही।

## जापान की वार्षिक वृद्धि दर पहली तिमाही में घटी

एजेंसी ▶▶| टोक्यो



- अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर घटकर 0.7 फीसदी रही

जापान की अर्थव्यवस्था की वार्षिक वृद्धि दर 2025 की पहली तिमाही में घटकर 0.7 प्रतिशत रह गई। मंत्रिमंडल कार्यालय के शुक्रवार को जारी मौसमी रूप से समायोजित प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, जापान का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (या किसी देश की वस्तुओं व सेवाओं का माप) जनवरी-मार्च में अक्टूबर दिसंबर 2024 (पिछली तिमाही) की तुलना में अपेक्षा से अधिक 0.2 प्रतिशत सिकुड़ गया। एक साल में पहली बार इसमें संकुचन दर्ज किया गया। जापान की अर्थव्यवस्था 2024 की अंतिम तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में 2.4 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ी थी। निर्यात में 2.3 प्रतिशत की वार्षिक दर से गिरावट आई। उपभोक्ता व्यय स्थिर रहा, जबकि पूंजी निवेश में 5.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अमेरिकी शुल्क से जापान के बड़े निर्यातकों, खास तौर पर मोटर वाहन विनिर्माताओं को नुकसान होने की आशंका है।

#### ट्रंप अपना रूख बदलते रहते हैं

न केवल जापान से भेजे जाने वाले उत्पादों के लिए, बल्कि मेक्सिको और कनाडा जैसे अन्य देशों से भी...। अधिकारियों ने माना कि प्रतिक्रिया की योजना बनाना एक चुनौती है क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपना रुख बदलते रहते हैं।

## बीएचईएल के शुद्ध लाभ में तीन फीसदी की बढोतरी




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में तीन प्रतिशत बढ़कर 504.45 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 489.62 करोड़ रुपये रहा था। बीएचईएल ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आय बढ़कर मार्च तिमाही में 9,142.64 करोड़ रुपये रही, जो 2023-24 में 8,416.84 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान बीएचईएल का एकीकृत शुद्ध लाभ बढ़कर 533.90 करोड़ रुपये हो गया, जो 2023-24 में 282.22 करोड़ रुपये था। बीएचईएल के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी की चुकता शेयर पूंजी पर 25 प्रतिशत (50 पैसे प्रति शेयर) की दर से अंतिम लाभांश की सिफारिश की है।

# सोना 1,400 रुपए बढ़कर 96,450 रुपए प्रति 10 ग्राम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- चांदी 1,000 रुपए उछलकर 98,000 रुपए

आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,400 रुपये बढ़कर 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। इसी के साथ 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,400 रुपये बढ़कर 96,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना क्रमशः 95,050 रुपये और 94,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। शुक्रवार को चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये बढ़कर 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 97,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

#### तीनों देशों के बीच समझौते के कारण बाजार में उतार- चढ़ाव

इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 50.85 डॉलर यानी 1.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,189.25 डॉलर प्रति औंस रहा था। एलकेपी सिक्योरिटीज में उपाध्यक्ष एवं शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''अमेरिका, ब्रिटेन तथा चीन जैसे प्रमुख भागीदारों के बीच संभावित व्यापार समझौतों के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव रहा और सोने की कीमत 3,200 डॉलर के आसपास मंडराती रही।''

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर बढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- भंडार बढ़कर 690 .61 अरब डॉलर पर
- स्वर्ण भंडार बढ़ने से विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा

देश का विदेशी मुद्रा भंडार नौ मई को समाप्त सप्ताह में 4.55 अरब डॉलर बढ़कर 690.62 अरब डॉलर पहुंच गया। मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार बढ़ने से कुल विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.06 अरब डॉलर घटकर 686.06 अरब डॉलर रहा था।

सितंबर, 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, नौ मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 19.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 581.37 अरब डॉलर हो गईं।

डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 4.52 अरब डॉलर बढ़कर 86.34 अरब डॉलर हो गया।

#### भारत की विशेष आहरण अधिकार घटा

विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 2.6 करोड़ डॉलर घटकर 18.53 अरब डॉलर रहा।केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 13.4 करोड़ डॉलर घटकर 4.37 अरब डॉलर रहा।

## हुंडई का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 4 फीसदी घटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- लाभ बढ़कर 1614 करोड़ रुपए
- कंपनी की बिक्री घटने के कारण मुनाफा कम हुआ

वाहन कंपनी हुंडई मोटर इंडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में चार प्रतिशत गिरकर 1,614 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से घरेलू बाजार में बिक्री घटने के कारण मुनाफा कम हुआ है। वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,677 करोड़ रुपये रहा था। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल परिचालन आय समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 17,940 करोड़ रुपये हो गई, जो 2023-24 की समान तिमाही में 17,671 करोड़ रुपये थी।

कंपनी ने कहा कि उसने चौथी तिमाही में घरेलू बाजार में 1,53,550 इकाइयां बेचीं, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में यह 1,60,317 इकाइयां थी। चौथी तिमाही में हुंदै का निर्यात बढ़कर 38,100 इकाई हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 33,400 इकाई था।

#### कंपनी 21 रुपए प्रति शेयर देगी लाभांश

कंपनी ने कहा कि उसके बोर्ड ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर 21 रुपये का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है। हुंदै ने कहा कि उसने चालू वित्त वर्ष के लिए रणनीतिक निवेश के लिए 7,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की रूपरेखा तैयार की है।

## एलाइड ब्लेंडर्स का मुनाफा पहुंचा 78.62 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की बनाने वाली एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 78.62 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी को 240.62 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। उसकी परिचालन आय समीक्षाधीन तिमाही में 10 प्रतिशत बढ़कर 1,934.72 करोड़ रुपये रही है, जो 2023-24 की समान तिमाही में 1,757.42 करोड़ रुपये थी।

### भारत ने हवाई अड्डों से समझौते खत्म करने की बात कही

# तुर्किये की कंपनी सेलेबी भारतीय कानून को देगी चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- कंपनी लाइसेंस व रियायती करारों को एकतरफा खत्म करने को देगी चुनौती

तुर्किये की कंपनी सेलेबी हावा सर्विसी एएस ने शुक्रवार को कहा कि भारत में उसकी सुरक्षा मंजूरी रद्द किए जाने के बाद विभिन्न लाइसेंस और रियायती करारों को एकतरफा ढंग से खत्म करने को चुनौती देने के लिए सभी उपलब्ध प्रशासनिक और कानूनी उपायों का इस्तेमाल किया जाएगा।

नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सुरक्षा हितों का हवाला देते हुए हवाई अड्डे पर जमीनी रखरखाव एवं मालवहन सेवाएं देने वाली कंपनी सेलेबी की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी।



#### डायल के साथ समझौता 2034 तक वैध था

सेलेबी दिल्ली कार्गो टर्मिनल मैनेजमेंट इंडिया और दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) के बीच निष्पादित रियायत समझौता वर्ष 2034 तक वैध था। इसके अलावा, सेलेबी जीएच इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (सीजीएचआई) और अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के बीच लाइसेंस समझौता समाप्त कर दिया गया है जो 2032 तक वैध था।

#### ये एयरपोर्ट शामिल है

इनमें सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (सीएएसआई), सेलेबी जीएच इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (सीजीएचआई), सेलेबी एनएएस एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सेलेबी दिल्ली कार्गो टर्मिनल मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सेलेबी जीएस चेन्नई प्राइवेट लिमिटेड (सीजीएससी) शामिल हैं।

#### तुर्किये ने पाक का समर्थन किया था

हाल ही में तुर्किये द्वारा पाकिस्तान का समर्थन करने और पड़ोसी देश में आतंकी शिविरों पर भारत के हवाई हमलों की निंदा करने के कुछ दिनों बाद सेलेबी के खिलाफ यह कदम उठाया गया है। देश भर में तुर्किये को लेकर लोगों में असंतोष और नाराजगी देखी जा रही है। सेलेबी दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद सहित नौ हवाई अड्डों पर अपनी सेवाएं दे रही थी।

## चिंतन

# वरदान साबित होगी सड़क हादसे में कैशलैस योजना

भारत में लंबे समय से सड़क हादसे विडंबना की तरह रहे हैं। देश में हर तीन मिनट में सड़क हादसा एक जिंदगी लील लेता है। पहले तो हालात ये थे कि हादसे के बाद सड़क पर ही सफर कर रहे लोग घायल को अस्पताल तक ले जाने से डरते थे। ये भय रहता था कि कागजी कार्रवाई कौन करेगा। इन हालातों को बदलने के लिए सरकार ने भी अनेक तरह के अभियान चलाए। धीरे-धीरे जागरुकता आई और घायल तुरंत अस्पताल तो पहुंचने लगे, लेकिन यक्ष प्रश्न यह खड़ा हो गया कि शुरुआती इलाज का खर्च कौन दे। इसी के चलते हजारों लोग अस्पताल पहुंचने के बाद भी जान गंवा देते हैं। कभी अस्पताल एडवांस की डिमांड करते हैं तो कभी बीमा पॉलिसी शर्त आड़े आ जाती है। हालांकि अब ऐसा नहीं होगा। सरकार ने सड़क हादसे में घायल के 1.5 लाख तक के इलाज का जिम्मा अपने सिर ले लिया है और वह भी बिना किसी कागजी झंझट, एडवांस या इंश्योरेंस डॉक्यूमेंट के। सरकार ने बाकायदा इसके लिए 5 मई 2025 से 'कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम 2025' की शुरुआत की है, जो सड़क हादसों के शिकार लोगों के लिए उम्मीद की एक नई किरण बनेगी। सरकार देशभर के अनेक सरकारी और निजी अस्पतालों को इस योजना से जोड़ेगी, जिनमें हादसे के तुरंत बाद इलाज शुरू हो सकेगा और अनमोल जिंदगियां बचेंगी। इस योजना में सिर्फ शुरुआती इमरजेंसी इलाज ही नहीं, बल्कि चोट की गंभीरता के हिसाब से पूरा इलाज, ऑपरेशन, दवाइयां, जांच-पड़ताल और जरूरी मेडिकल सपोर्ट भी कवर किया जाएगा। 13 मई को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिए थे कि यह स्कीम सिर्फ कागजों में नहीं, जमीन पर भी पूरी तरह लागू होनी चाहिए। सड़क हादसों के शिकार लोगों को इलाज देना कानूनन जरूरी है। इसलिए सरकार सुनिश्चित करे कि हर जरूरतमंद को समय रहते इलाज मिले। साथ ही कोर्ट ने केंद्र से अगस्त 2025 तक यह रिपोर्ट भी मांगी है कि इस योजना से अब तक कितने लोगों को फायदा मिला है। इसके बाद सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस योजना का ऐलान किया। वैसे तो सरकार इसे लेकर पहले से ही सजग थी। योजना देश के सात जिलों में 14 मार्च 2024 को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू हुई थी। सरकार अपने स्तर पर देख रही थी कि योजना कितनी कारगर रहती है। अब इसे पूरे देश में लागू कर दिया गया है। इस योजना का लाभ सड़क हादसे में हर घायल व्यक्ति को मिलेगा। चाहे वह गाड़ी चला रहा हो, उसमें बैठा हो या सड़क पर पैदल जा रहा हो। बस हादसा सड़क पर हुआ हो और घायल को सरकार द्वारा तय किए गए अस्पताल में ले जाया जाए। इसके बाद इलाज करना अस्पताल का काम होगा। जब घायल को ठीक होने के बाद अस्पताल से छुट्टी मिलेगी तो अस्पताल इलाज का बिल सरकारी पोर्टल पर डालेगा। फिर राज्य की हेल्थ एजेंसी उस बिल को चेक करेगी और सही पाए जाने पर अस्पताल को भुगतान कर दिया जाएगा। लगभग वैसे ही जैसे आयुष्मान योजना के तहत भुगतान किया जाता है। वैसे भी हादसे में घायल के इलाज में दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी पुलिस भी दर्ज करती है। पुलिस द्वारा दुर्घटना की सूचना, स्थान, समय, वाहन की जानकारी और घायल व्यक्ति की डिटेल को इसमें रिकॉर्ड किया जाता है। इससे दुर्घटना की रिपोर्टिंग तेज होती है और इलाज प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जा सकती है। अब बस जरूरत इस पर केंद्रित करने की है कि किसी भी तरह से सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।



# ट्रंप कर रहे दक्षिणपंथी सिद्धांतों को खंडित

**विश्लेषण**
विकेश कुमार बडोला

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दक्षिणपंथ की विश्वसनीयता संदिग्धता की परिधि में है। सन् 2016 में अपनी प्रतिद्वंद्वी हिलेरी क्लिंटन के समक्ष चुनाव प्रचार अभियानों में उन्होंने अमेरिका सहित वैश्विक वामपंथ की जड़ों पर जैसा प्रहार किया था, उस दिशा में अब दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद वे बुरी तरह उदासीन प्रतीत होते हैं। जनवरी 2025 में पुनः सत्ता प्राप्त करने के बाद अमेरिकी प्रथम के अपने राजनीतिक सिद्धांत को वे जिन साधनों, संसाधनों, विचारों और वक्तव्यों के माध्यम से सिद्ध कर रहे हैं, उससे उनका दक्षिणपंथ का पक्ष शक्तिहीन हो रहा है। ट्रंप के निर्णयों, नीतियों से स्पष्ट होता है कि वे राजनीतिक सिद्धांतों के अनुरूप नहीं, व्यापारी की मंशा से ही सत्ता चला रहे हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दक्षिणपंथ की विश्वसनीयता संदिग्धता की परिधि में है। सन् 2016 में अपनी प्रतिद्वंद्वी हिलेरी क्लिंटन के समक्ष चुनाव प्रचार अभियानों में उन्होंने अमेरिका सहित वैश्विक वामपंथ की जड़ों पर जैसा प्रहार किया था, उस दिशा में अब दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद वे बुरी तरह उदासीन प्रतीत होते हैं। जनवरी 2025 में पुनः सत्ता प्राप्त करने के बाद अमेरिकी प्रथम के अपने राजनीतिक सिद्धांत को वे जिन साधनों, संसाधनों, विचारों और वक्तव्यों के माध्यम से सिद्ध कर रहे हैं, उससे उनका दक्षिणपंथ का पक्ष शक्तिहीन हो रहा है।

वे अपने ठीक पूर्ववर्ती डेमोक्रेट्स के जो. बाइडेन की भांति ही अमेरिकी राजनीतिक का प्रतिनिधित्व करते हुए दिखाई दे रहे हैं। जनवरी में पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने चीन, भारत सहित विश्व के सभी देशों पर शुल्क वृद्धि का प्रहार किया। आरंभ में लगा था कि समयांतराल में उनकी शुल्क वृद्धि नीति सभी देशों के साथ पारस्परिक व्यापारिक समझ बढ़ते रहने से स्वतः संतुलित हो जाएगी, लेकिन सत्तारूढ़ होने के चार माह तक वे देशों के साथ शुल्क वृद्धि, कमी और समायोजन के कार्यक्रमों में ही व्यस्त रहे। अंततः उन्हें शुल्क वृद्धि के परिणामस्वरूप वैश्विक व्यवसाय परिदृश्य में परिलक्षित अमेरिकी हितों की हानि होने के बाद विचार परीक्षण करने का अवसर मिला। इसके बाद उन्होंने पहले तो कुछ अवधि के लिए शुल्क वृद्धि न करने का निर्णय लिया और फिर प्रमुख देशों के साथ व्यापार के पुराने शुल्क-मानकों को ही स्वीकार कर लिया। आभास होता है कि वे अमेरिका की ओर से दुनिया पर प्रकार-प्रकार की प्रायोगिक नीतियां लागू कर उनसे हो सकने वाले लाभों व हानियों का अनुमान लगा रहे हैं। भारत के संदर्भ में ट्रंप का व्यक्तिगत एवं राजनीतिक दृष्टिकोण अप्रत्याशित ढंग से परिवर्तित हुआ है। स्मरण करें उनके पिछले कार्यकाल को जब मोदी का हाउडी मोदी कार्यक्रम में ट्रंप ने अमेरिका की ओर से अभूतपूर्व स्वागत किया और फिर ट्रंप के भारत आगमन पर भारत में उनका भी ठीक वैसा ही स्वागत हुआ। भारत व अमेरिका में हुए इन दो कार्यक्रमों के आधार पर दुनिया प्रामाणिक रूप में स्वीकार कर चुकी थी कि अब आगे वैश्विक विचारधारा का निर्धारण कांग्रेस-वामपंथ के विषैले आचरण के आधार पर नहीं, अपितु स्वराष्ट्रीयता-दक्षिणपंथ के आदर्श विचारप्रवाह में होगा। भारत एवं अमेरिका में दक्षिणपंथ के शासन का उदय विश्व के लिए समुचित माना जा रहा था। इससे प्रेरणा लेकर विश्व के कई देशों के लोग आंदोलित हुए और उन्होंने अपने-अपने देशों में दक्षिणपंथ के प्रतिनिधियों के पक्ष में ही चुनावों में बढ़चढ़ कर मतदान किया। भारत तो भाजपा के नेतृत्व में दक्षिणपंथ की मूल मान्यताओं को कठोरतापूर्वक न सही किंतु शनैः-शनैः शासकीय प्रवाह में स्थापित कर ही रहा है, लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप अपने राजनीतिक सिद्धांत से डिगते हुए ही लग रहे हैं।

भारत स्थित जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा किये गये अपनी तरह के वीभत्सम नरसंहार के बाद भारत-पाकिस्तान के मध्य की शत्रुता में व्यापक विस्तार हुआ। साढ़े तीन-चार दशक पुरानी पाक प्रायोजित आतंकवाद की समस्या पर भारत ने शत्रु देश के विरुद्ध जो व जितनी



भी कार्रवाइयां आरंभ कीं, वह अभूतपूर्व थीं तथा उस पर जितने व जैसे प्रतिबंध लगाये, वो प्रतिशोध के किंचित नवीन मानक थे। शत्रु को दंडित करने के उद्देश्य से ऐसे-ऐसे निर्णय लिये गये जो स्वतंत्र भारत में पहले कभी नहीं लिए गए। वायुमार्ग से पाकिस्तान की सीमा के अंदर उसके क्षेत्र में प्रवेश कर नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। इस प्रतिघात के होने तक ट्रंप भारत के साथ खड़े दिखाई दिये थे, किंतु पाकिस्तान की ओर से हमारे सैन्य केंद्रों को लक्षित कर छोड़ी गईं मिसाइलों, ड्रोनों, मानवरहित युद्धक विमानों को भारत द्वारा अपने युद्धक अस्त्र-शस्त्रों द्वारा मार गिराए जाने और राजधानी इस्लामाबाद समेत पाक के प्रमुख नगरों पर भारत के भीषण प्रत्याक्रमण के बाद राष्ट्रपति ट्रंप पाक की याचना पर मध्यस्थ की भूमिका में अवतरित हो गए।

ट्रंप 2016 से लेकर 2024 तक रेडिकल इस्लामिक टेररिज्म के संदर्भ जैसा गंभीर व उत्तरदायित्वपूर्ण वक्तव्य दिया करते थे, तो प्रतीत होता था कि वे साढ़े तीन दशक से भी अधिक समय तक आंतक से पीड़ित रहे भारत की पीड़ा को भलीभांति समझते हैं, लेकिन उन्होंने 9-10 मई 2025 की रात को भारत के सैन्य प्रत्याक्रमण की अधिकता से परास्त पाक की युद्ध विराम की याचना को न केवल स्वीकार कर लिया बल्कि भारत पर येन-केन-प्रकारेण दबाव बनाने का प्रयास भी किया कि वो पाक पर प्रहार करना बंद करे। आतंकवाद के संदर्भ में ट्रंप की द्विअर्थी मानसिकता व धृष्टता यहीं तक सीमित नहीं थी। युद्ध विराम होने के बाद उन्होंने ट्वीट किया कि दोनों देशों के संघर्ष को उन्होंने ही हस्तक्षेप कर रुकवाया है। दक्षिणपंथ, भारत, मोदी से उनका विश्वासघात इतने तक ही सीमित नहीं रहा। उनके शासन ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के समक्ष बहुत समय पहले से प्रस्तावित पाकिस्तान के ऋण-प्राप्ति के प्रस्ताव को स्वीकार करवाने में प्रमुख भूमिका निभाई। यह तब हुआ जब अमेरिका समेत सभी यूरोपीय व नाटो के सदस्य देश भारत की प्रामाणिक जानकारियों व सूचनाओं के आधार पर भलीभांति जानते हैं कि पाक ने ऋण का दुरुपयोग ही अधिक किया है।

ट्रंप का आतंक विरोधी सिद्धांत तब भी बुरी तरह टूटता-फूटता हुआ प्रतीत होता है, जब वे एक दिशा से स्वयं के वैश्विक शांतिदूत होने की बात करते हैं, तो दूसरी दिशा में वे सऊदी अरब के साथ 142 अरब डॉलर के हथियार अनुबंध को हस्ताक्षरित करते हैं। यह अत्यंत विचारणीय है कि एक छोटे से अरब देश को अमेरिका से इतनी अधिक संख्या में हथियार खरीदने की आवश्यकता क्यों हो रही है। किन्हीं दो देशों के मध्य अस्त्र-शस्त्रों के लेन-देन का यह आज तक का सबसे बड़ा अनुबंध है। पाकिस्तान को सैन्य प्रत्याक्रमण के हर कोण पर परास्त कर त्राहि-त्राहि करने को विवश करने के बाद पाकिस्तान, अमेरिका, चीन समेत दुनियाभर में यह मिथ्या प्रचार करना कि पाकिस्तान के सैन्य केंद्रों को कोई हानि नहीं हुई और इसके विपरीत पाक के आक्रमण द्वारा भारत के सैन्य केंद्र व शस्त्र क्षतिग्रस्त हुए हैं, यही सिद्ध करता है कि अमेरिका ने जानबूझकर ऐसा प्रचार किया व करवाया है, ताकि अमेरिका व चीन द्वारा पाकिस्तान को उपलब्ध कराए गए मारक एवं रक्षक शस्त्रों की अनुपयोगिता का प्रचार-प्रसार दुनिया में न हो सके। खाड़ी देशों की तीन दिवसीय यात्रा के चरण में कतर के दोहा में ट्रंप ने एप्पल कंपनी के स्वामी से कहा है कि वे अपना विनिर्माण कारखाना भारत के स्थान पर अमेरिका में स्थापित करें। भारतीय हितों पर कुठाराघात करने वाले ट्रंप के इन निर्णयों, नीतियों तथा वक्तव्यों से स्पष्ट हो जाता है कि डेमोक्रेट्स हों चाहे रिपब्लिकन, अमेरिका हो या अन्य कोई यूरोपीय लोकतांत्रिक देश वहां राजनीतिक सिद्धांतों के अनुरूप नहीं बल्कि व्यापारियों की मंशा से ही सत्ता चलाई जाती है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## हज सुविधा ऐप 2.0
सी.पी.एस. बक्शी




# भारत से हज यात्रियों का डिजिटल सशक्तिकरण

भारत सरकार ने हाल के वर्षों में समावेशी शासन पर अत्यधिक बल दिया है। एक ऐसा शासन, जो भूगोल, पृष्ठभूमि या विश्वास की परवाह किए बिना हर नागरिक तक पहुंचता हो। यह बात वार्षिक हज यात्रा के संचालन में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। एक नियमित प्रशासनिक क्रियाकलाप से दूर, यह एक विशाल मानवीय, कूटनीतिक और तार्किक संचालन है, जो अनेक राष्ट्रों और संस्कृतियों तक फैला हुआ है। सबका साथ, सबका विकास के लोकाचार से प्रेरित होकर सरकार ने हज प्रबंधन को 21वीं सदी की सेवा वितरण के मॉडल के रूप में परिणत कर दिया है। भारत से हर साल लगभग 1.75 लाख तीर्थयात्री पवित्र हज यात्रा पर जाते हैं। सऊदी अरब साम्राज्य (केएसए) के साथ घनिष्ठ समन्वय में, भारतीय हज समिति के माध्यम से चार महीने तक चलने वाले इतने व्यापक और संवेदनशील ऑपरेशन का प्रबंधन करना राष्ट्रीय समन्वय, कूटनीति और सेवा का एक महत्वपूर्ण नमूना है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के माध्यम से भारत सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि यह आध्यात्मिक यात्रा निर्बाध होने के साथ-साथ गरिमापूर्ण, समावेशी और तकनीकी रूप से सशक्त भी हो। बिना किसी पक्षपात के सभी समुदायों की सेवा करने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, सरकार हज के अनुभव को विदेशों में अब तक किए गए सबसे उन्नत सार्वजनिक सेवा संचालन में से एक के रूप में परिणत कर रही है। हज सुविधा ऐप को भारत सरकार ने 2024 में लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों के अनुभव को सरल और बेहतर बनाना था। इसके माध्यम से प्रत्येक तीर्थयात्री से जुड़े राज्य हज निरीक्षकों के विवरण के साथ-साथ निकटतम स्वास्थ्य सेवा और परिवहन सुविधाओं सहित आवास, परिवहन और उड़ान संबंधी विवरण जैसी सूचनाओं तक तत्काल पहुंच कायम करना संभव हो रहा है। यह ऐप शिकायत प्रस्तुत करने, उसकी ट्रैकिंग करने, बैगेज ट्रैकिंग, आपातकालीन एसओएस सुविधाएं, आध्यात्मिक सामग्री और तत्काल सूचनाएं प्राप्त करने में भी सक्षम बनाता है। पिछले साल 67,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने ऐप इंस्टॉल किया था, जो स्वीकृति की उच्च दर का संकेत देता है। केएसए में भारत सरकार द्वारा हाजियों के लिए स्थापित प्रशासनिक ढांचे द्वारा 8000 से अधिक शिकायतें और 2000 से अधिक एसओएस उठाए गए और उनका जवाब दिया गया। हज-2024 के दौरान ऐप से प्राप्त जानकारी ने 2025 के लिए हज नीति और दिशानिर्देश तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण इनपुट के रूप में काम किया। ये डेटा-समर्थित निर्णय भारत सरकार के अपने नागरिकों के लिए उत्तरदायी शासन के मॉडल का उदाहरण हैं। सरकार ने अब हज सुविधा ऐप 2.0 लॉन्च किया है। यह हज के पूरे दायरे को कवर करता है और तीर्थयात्रियों के लिए वास्तव में एंड-टू-एंड डिजिटल समाधान तैयार करता है। हज 2.0 में हज यात्रियों के डिजिटल आवेदन, चयन (कुर्रा), प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन, भुगतान एकीकरण, अदाही कूपन जारी करने और रद्दीकरण तथा धन वापसी की प्रक्रियाओं से लेकर हज की पूरी प्रक्रिया शामिल है। अपडेट किया गया ऐप बैंकिंग नेटवर्क के साथ सहज एकीकरण प्रदान करता है, जिससे तीर्थयात्री यूपीआई, डेबिट/क्रेडिट कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। यात्रा के दौरान सुविधा के लिए तत्काल उड़ान संबंधी सूची और इलेक्ट्रॉनिक बोर्डिंग पास भी प्रदान किए जाते हैं। ऐप को पेडोमीटर सुविधा के साथ संवर्धित किया गया है। इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों में पैदल चलने की आदत डालना है, ताकि उनमें आगे की कठिन यात्रा के लिए आवश्यक सहनशक्ति विकसित हो सके। तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए तत्काल मौसम के अपडेट भी जोड़े गए हैं, ताकि तीर्थयात्रियों को जलवायु संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने में मदद मिल सके और साथ ही उन्हें स्वस्थ और हाइड्रेटेड रखा जा सके। स्वास्थ्य मंत्रालय के ई-हेल्थ कार्ड और ई-हॉस्पिटल मॉड्यूल को इस वर्ष ऐप के साथ जोड़ दिया गया है। एआई द्वारा संचालित एक चैटबॉट को डिजिटल पर्सनल असिस्टेंट के रूप में शामिल किया गया है। हज सुविधा ऐप 2.0 भारत के डिजिटल सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर में अग्रणी है और यह भारत सरकार के इस दृष्टिकोण का प्रमाण है कि शासन प्रत्येक नागरिक तक सार्थक तरीके से पहुंचे। प्रौद्योगिकी की शक्ति का इस्तेमाल करते हुए, भारत तीर्थयात्रियों के प्रबंधन के लिए नए अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित कर रहा है, जिससे अपने नागरिकों को निर्बाध, सुरक्षित और आध्यात्मिक रूप से बेहतर अनुभव मिल रहा है।

(लेखक अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः



संकलित
**दर्शन**

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो।

## मन की शांति कैसे प्राप्त करें?



संकलित
**प्रेरणा**

सेठ अमीरचंद को हर पल कोई न कोई चिंता परेशान किये रहती थी। एक दिन वह कहीं जा रहा था तो रास्ते में उसकी नजर एक आश्रम पर पड़ी। वहाँ उसे किसी साधु के प्रवचनों की आवाज सुनाई दी। उस आवाज से प्रभावित होकर अमीरचंद आश्रम के अन्दर गया और बैठ गया। प्रवचन समाप्त होने पर सभी व्यक्ति अपने अपने घर को चले गये। लेकिन वह वही बैठा रहा। उसे देखकर संत बोलेः कहो, तुम्हारे मन में क्या जिज्ञासा है, जो तुम्हें परेशान कर रही है। इस पर अमीरचंद बोलाः बाबा, मेरे जीवन में शांति नहीं है। यह सुनकर संत बोलेः घबराओ नहीं तुम्हारे मन की सारी अशांति अभी दूर हो जायेगी। संत की बात सुनकर ज्यों ही अमीरचंद ध्यान की मुद्रा में बैठा त्यों ही उसके मन में इधर-उधर की बातें घूमने लगीं और उसका ध्यान उचट गया। सेठ बोलाः चलो, जरा आश्रम का एक चक्कर लगाते हैं। इसके बाद वे आश्रम में घूमने लगे। अमीर चंद ने एक सुंदर वृक्ष देखा तथा उसे हाथ से छुआ। हाथ लगाते ही उसके हाथ में एक कांटा चुभ गया और सेठ। बुरी तरह चिल्लाने लगे। यह देखकर संत वापस अपनी कुटिया में आए। कटे हुए हिस्से पर लेप लगाया। कुछ देर बाद वह सेठ से बोलेः तुम्हारे हाथ में जरा-सा कांटा चुभा तो तुम बेहाल हो गए। सोचो कि जब तम्हारे अन्दर ईर्ष्या, क्रोध व लोभ जैसे बड़े-बड़े कांटे छिपे हैं, तो तुम्हारा मन भला शांत कैसे हो सकता है ? संत की बात से सेठ अमीरचंद को अपनी गलती का अहसास हो गया। वह संतुष्ट होकर वहां से चला गया।

## सटाका




## आज की पाती

### फर्जी एप्स से बचें

हमारे देश में विभिन्न कंपनियों ने एप्स के जरिए लोन देने की व्यवस्था की है, ताकि लोगों को आसानी से घर बैठे ही कुछ मिनटों में लोन उपलब्ध हो सके। लेकिन कुछ फर्जी एप्स भी हो सकते हैं। इसके लिए जागरूकता बहुत जरूरी है, ताकि किसी फर्जी एप्स के जरिए लिया गया लोन मुसीबत न बने। जब किसी को आर्थिक संकट आता है, या जब किसी का कोई परिवारजन बीमार होता है या जब किसी गरीब या मिडल क्लास के बच्चे की पढ़ाई का खर्चा पूरा न हो रहा हो या किसी व्यापारी को व्यापार के लिए धन की जरूरत हो तो ऐसे में इन सभी को सरकारी बैंकों या अन्य उचित एप्स से लोन आसानी से न मिल रहा है, तो ऐसे वर्ग के लोग फर्जी लोन एप्स के जंजाल में फंस जाते हैं और मुसीबत में पड़ जाते हैं।

**- गणेश मिश्रा**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### सिक्किम वासियों को बधाई



सिक्किम के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई। भारत में पर्यावरण के प्रति सर्वाधिक जागरूक राज्यों में से एक सिक्किम ने प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व को प्रदर्शित करते हुए सतत विकास के बेहतरीन उदाहरण पेश किए हैं।
-द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### पर्वतीय राज्यों की चिंता



हिमालय पर्यावरण संकट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा वहन करता है। हम भारत में, अपने महत्वपूर्ण हिमालयी क्षेत्र के साथ, इन प्रभावों को प्रत्यक्ष रूप से देख रहे हैं। भारत पर्वतीय राज्यों और उनके लोगों की चिंताओं को साझा करता है।
-भूपेन्द्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री

### मंडियों का मॉडर्नाइजेशन



एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर मंडी का दौरा कर व्यापारियों, किसानों और आढ़तियों से उनकी समस्याएं सुनीं। अब मंडियों का मॉडर्नाइजेशन होगा एवं सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### कान्स में आना अच्छा लगा



पिछले साल की उसी समय की याद आ रही है जब मैं आधिकारिक तौर पर शोबिज में वापस आई थी! बहुत दिनों बाद कान्स में तैयार होकर आना बहुत अच्छा लगा और मुझे इसका हर पल बहुत पसंद आया
- प्रीति जिंटा, अभिनेत्री

## करंट अफेयर

# डेटिंग ऐप्स से होता जा रहा लोगों का मोहभंग



कुछ समय पहले डेटिंग ऐप्स ने लोगों के रोमांटिक पार्टनर से मिलने के तरीके को बदल दिया था। लेकिन ऐसा लगता है कि अब इनकी लोकप्रियता खत्म होती जा रही है। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले साल, ब्रिटेन में चार बड़े डेटिंग ऐप ने अपने लाखों उपयोगकर्ता खो दिए। अध्ययन से पता चलता है कि ऐसा इसलिए हुआ है कि लोग इन ऐप से निराश हो चुके हैं और ऊब गए हैं। यह निराशा आमतौर पर ऐप के दूसरे उपयोगकर्ताओं के अनुचित व्यवहार के कारण होती है। ऐसा लगता है कि यह बोरियत इस बढ़ते विश्वास से उत्पन्न होती है कि इन ऐप्स द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) सार्थक जुड़ाव की तुलना में अल्पकालिक जुड़ाव को प्राथमिकता देती है। ये डेटिंग ऐप पहले की ऑनलाइन डेटिंग वेबसाइटों की तुलना में काफी अलग हैं, जो प्रामाणिक संबंध स्थापित करने के तरीके के बारे में अधिक पारदर्शी थीं। उन वेबसाइट पर उपयोगकर्ताओं से कई तरह के सवाल पूछकर और उनके व्यक्तित्व का काफी मूल्यांकन करके पारदर्शिता कायम की जाती थी। उदाहरण के लिए 'ओके क्यूपिड डॉट कॉम' (2003 में स्थापित) पर उपयोगकर्ताओं से कई बहु विकल्प प्रश्न पूछे जाते थे। इसके अलावा उनसे उन्हीं प्रश्नों के उत्तर भी पूछे जाते थे, जो प्रश्न वे भावी पार्टनर से पूछना चाहते थे।

## ऑफ बीट

# भविष्य के आहार में आयरन जैसे तत्वों की कमी होगी




आयरन की कमी दुनिया भर में पोषक तत्वों की कमी के सबसे आम रूपों में से एक है। जैसे–जैसे लोग वनस्पति आधारित आहार अपनाने पर विचार करेंगे, आयरन की कमी का खतरा बढ़ने की संभावना होगी। इससे पता चलता है कि अगर खाद्य उत्पादन और आपूर्ति के 'वैश्विक पैटर्न' नहीं बदले, तो 2040 तक आहार में आयरन की कमी हो सकती है। इसका मतलब है कि हमें अपने आहार में आयरन की कमी को दूर करना होगा। ब्रेड और अनाज जैसे सामान्य खाद्य पदार्थ सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ में पहले से ही अतिरिक्त पोषक तत्व हैं। वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में अक्सर उच्च मात्रा में फाइबर और फाइटेट होते हैं, जो शरीर की आयरन को अवशोषित करने की क्षमता को कम कर देते हैं। साबुत अनाज, नट, बीज, फलियां और पत्तेदार साग जैसे वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में आयरन भरपूर होता है और पशु–स्रोत वाले खाद्य पदार्थों में मौजूद आयरन की तुलना में कम आसानी से अवशोषित होता है। मिश्रित आहार यानी सब्जियां, अनाज और पशु–स्रोत वाले खाद्य पदार्थ जैसे कुछ मछलियों, लाल मांस या मुर्गे का सेवन आयरन अवशोषण की सुविधा प्रदान करता है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

तालिबान के साथ भारत का बड़ा कूटनीतिक दांव

# विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने अफगान समकक्ष से पहली बार की चर्चा पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए मुत्ताकी को शुक्रिया कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार रात अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बातचीत की। जयशंकर ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए मुत्ताकी को शुक्रिया कहा, जिसमें 27 निर्दोष नागरिकों की मौत हो गई थी। बता दें, अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के उन आरोपों को खारिज कर दिया था, जिनमें कहा गया था कि भारतीय मिसाइलों ने अफगानिस्तान को टारगेट किया। यह भारत और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के बीच मंत्री स्तर की पहली बातचीत थी। जयशंकर ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया है कि अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मुत्तकी से आज काफी अच्छी बात हुई है। उन्होंने पहलगाम हमले की निंदा की है जिसकी हम तारीफ करते हैं।

जयशंकर ने कहा कि हाल ही में भारत और अफगानिस्तान के बीच अविश्वास फैलाने की पाकिस्तान की कोशिशों को जिस तरह से मुत्ताकी ने खारिज किया है, उसका स्वागत करते हैं

**खास बातें**

- अफगानिस्तान ने भारतीय रॉकेट हमले का पाकिस्तानी दावा खारिज किया था
- भारत और अफगान के बीच पुराना दोस्ताना इसे भविष्य में बढ़ाने पर की गई चर्चा



**विकास के लिए देंगे समर्थन**

जयशंकर ने कहा कि भारत और अफगान लोगों के बीच जो पुराना दोस्ताना रिश्ता है, उसे दोहराया गया और भविष्य में इसे कैसे आगे बढ़ाया जाए, इस पर बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि अफगान के लोगों के साथ हमारी पारंपरिक दोस्ती और उनकी विकास संबंधी जरूरतों के लिए निरंतर समर्थन को रेखांकित किया।

## मिसरी और मुत्ताकी की मुलाकात से बातचीत शुरू हुई

तालिबान के अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद भारत और तालिबान सरकार के बीच बातचीत की शुरुआत 8 जनवरी को दुबई में हुई थी। जनवरी में विक्रम मिसरी और मुत्ताकी के बीच दुबई में बैठक हुई थी। तब अफगान विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान के लोगों से जुड़ने और उनका समर्थन करने के लिए भारतीय नेतृत्व की सराहना की थी। इसके बाद विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव आनंद प्रकाश ने 28 अप्रैल को मुत्ताकी से मुलाकात की थी।

**तालिबान सरकार की भारत से वीजा देने की डिमांड**

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, तालिबान के विदेश मंत्री ने भारत से अफगान व्यापारियों और मरीजों के लिए भारतीय वीजा की सुविधा की मांग की। इसके अलावा भारत में अफगान कैदियों की रिहाई और स्वदेश वापसी का भी अपील की। जयशंकर ने इन मुद्दों को तुरंत हल करने की बात कही है। बता दें, भारत ने अफगानिस्तान में तालिबान की एंट्री के बाद 25 अगस्त 2021 को तत्काल प्रभाव से वीजा देना बंद कर दिया था। तालिबान के सत्ता में आने के बाद वहां की सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर यह फैसला लिया गया था।

**भारत से तालिबान सरकार को मान्यता नहीं, 20 साल में 25 हजार करोड़ दिए**

*भारत ने अब तक तालिबान सरकार को आधिकारिक मान्यता नहीं दी है, लेकिन भारत ने पिछले 20 सालों में अफगानिस्तान को 20 हजार करोड़ रुपए की मदद कर चुका है। पिछले साल नवंबर में तालिबान ने मुंबई स्थित अफगान वाणिज्य दूतावास में अपना डिप्लोमैट अपॉइंट किया था। रूस, चीन, तुर्की, ईरान और उज़्बेकिस्तान में पहले से ही अफगान दूतावास हैं।*

---

**खबर संक्षेप**

### माउंट एवरेस्ट से उतरते समय पर्वतारोही की मौत



**काठमांडू।** एक 45 वर्षीय भारतीय पर्वतारोही की दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट से उतरते समय मौत हो गई। दावा किया जा रहा है कि ऊंचाई संबंधी स्वास्थ्य समस्या होने पर भारतीय पर्वतारोही की जान गई। मृतक भारतीय पर्वतारोही की पहचान सुब्रत घोष के रूप में हुई है, जो पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे। इस सीजन में माउंट एवरेस्ट पर मरने वाले सुब्रत घोष दूसरे विदेशी पर्वतारोही हैं। ट्रैकिंग कराने वाली एजेंसी के एमडी बोधराज भंडारी के हवाले से बताया कि सुब्रत घोष की जान माउंट एवरेस्ट की चोटी से ठीक नीचे हिलेरी स्टेप पर हुई।

### यूपी का लाल, लंदन में बना मेयर, गांव में जश्न



**मिर्जापुर।** यूपी में मिर्जापुर जिले के लाल राज कुमार मिश्रा ने लंदन में इतिहास रचकर देश का नाम रौशन कर दिया है। राजकुमार मिश्रा लंदन के बेलिगबौरी शहर के नए मेयर चुने गए हैं। भटेरा गांव के रहने वाले मिश्रा ने ब्रिटेन के बेलिगबौरी शहर में मेयर का चुनाव जीतकर अपने गांव, जिले और देश का नाम रौशन किया है। राजकुमार मिश्रा के इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उनके गांव में जश्न का माहौल है। उनके पिता मुन्ना लाल मिश्रा एक साधारण किसान हैं, लेकिन बेटे की इस सफलता ने पूरे परिवार को ही नहीं बल्कि जिला, प्रदेश और देश को भी गौरवान्वित कर दिया है।

---

अब भुज में गरजे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह...सेना को किया नमन

# जितनी देर में लोग नाश्ता-पानी करते हैं उतनी ही देर में आपने दुश्मनों को मारा

जो मिसाइल गिराई, उसकी गूंज दुनिया ने सुनी

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को गुजरात के भुज में स्थित वायु सेना स्टेशन पर वीर वायु योद्धाओं का हौसला बढ़ाने के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमारी एयर फोर्स एक ऐसी 'स्काइफोर्स' है, जिसने अपने शौर्य, पराक्रम और प्रताप से आसमान की नई और बुलंद ऊंचाइयों को छू लिया है।*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को गुजरात के भुज में स्थित वायु सेना स्टेशन पर वीर वायु योद्धाओं का हौसला बढ़ाने के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे आतंक के अजगर को कुचलने के लिए भारतीय वायु सेना के लिए सिर्फ 23 मिनट काफी थे। उन्होंने कहा, हमारी एयर फोर्स एक ऐसी 'स्काइफोर्स' है, जिसने अपने शौर्य, पराक्रम और प्रताप से आसमान की नई और बुलंद ऊंचाइयों को छू लिया है। जितनी देर में लोग नाश्ता-पानी निपटाते हैं, उतनी देर में आपने दुश्मनों का निपटारा कर दिया। आपने दुश्मन की सीमा के भीतर जाकर जो मिसाइल गिराई, उसकी गूंज पूरी दुनिया ने सुनी।

*आतंक को कुचलने के लिए वायु सेना को सिर्फ 23 मिनट ही काफी हैं*

*यह सिंदूर, खतरे की वह लाल लकीर है, जो आतंकवाद के माथे पर खींच दी*

- ऑपरेशन 'सिंदूर' तो सिर्फ एक ट्रेलर था, सही समय पर पूरी पिक्चर भी दिखाएंगे
- पाकिस्तान को आर्थिक सहायता देना मतलब आतंकवाद को वित्तपोषण करना है



**पाक प्रोबेशन पर गड़बड़ी की तो दंड देंगे**

सिंह ने कहा कि वर्तमान सीजफायर में, हमने पाकिस्तान को बिहेवियर के आधार पर अभी प्रोबेशन पर रखा हुआ है। यदि उसका बिहेवियर सुधरता है। तब तो ठीक और यदि बिहेवियर में फिर से गड़बड़ी आती है, तो उसको कड़े से कड़ा दंड दिया जाएगा।

**भुज एयरबेस जीत का साक्षी रहा**

भुज का यह एयरबेस 1965 और 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है। आज एक बार फिर यह भुज पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी बना है। इसकी मिट्टी में देशभक्ति की खुशबू है, इसलिए यहां के जवानों में भारत की सुरक्षा का अडिग संकल्प है।

**आतंकवाद का जड़ से नाश करेंगे**

उन्होंने कहा कि सरकार और देश की जनता हर कदम पर, हर स्थिति में आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। आपके सहयोग से हम इस पूरे क्षेत्र में आतंकवाद का जड़ से नाश करेंगे, ताकि कल को कोई भारत की संप्रभुता के खिलाफ आंख उठाने की भी हिमाकत न करे। आतंकवाद का हम मजबूती से और जोरदार तरीके से जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन 'सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है।

**ऑपरेशन सिंदूर श्रृंगार का नहीं, शौर्य का प्रतीक**

उन्होंने कहा कि मैं बस इतना कहूंगा कि आपके पराक्रम ने यह दिखा दिया कि यह वो सिंदूर है, जो श्रृंगार का नहीं, बल्कि शौर्य का प्रतीक है। यह वो सिंदूर है, जो सौंदर्य का नहीं, बल्कि संकल्प का प्रतीक है। यह सिंदूर, खतरे की वह लाल लकीर है, जो भारत ने अब आतंकवाद के माथे पर खींच दी है। मैं इस अवसर पर, आप सभी के साथ-साथ, देश की जनता का भी आभार प्रकट करता हूं।

**आईएमएफ पाकिस्तान को सहायता देने पर पुनर्विचार करे**

रक्षा मंत्री ने कहा कि अब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई केवल सुरक्षा का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय रक्षा सिद्धांत का हिस्सा बन चुकी है। हम आपके साथ मिलकर इस हाइब्रिड और छद्म युद्ध को जड़ से समाप्त करेंगे। पाकिस्तान को किसी भी तरह की आर्थिक सहायता आतंकवाद का वित्तपोषण से कम नहीं है। भारत यही चाहेगा कि आईएमएफ पाकिस्तान को अपनी एक बिलियन डॉलर की सहायता देने पर पुनर्विचार करे और आगे भी किसी भी तरह की सहायता देने से परहेज करे।

---

भारत-पाक मीडिया ने ही खोल दी पोल

# इशाक ने अपनी ही संसद में दिखा दी 'फर्जी' खबर



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने पाकिस्तान की संसद में एक विदेशी अखबार की फर्जी तस्वीर का जिक्र कर झूठा दावा किया कि पाकिस्तानी वायुसेना संघर्ष में भारतीय वायुसेना पर भारी पड़ी। इस दौरान पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने ब्रिटिश अखबार द डेली टेलीग्राफ के एक लेख की तस्वीर का हवाला दिया।

हालांकि, पाकिस्तानी मीडिया ने ही अपने विदेश मंत्री के झूठ का पर्दाफाश कर दिया। फैक्ट चेक में विदेशी अखबार की तस्वीर फर्जी निकली है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने गुरुवार को पाकिस्तान की संसद में बताया कि ब्रिटिश अखबार द डेली टेलीग्राफ ने लिखा कि 'पाकिस्तानी वायुसेना, आकाश में निर्विवाद किंग रही।' इस पर पाकिस्तान के एक जाने-माने अखबार ने ही फैक्ट चेक कर अपने विदेश मंत्री के दावे को खारिज कर दिया।

**ऐसा आर्टिकल कभी प्रकाशित नहीं हुआ**

भारत सरकार के प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) ने फैक्ट चेक के माध्यम से पाकिस्तान के विदेश मंत्री का यह झूठ सोशल मीडिया पर उजागर किया है। 'पीआईबी फैक्ट चैक' ने पाक विदेश मंत्री के दावे को पूरी तरह फर्जी करार दिया और बताया कि 'द डेली टेलीग्राफ' की जिस हेडलाइन को आधार बनाकर यह दावा किया गया है, वह असल में एक एआई इमेज है, जो असली नहीं है और न ही किसी तरह से सच पर आधारित है। 'पीआईबी फैक्ट चैक' 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट में कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित एक तस्वीर में दावा किया गया है कि यह ब्रिटेन के अखबार 'द डेली टेलीग्राफ' के पहले पन्ने की है।

**फैक्ट चेक में फर्जी निकली तस्वीर**

फैक्ट चेक के जरिए पता लगाया कि वायरल तस्वीर में जो लेख है, उसमें स्पेलिंग की गलतियां थीं, जो एक प्रतिष्ठित अखबार के संपादकीय में नहीं हो सकतीं। पेज का लेआउट भी डेली टेलीग्राफ के लेआउट से मेल नहीं खाता। पाकिस्तान के कई अन्य पत्रकारों ने भी इस तस्वीर का फैक्ट चेक किया और इस खबर को फर्जी पाया। एक यूजर ने भी द डेली टेलीग्राफ की तस्वीर को एआई जेनरेट बताया और संसद में दिए उप-प्रधानमंत्री के दावे को शर्मनाक करार दिया। गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत से बुरी तरह से मात खाने के बाद पाकिस्तानी सेना और सरकार अपने देश में फर्जी प्रोपेगैंडा चला रहे हैं ताकि जनता की नजरों में हीरो बनकर बेइज्जती से बचा जा सके।

---

भारत-यूएई साझेदारी होगी और मजबूत

# आईआईएफटी दुबई में खोलेगा विदेशी परिसर, तैयार होंगे लीडर्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) ने दुबई में अपना पहला विदेशी परिसर स्थापित करने की घोषणा की है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आईआईएफटी को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि यह वास्तव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना को दर्शाता है, जो भारतीय शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण और वैश्विक स्तर पर विचार नेतृत्व को आकार देने में इसकी बढ़ती भूमिका में एक नया अध्याय जोड़ता है।

**भारत की शैक्षिक उपस्थिति मजबूत होगी**



*पीयूष गोयल ने कहा कि दुबई में बनने वाला यह परिसर यूएई के साथ भारत के बढ़ते शैक्षिक सहयोग को दर्शाता है और यह भारतीय मूल्यों और अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण से लैस वैश्विक व्यापार जगत के नेताओं को विकसित करने के लिए एक रणनीतिक केंद्र बनने के लिए तैयार है। यह न केवल भारतीय प्रवासियों और वैश्विक शिक्षार्थियों की गतिशील जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि खाड़ी क्षेत्र में भारत की शैक्षिक उपस्थिति को भी मजबूत करेगा।*

**अंतरराष्ट्रीय व्यापार में विश्व स्तरीय शिक्षा देंगे**

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि यह आईआईएफटी के 62 साल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ है कि संस्थान दुबई में एक पूर्ण परिसर स्थापित कर रहा है। यह विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करता है।

---

जासूसी के आरोप में पानीपत से पकड़ा

# पाक के आईएसआई हैंडलर के संपर्क में था नौमान इलाही

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़



हरियाणा पुलिस ने एक युवक को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पानीपत से पकड़ा है। 24 साल का यह युवक नौमान इलाही उत्तर प्रदेश के कैराना का रहने वाला है। वह एक फैक्ट्री में सुरक्षा गार्ड के तौर पर काम करता था। वह पाकिस्तान की प्रमुख सैन्य खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के हैंडलर के संपर्क में था।

**सोशल मीडिया पर भेजता था जानकारी**

इलाही पाकिस्तानी आतंकी इकबाल के अलावा वहां के कई संगठनों के टच में था। वह उन्हें वॉट्सऐप व अन्य सोशल मीडिया एप के जरिए भारत की खुफिया जानकारी भेज रहा था। इनमें ज्यादातर जानकारी रेलवे स्टेशनों से जुड़ी हुई है। पुलिस ने उसके नंबर से हो रही संदिग्ध गतिविधि को ट्रेस करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल, वह छह दिन की पुलिस रिमांड पर है। 20 मई को उसे कोर्ट में दोबारा पेश किया जाएगा।

---

तुर्किये ने मध्यस्थता की, दोनों देशों के प्रतिनिधि शामिल थे

# रूस-यूक्रेन में जंग रोकने पर पहली बातचीत खत्म, 2 घंटे से भी कम चली

एजेंसी ▶▶ इस्तांबुल

तुर्किये में रूस और यूक्रेन के बीच जंग रोकने को लेकर चल रही पहली बातचीत खत्म हो गई है। इस्तांबुल में हो रही इस बातचीत में दोनों देशों का प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ, जिसकी मध्यस्थता तुर्किये के अधिकारियों ने की। यह बातचीत लगभग 2 घंटे तक चली। अभी इसके नतीजे सामने आना बाकी हैं। यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव और रूस के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पुतिन के सहयोगी व्लादिमिर मेंडिस्की ने किया। रूस और यूक्रेन के बीच फरवरी 2022 से जंग जारी है।

**जल्द ही पुतिन से मिलूंगा: ट्रंप**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि वह जल्द ही अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से सीधी बीतचीत की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि जब तक पुतिन और मैं एक साथ नहीं आते, तब तक कुछ भी होने वाला है, चाहे आप इसे पसंद करें या नहीं। लेकिन हमें इसे हल करना होगा क्योंकि बहुत से लोग मर रहे हैं। हालांकि क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि पुतिन की आने वाले दिनों में ट्रंप से मिलने की कोई योजना नहीं है।

**रूस को जमीन नहीं देंगे: जेलेंस्की**

जेलेंस्की ने इससे पहले साफ कहा है कि यूक्रेन कभी भी उन इलाकों को रूस का हिस्सा नहीं मानेगा, जो अभी रूस के कब्जे में हैं। शांति वार्ता आगे बढ़ेगी, लेकिन यूक्रेन अपनी जमीन से समझौता नहीं करेगा। जमीन यूक्रेन की है और यह हमेशा यूक्रेन की ही रहेगी। रूस ने यूक्रेन के खिलाफ चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो उस पर और भी कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे।

---

सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के समन्वय और सहयोग से सफल रहा अभियान

# तीन दिन में दो बड़े आतंकवाद विरोधी मिशन में 6 आतंकी ढेर

एजेंसी ▶▶ अवंतीपुरा

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवाद विरोधी अभियानों में तेजी लाते हुए दक्षिण कश्मीर में पिछले तीन दिनों में छह आतंकवादियों को मार गिराया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने कहा कि सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के बीच समन्वय एवं सहयोग और बढ़ी हुई सतर्कता के कारण दो सफल अभियान चलाए गए, जिनमें छह आतंकवादी मारे गए।

उन्होंने कहा कि हम कश्मीर में किसी भी आतंकवादी गतिविधि को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम हमेशा ऐसे कृत्यों को रोकने के लिए तैयार हैं। मंगलवार और गुरुवार को क्रमशः



शोपियां के केल्लर इलाके और पुलवामा के त्राल के नादर इलाके में मुठभेड़ हुई। दोनों अभियानों में तीन-तीन आतंकवादी मारे गए। इस दौरान दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में विक्टर फोर्स के मुख्यालय में विक्टर फोर्स के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल धनंजय जोशी और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिरीक्षक मितेश जैन भी मौजूद रहे।

**शोपियां के केल्लर इलाके और पुलवामा के त्राल के नादर इलाके में मुठभेड़ हुई**

**त्राल में नागरिकों और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला**

जीओसी मेजर जोशी ने कहा कि हमारे पास खुफिया जानकारी थी कि बर्फ पिघलने के बाद आतंकवादी ऊंचे इलाकों की ओर चले गए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, हमारी टीम लगातार ऊंचे इलाकों, पर्वतीय क्षेत्रों और जंगलों में तैनात थीं। 12 मई की रात को सुरक्षा एजेंसियों को शोपियां के केल्लर इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिली थी। हमने आतंकियों को चुनौती दी, इसके बाद मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। वहीं, त्राल में हमने गांव को चारों तरफ से घेर लिया था। आतंकवादियों ने अलग-अलग घरों में मोर्चा संभाल लिया और गोलीबारी शुरू कर दी। हमने मासूम नागरिकों, बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालना। इसके बाद एक-एक कर घरों की व्यवस्थित तरीके से तलाशी ली गई और तीनों आतंकवादियों को अलग-अलग स्थानों पर ढेर किया गया।

**आतंकवाद का सफाया करने लोगों का समर्थन जरूरी**

*सीआरपीएफ के महानिरीक्षक मितेश जैन ने कहा कि लोगों के समर्थन के बिना आतंकवाद का सफाया करना न केवल कठिन है, बल्कि असंभव भी है। सफल अभियान इस बात का प्रमाण है कि यहां के लोग जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का खात्मा चाहते हैं। उत्तरी कमान के सैन्य कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने अवंतीपुरा में तीन आतंकवादियों को मार गिराने वाले संयुक्त अभियान में त्वरित और सटीक कार्रवाई के लिए चिनार कोर की सराहना की।*

---

75वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रस्ताव पारित

# न्यूयॉर्क सीनेट में भारतीय संविधान का सम्मान, मार्गदर्शक के रूप में दी मान्यता



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राज्य न्यूयॉर्क की सीनेट में भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर इसका सम्मान करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव में भारतीय संविधान को राष्ट्र के रूप में भारत की निरंतर प्रगति के लिए एक मार्गदर्शक ढांचे के रूप में मान्यता दी गई है और लोकतांत्रिक मूल्यों का जश्न मनाया गया।

**पूरी दुनिया में मनाया जाए जश्न**

जेरेमी कूनी ने कहा कि मैं भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के सम्मान में यह प्रस्ताव पेश कर रहा हूं, यह भारतीय स्वतंत्रता और उन कई बहादुर भारतीयों का जश्न मनाने का समय है, जिन्होंने अपने देशवासियों की भलाई के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी। यह दिन सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में मनाया जाना चाहिए। पूरी दुनिया में भारतीय अपने समुदायों में स्थायी प्रभाव डाल रहे हैं। यह हमारे साझा इतिहास, संस्कृति और विरासत का जश्न मनाने और उस पर विचार करने के लिए एक साथ आने का अवसर है।

## खबर संक्षेप

### पांचवीं-आठवीं बोर्ड की परीक्षाओं की तारीख बढ़ाई जाए, मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय सचिव राजेश सहारिया ने बताया की कक्षा पांचवी एवं कक्षा आठवीं बोर्ड की पुनः परीक्षाएं 22 मई से प्रारंभ की जा रही हैं इस समय भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है, ऐसे में परीक्षा लेने पर विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है और कई विद्यार्थी छुट्टी मनाने जिले से बाहर हैं और उनसे किसी प्रकार से संपर्क भी नहीं हो पा रहा है यदि इस समय परीक्षा ली जाती है तो हो सकता है की कुछ छात्र परीक्षा से वंचित रह जाएं ऐसे में परीक्षा जून माह के प्रथम सप्ताह में ली जाना चाहिए। अतः छुट्टियों के चलते मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन आयुक्त राज्य शिक्षा केंद्र से मांग करता है कि इन परीक्षाओं को जून माह के प्रथम सप्ताह में कराया जाए। अभी ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते कई शिक्षक भी परिवार सहित बाहर गए हुए हैं तथा छुट्टियों के दिनों में भी कटौती न हो इस बात का ध्यान रखते हुए परीक्षा जून के प्रथम सप्ताह में ली जाए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, हेमंत ठाकरे, दिनेश गोंड, राकेश श्रीवास, आदि ने मांग की है।

### मांगें नहीं मानी, तो अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी रहेगी

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी सफाई कर्मचारी संघ द्वारा 20 मई को पूर्वान्ह 11 बजे जिला कलेक्टर को मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिहोरा के विरोध में नीरज वाल्मीक प्रदेश महामंत्री मप्र श्रमजीवि सफाई कर्मचारी संघ से सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ के मार्गदर्शन में ज्ञापन सौंपा जाएगा। बताया गया मुख्य नगर पालिका अधिकारी को संगठन ने 13 मई को छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा था, लेकिन आज दिनांक तक कोई वार्तालाप नहीं की गई, समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया गया, जिसके विरोध में संगठन एवं लगभग 200 सफाई कर्मचारी प्रतिदिन सिहोरा, खितौला में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

### तीन चरण में होंगे प्रवेश, दो केंद्रीकृत चरण तथा एक सीएलसी राउंड होगा

# कॉलेजों में प्रवेश के लिए पंजीयन के साथ सत्यापन शुरू, 4 जुलाई तक चलेगी प्रोसेस

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कई बदलाव भी लागू किए**

हरिभूमि, जबलपुर

प्रदेश के सरकारी और निजी कॉलेजों में प्रवेश के लिए पंजीयन और दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य शासन ने प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों में 15 मई से प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है, सरकार ने इस सत्र से पंजीयन शुल्क भी घटा दिया है। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कई बदलाव भी लागू किए हैं।

मप्र के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री ने उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया संबंधी ई-प्रवेश प्रकिया ब्रोशर का विमोचन किया। इसके अनुसार उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया 15 मई 2025 से शुरू होकर 4 जुलाई तक चलेगी। प्रवेश प्रक्रिया में तीन चरण होंगे, जिसमें दो केंद्रीकृत चरण तथा एक सीएलसी चरण होगा।

#### ई-प्रवेश मोबाइल एप पर होगा रजिस्ट्रेशन



#### एक वर्षीय स्नातकोत्तर में प्रवेश शुरू

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप इस वर्ष से एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है। विद्यार्थी अपनी न्यूनतम योग्यता के आधार पर उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। साथ ही दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम भी संचालित रहेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के लिए अध्यादेश इस वर्ष लागू किया गया है। इसके अनुसार प्रवेश प्रक्रिया में बदलाव किया गया है।

उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार इस सत्र से ई-प्रवेश मोबाइल एप विकसित किया गया है, जिसमें विद्यार्थी को पंजीयन में आसानी होगी। वह जहां है वहीं से पंजीयन कर सकता है। ऐसे विद्यार्थी जो घर से पंजीयन नहीं कर पा रहे हैं, वे शासकीय महाविद्यालय के हेल्प सेंटर पर पंजीयन कर सकते हैं। सामान्य एवं एनसीटीई पाठ्यक्रमों के लिए अब एक ही पोर्टल प्रवेश के लिए सामान्य पाठ्यक्रमों एवं एनसीटीई के लिए अलग पोर्टल को समाप्त कर केवल एक ही पोर्टल किया गया है। एनसीटीई कोर्सेस में पंजीयन शुल्क 250 रुपए था सामान्य पाठ्यक्रमों में 150 रुपए पंजीयन शुल्क एवं 50 रुपए पोर्टल शुल्क इस तरह से 200 रुपए था। दोनों पाठ्यक्रमों में पंजीयन शुल्क घटाकर 100 रुपए किया गया है।

**प्रथम चरण में छात्राओं से कोई शुल्क नहीं**

प्रथम चरण में छात्राओं से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। पूर्व में पोर्टल शुल्क 50 रुपए था छात्राओं के लिए कोई पोर्टल शुल्क नहीं लिया जाता था। इस सत्र से सभी पाठ्यक्रमों से पोर्टल शुल्क समाप्त कर दिया गया है। द्वितीय चरण से सभी छात्र/छात्राओं को पंजीयन शुल्क 150 रुपए होगा।



# मुखर्जी अस्पताल की धांधली के खिलाफ प्रदर्शन

**पीड़ित और डॉक्टर एसोसिएशन आमने-सामने**

**जबलपुर।** जय महाकाल संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया रामकृष्ण तिवारी के साथ उनके साथियों ने पी जी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल मुखर्जी अस्पताल राइट टाउन के सामने उनके प्रबंधन एवं डॉ अभिजीत मुखर्जी और डॉ विनोद जैन के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने को लेकर प्रदर्शन एवं घेराव किया जिसमें अस्पताल पर आरोप लगाया कि उनके बायें पैर में डाली गई टाइटेनियम प्लेट घटिया क्वालिटी की थी जो कि कुल महीने बाद टूट गई जो कि डॉ अभिजीत मुखर्जी और विनोद जैन द्वारा लापरवाही और षड्यंत्र तथा धोखाधड़ी दर्शाता है। शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बारी ने भी अस्पताल की अनियमितताओं को लेकर कहा कि अस्पताल आवासीय भूमी मद पर संचालित हो रहा है और fire NOC FIRE EXIT इत्यादि की भी व्यवस्था नहीं है ऐसे में अस्पताल संचालन मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ है,जिसे तत्काल रोका जाए। आक्रोशित महिलाओं पुरुषों ने अस्पताल और डॉक्टरों के खिलाफ प्रदर्शन किया जिसमें गहमा-गहमी का माहौल बन गया था जिसमें सैकड़ों डॉक्टर एकट्ठा होकर घंटों आंदोलनकारियों का इंतजार करते रहे जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने वातावरण शांत कराया। इस प्रदर्शन के कार्यक्रम में कन्हैया रामकृष्ण तिवारी, शैलेन्द्र बारी प्रदेश उपाध्यक्ष शिवसेना , श्रीमती राधा तिवारी, नीलू स्वामी, मृगांक शुक्ला, रोशन गौतेल, हिमांशु त्रिपाठी, उपस्थित थे।

# नेशनल लोक अदालत में 14 हजार से अधिक बिजली प्रकरणों में दी गयी 4 करोड़ की छूट

जबलपुर।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि गत दिनों आयोजित नेशनल लोक अदालत में बिजली से संबंधित 14 हजार 864 प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण कर 4 करोड़ रुपये से अधिक की छूट दी गयी है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी क्षेत्र में 7 हजार 227 प्रकरणों का निराकरण करते हुए विद्युत उपभोक्ताओं को एक करोड़ 66 लाख 27 हजार रुपये की छूट प्रदान की गयी है। कम्पनी के खाते में 9 करोड़ 76 लाख रुपये का राजस्व भी जमा कराया गया। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी क्षेत्र में 5 हजार 363 प्रकरण निराकृत हुए हैं। इनमें बिजली उपभोक्ताओं को एक करोड़ 46 लाख रुपये की छूट दी गयी है। कम्पनी को लगभग 8 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। इसी तरह पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के जिलों में 2 हजार 274 प्रकरणों का निराकरण कर करीब 98 लाख रुपये की छूट बिजली उपभोक्ताओं को दी गयी है। कम्पनी को लगभग 4 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

मंत्री श्री तोमर ने बताया है कि कम्पनियों द्वारा वितरण केन्द्र स्तर तक लोक अदालत के लिए प्रभावी तैयारी की गई थी। लोक अदालत में विद्युत अधिनियम-2003 की धारा-135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में समझौता किया गया। प्री लिटिगेशन के माध्यम से निराकरण के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट प्रदान की गई। प्री लिटिगेशन स्तर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट मिली, जबकि लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट की तैयारी की गई थी।

# ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित नुक्कड़ नाटक का स्टेशन में मंचन

**नाटक भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य, बलिदान और सम्मान को समर्पित**

जबलपुर।

मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा की निर्देशन पर शुक्रवार को जबलपुर एवं मदन महल रेलवे स्टेशन पर ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित स्काउट एवं गाईड द्वारा एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। यह नाटक भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य, बलिदान और सम्मान को समर्पित था, जिसने दर्शकों के मन में गहरी छाप छोड़ी। नाटक की शुरुआत पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पृष्ठभूमि से हुई,




जिसमें देश के वीर सैनिकों के बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि हमारी सेना केवल सरहदों की रक्षा ही नहीं करती, बल्कि हर भारतीय की रक्षा में अपनी जान की बाजी लगाकर 'सिंदूर' की असली कीमत समझाती है। इसके अतिरिक्त भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर में अदम्य शौर्य का प्रदर्शन करने पर जबलपुर मंडल के मुख्य स्टेशनों से तिरंगा यात्रा भी निकली गई थी तथा स्टेशनों पर देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत गानों का भी प्रसारण किया गया। नाटक के माध्यम से सभी यात्रियों एवं कर्मचारियों से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा सदैव देश के जवानों के सम्मान और बलिदान को स्मरण रखें।

इस अवसर पर मंडल के अधिकारी सहित रेलवे कर्मचारी एवं भारी संख्या में यात्रीगण उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों एवं उपस्थित यात्रियों ने नाटक की सराहना करते हुए इसे अत्यंत प्रेरणादायक बताया।




## स्वच्छता के प्रति जागरूक करने चलाया जागरूकता अभियान

**जबलपुर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत चल रहे स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर पालिक निगम जबलपुर की आईईसी टीम एवं स्वच्छता चैंपियन सत्यजीत राय द्वारा एक विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर शहर को स्वच्छता रैंकिंग में उच्च स्थान दिलाना है। इस अभियान के दौरान नागरिकों को स्वच्छता के महत्व को समझाया गया और बताया गया कि किस प्रकार कचरा पृथक्कीकरण (गीला और सूखा कचरा अलग करना), होम कम्पोस्टिंग, नालियों और सड़कों में कचरा न फेंकने की आदत एवं डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था में सहयोग देकर जबलपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है।स्वच्छता चैंपियन सत्यजीत राय ने क्षेत्रवासियों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक और पॉलीथीन का उपयोग न करने की सलाह दी और सभी से अपने आस-पास साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा, हर नागरिक की छोटी-छोटी आदतें ही एक बड़े बदलाव की नींव रखती हैं। जबलपुर को स्वच्छ बनाने में हम सभी की भागीदारी आवश्यक है।

## व्यापारी संघ ने संभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** आधारताल हॉकर्स जोन व्यापारी संघ की मांग पर नगर निगम प्रशासन द्वारा आधारताल हॉकर्स जोन के नवनिर्माण कार्य के लिए आधारताल हॉकर्स जोन व्यापारी संघ के संरक्षक चमन पासी के प्रयास से प्रशासन द्वारा (नगर निगम चुनाव के पूर्व) 21 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी जिसके तहत ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया लेकिन कुछ महीनों से ठेकेदार ने निर्माण कार्य बंद कर दिया है, जिससे हॉकर्स जोन में व्यापार करने वाले व्यापारी बेहद परेशान हैं, क्योंकि कुछ दिनों पश्चात बारिश का मौसम प्रारंभ हो जाएगा, जिससे व्यापारियों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। आधारताल हॉकर्स जोन व्यापारी संघ द्वारा नगर निगम आधारताल जोन के संभागीय अधिकारी श्री मिश्रा को संघ के चमन पासी, नीरज दुबे, परम बर्मन, गंगा सिंह ठाकुर, संतोष लोधी, सुनीत निगम, राजा केशवानी, निस्सू केवट, सुरेश श्रीपाल, गुड्डी पटेल, बाबूसलाम, नरेश सोनकर सहित अन्य ने ज्ञापन सौंपकर अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण करने की मांग की है।

# भारतीय सेना का अपमान करने वाले मंत्री को बर्खास्त करे सीएम

**एनएसयूआई ने उप-मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन**

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री विजय शाह द्वारा देश को गर्वित करने वाली भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई अशोभनीय तथा आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने उप-मुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा को ज्ञापन सौंपकर मंत्री विजय शाह का इस्तीफा लेकर नियमानुसार देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की जिस पर मंत्री श्री देवड़ा ने आश्वासन दिया कि शीर्ष नेतृत्व इस मामले पर जल्द निर्णय लेगा।



छात्र नेता अनुराग शुक्ला व शफी खान ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी,जो भारतीय सेना की शान हैं, जिनकी बहादुरी पर देश को गर्व है उनके लिए की गई अपमानजनक टिप्पणी न केवल महिला शक्ति का अपमान है, बल्कि भारतीय सेना के सम्मान पर भी कुठाराघात है। बीजेपी भारतीय सेना के सम्मान और प्रदेश की जनता की भावनाओं के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील और गैर-जिम्मेदार है मुख्यमंत्री को अपने मंत्रिमंडल से शीघ्र उनका इस्तीफा लेकर नियमानुसार देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर भारतीय सेना से माफी मांगनी चाहिए ज्ञापन सौंपते समय अदनान अंसारी,प्रतीक गौतम, सक्षम यादव, एजाज अंसारी, युग ठाकुर,अंकित कोरी आदि मौजूद थे।



# उप-मुख्यमंत्री ने दिया अविरल जैन को आशीर्वाद

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के उप-मुख्यमंत्री और जबलपुर के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा का जबलपुर प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के कोषाध्यक्ष एवं गेल इंडिया के स्वतंत्र निदेशक सीए अखिलेश जैन एवं एड. वर्षा जैन के घर आगमन हुआ और इस अवसर पर उनके सुपुत्र अविरल जैन के दसवीं कक्षा में 98.6% प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त करने और साथ ही साथ गणित विषय में 100/100 नंबर प्राप्त करने पर बधाई, शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिमनेशिया एवं जनजातीय प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन

# व्यस्त जीवन में अच्छा स्वस्थ्य आवश्यक : प्रो. शर्मा

**जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर परिसर में शुक्रवार को जनजातीय अनुसंधान एवं विकास केन्द्र एवं व्यायाम शाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रो मनदीप शर्मा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दी प्रज्वलन कर किया गया। कुलगुरु ने कहा कि वर्तमान की व्यस्तम जीवन शैली को सफल एवं सुचारू रखने के लिए अच्छा स्वास्थ्य हम सभी के आवश्यक है, इसके लिए नियमित योग एवं व्यायाम बेहद लाभकारी होता है, एक अच्छा स्वास्थ्य हमेशा एक सुखद भविष्य का निर्माण करता है, और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस व्यायाम शाला का निर्माण किया गया है, परिसर में निर्मित यह व्यायाम शाला विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं, अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए बेहद उपयोगी एवं सहायक सिद्ध होगा, नवीन



व्यायाम शाला में स्ट्रेचिंग,ट्रेडमिल, वेट लिफ्टिंग, साइक्लिंग, एवं अन्य सभी महत्वपूर्ण उपकरण रखे गए हैं । कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण कुलसचिव डॉ एस एस तोमर, डॉ श्री कांत जोशी,डॉ आरके शर्मा, डॉ जी पी लखानी,डॉ सुनील नायक, डॉ शशिकांत महाजन,डॉ बी राय, डॉ एस एस कारमोरे,डॉ एस घोष, डॉ आर वी सिंह,डॉ अक्षय गर्ग, डॉ , रामकिंकर मिश्र , सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ सोना दुबे, शिव मोहन सिंह, प्रतीक कुमार तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर 101 मातृ शक्तियों ने भगवान शंकर की पूजा की

**जबलपुर।** शिव मंदिर में 101 मातृ शक्तियों ने पुलवामा में शहीद हुए निर्दोष व्यक्तियों की आत्म शांति के लिए और सिंदूर ऑपरेशन में भारतीय सेना के द्वारा बहादुरी से दुष्टों का संघार किये जाने पर 16 मई 2025 को शिव मंदिर ओमकार नगर में सभी मातृ शक्तियों ने माता पार्वती और भगवान शंकर की आराधना, पूजा अर्चन करते हुए निवेदन किया कि भारतीय सेना को शक्ति प्रदान करें जिससे वह डटकर भारत माता और सभी मातृ शक्तियों के सुहाग की रक्षा कर सकें। इस उपलक्ष में ओमकार नगर से 101 मातृ शक्तियों ने व्रत रखकर पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर श्याम सुंदर चौबे पूर्व सैनिक समाजसेवी, प्रेमलता दुबे, गीता चौबे, ममता त्रिपाठी, गीता अवस्थी, निधि दुबेश, मीना मिश्रा, आशा पटेल, वंदना कुशवाहा, कुसुम शुक्ला, माया विश्वकर्म, प्रियंका विश्वकर्म, गीता पटेल सहित समस्त मातृ शक्तियां उपस्थित हुईं।

## विवेक झारिया ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया

**जबलपुर।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 2022 के एम.टेक. 2022 की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए 12वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर विवेक झारिया को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया।



## संत अलॉयसियस महाविद्यालय का नैक टीम ने किया निरीक्षण

**जबलपुर।** संत अलॉयसियस महाविद्यालय जबलपुर में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा द्विदिवसीय ऑनलाइन निरीक्षण किया गया। ज्ञातव्य है कि यह महाविद्यालय में नैक निरीक्षण का चौथा चरण है। नैक निरीक्षण टीम के समक्ष महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. फा. जे बेन एंटोन रोम द्वारा मान्यता अवधि के दौरान संस्थागत गुणवत्ता के प्रमुख पहलुओं को सम्मिलित करते हुए प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात कमेटी ने महाविद्यालय में आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. सिबी सेमुअल से बातचीत की। इसके उपरांत कमेटी ने मुख्य रूप से पाठ्यक्रम, अध्ययन, अध्यापन, परीक्षा प्रणाली, सूचना प्रौद्योगिकी, शोध सुविधाओं इत्यादि पर क्राइटेरिया प्रभारियों से गहन चर्चा की। चर्चा के दौरान प्रभारियों ने नई शिक्षा नीति पर आधारित स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय एवं वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप तथा रोजगार, उद्यमिता एवं कौशल विकास से परिपूर्ण पाठ्यक्रम के संदर्भ में, शोध परियोजनाओं, आयोजित संगोष्ठियों, कार्यशालाओं के संदर्भ में प्रमाणों के साथ अभिलेख प्रस्तुत किए। निरीक्षण के अगले चरण में कमेटी ने महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए वीडियो टूर के आधार पर महाविद्यालय के बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाओं जैसे कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, शोध उपकरणों, आईसीटी सुविधाओं, पुस्तकालय, कैंटीन, व्यायाम शाला, सांस्कृतिक तथा खेल सुविधाओं का जायजा लिया।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र 11/19-20/ दिनांक 09-05-2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति विद्या पाटील पति शिबनगोड़ा आर पाटील ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द बैनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक 1378/411 चौथी तल अफसरा अपार्टमेन्ट सिविल लाइन सम्पत्ति पिन क्रमांक 1000397975 पर दर्ज भूमि का चौथी तल 700 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री जयदीप दुबे पिता श्री महेश दत्त दुबे का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/0147/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जियाउल हक/ स्व. रियाजुल हक निवासी-203/3 ब्लाक नं. 04 जय प्रकाश वार्ड जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं. 81 प्लाट नं.-203/1 रकवा 1600 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु./ हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक- मृत्यु दिनांक-10/02/2019 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.-81 प्लाट नं. -203/1 रकवा-1600 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु.हे. / ग्राम -भरतीपुर प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा- 1600 व.फु./ हे. मो. असफाक खान S/o हनीफ खान नि.-527 गलगला टोरिया बगैरा. के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 21/05/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 05/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-05/05/2025
पेशी दिनांक-21/05/2025

मुद्रा

तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

**खबर संक्षेप**

## एचडीएफसी बैंक का बिज प्लस करंट अकाउंट्स लांच

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक ने चालू खाता जमा में अपने नए बिज प्लस करंट एकाउंट्स के लांच की घोषणा की है। यह भारतीय व्यवसायों की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किए गए चालू खाता पेशकशों के एक नई पहल है। खातों की इस रेंज का उद्देश्य पहले दिन से ही पूरे बैंक को ग्राहक तक लाकर व्यवसायों को सशक्त बनाना है। प्रत्येक बिज प्लस चालू खाता नकद प्रबंधन सेवाओं, सहज डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म और समर्पित बैंक,रिलेशनशिप मैनेजर सहायता सहित मुख्य लाभों से सुसज्जित है।

## एक्सिस बैंक और अंतरा सीनियर केयर में साझेदारी

**नई दिल्ली।** एक्सिस बैंक ने भारत में वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल से जुड़े एकमात्र एकीकृत परितंत्र और मैक्स इंडिया लिमिटेड की पूर्ण मालिकी वाली सहायक कंपनी, अंतरा सीनियर केयर के साथ गठजोड़ किया है, ताकि भारत की बुजुर्ग आबादी के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाया जा सके। इस साझेदारी के जरिए, अंतरा अपने विभिन्न किस्म के उत्पाद और सेवाओं की पेशकश करेगा, जिसमें केयर होम्स, केयर एट होम और अपने विशिष्ट मार्केटप्लेस एजीजी तक पहुंच शामिल होगी।

## आर्केड डेवलपर्स का मुनाफा 70 फीसदी बढ़ा

**मुंबई।** प्रीमियम और लग्जरी आवासीय प्रोजेक्ट्स के लिए प्रसिद्ध रियल एस्टेट कंपनी आर्केड डेवलपर्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 और चौथी तिमाही के अपने ऑडिटेड वित्तीय नतीजे जारी किए। चौथी तिमाही के जारी नतीजे के अनुसार कंपनी को कुल आय 134.34 करोड़ हुई, जबकि वर्ष दर वर्ष वृद्धि 9.10फीसदी ,एबिटडा 44.46 करोड़ रहा। वर्ष दर वर्ष वृद्धि 64.71फीसदी , एबिटडा मार्जिन 33.82 फीसदी, 1186 बेसिस प्वाइंट्स रहा। कंपनी का शुद्ध लाभ 33.26 करोड़ रुपए रहा।

# कारोबारी बोले-पाक परस्त दुश्मन देशों के साथ सभी लेन-देन बंद कर दें

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

**तुर्की व अजरबैजान से व्यापार बहिष्कार का संकल्प लिया**

भारत की सद्भावना, सहायता और रणनीतिक समर्थन का लाभ उठाया उठाने वाले तुर्की और अजरबैजान आतंकवादियों के सरपरस्त पाकिस्तान की सहायता कर रहे हैं और खुलकर समर्थन किया। भारत पर हमले में जो ड्रोन भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने मार गिराए, वे तुर्की के बने थे। अब सीजफायर के बाद भारत में तुर्की के खिलाफ विरोध बढ़ रहा है और चौतरफा बहिष्कार की मुहिम जोर पकड़ रही है।

जिसका असर तुर्की के अरबों डॉलर के कारोबार पर पड़ेगा। मध्यप्रदेश सहित राजधानी भोपाल में विभिन्न ट्रेडों का व्यापार कर रहे व्यापारियों और व्यापारिक संगठनों ने प्रतिनिधियों ने तुर्की के बहिष्कार का ऐलान किया है व्यापार जगत से जुड़े व्यापारियों, उद्योग जगत के उद्यमियों तथा आमजनता से अपील की है कि तुर्की के साथ अपना पूरा व्यापार बंद करें और पाकिस्तान परस्त उक्त देशों को पूर्ण रूप से बहिष्कार करें साथ इन्हें आर्थिक चोट पहुंचाएं।




### एकजुट हों और भारत के सम्मान, सुरक्षा के प्रति दृढ़ता और निष्ठा प्रदर्शित करें : कृष्णाकुमार



भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कृष्णकुमार बांगड़ ने कहा कि पाक परस्त दुश्मन देशों का बहिष्कार की राष्ट्रीय हितों और एकजुटता के प्रति उद्योग की अटूट प्रतिबद्धता को जाहिर करती है। उन्होंने कहाकि तुर्की और अजरबैजान के साथ व्यापार रोककर हम एकता और संकल्प का स्पष्ट संदेश दे सकते हैं और राष्ट्रीय गौरव के स्तंभ के रूप में अपने उद्योग की भूमिका को सुदृढ़ कर सकते हैं। तो आइए हम इन मूल्यों को बनाए रखने के लिए एकजुट हों और भारत के सम्मान और सुरक्षा के प्रति अपनी दृढ़ता और निष्ठा का प्रदर्शन करें।

### इलेक्ट्रिकल्स व्यापारियों ने किया बायकॉट का ऐलान : सुनील जैन



मध्यप्रदेश इलेक्ट्रिकल्स ट्रेडर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुनील जैन (जैनाविन) ने कहाकि जो भी देश भारत के खिलाफ है, उसके साथ व्यापार करने का कोई सवाल ही नहीं है। भारत देश के व्यापारियों के लिए अपनी देशभक्ति दिखाने का उचित समय है। व्यापारियों ने तुर्की व अजरबैजान से व्यापार बहिष्कार का संकल्प लिया है।

### तुर्की और अजरबैजान ने किया भारत की संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों पर आघात : सुनील अग्रवाल



कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि तुर्की और अजरबैजान, जिन्होंने भारत की सद्भावना, सहायता और रणनीतिक समर्थन का लाभ उठाया, आज पाकिस्तान का साथ दे रहे हैं, जो विश्व स्तर पर आतंकवाद के समर्थन के लिए जाना जाता है। उनका यह रुख भारत की संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों पर आघात है और साथ ही 140 करोड़ भारतीयों की भावनाओं का भी अपमान है।

### राष्ट्र हित पहले, व्यापार हित बाद में, पुरजोर बहिष्कार हो: सत्यनारायण बांगड़



पुराने भोपाल के थोक बाजार हनुमानगंज स्थित तेल कारोबारी सत्यनाराण बांगड़ ने कहा कि पाकिस्तान के समर्थन में तुर्की के खड़े होने सभी भारतवासी में नाराजगी उत्पन्न कर दी है। दुश्मन देश पाक के साथ देने वाला देश भी दुश्मन ही होगा। यही वजह है कि भोपाल, मध्यप्रदेश ही नहीं संपूर्ण भारत वर्ष के व्यापारी एकजुट होकर देश के सम्मान और हित में तुर्की और अजरबैजान देश से हर प्रकार से संबंध खत्म करने का निर्णय लिया है। इस फैसले देश के व्यापारियों को भी नुकसान हो सकता है, फिर भी देशहित को प्राथमिकता देते हुए मेरी सभी से अपील है कि बहिष्कार पुरजोर हो।

### रत्न व आभूषण क्षेत्र समर्थन में एकजुट : राजेश

अखिल भारतीय रत्न व आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) ने उद्योग से 'ऑपरेशन सिंदूर' के प्रति समर्थन दिखाने के लिए तुर्की और



अजरबैजान के साथ सभी व्यापारिक तालमेल बंद करने की अपील की है। जीजेसी के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहाकि भारतीय रत्न व आभूषण क्षेत्र देश के समर्थन में एकजुट है। यह जरूरी है कि हमारा उद्योग वाणिज्य के बजाय देश को प्राथमिकता देकर एक मजबूत उदाहरण स्थापित करे। हम हर आभूषण विक्रेता, निर्माता, व्यापारी और थोक विक्रेता से अपील करते हैं कि वे तुर्किये और अजरबैजान के साथ सभी लेन-देन बंद कर दें।

# तेल कंपनियों ने बढ़ाए भारत पाक तनाव की आड़ में दाम

**बाजार में 500 टन सरसों तेल की रोजाना हो रही खपत**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

खाद्य तेल कंपनियों ने भारत -पाक तनाव के बीच मुनाफावसूली करने खाद्य तेल में दाम में तेजी ला दी है। जिसके असर स्थानीय थोक जिंस हनुमानगंज, जुमेराती बाजार में सभी खाद्य तेल के दाम सप्ताहभर में 4 से 5 रुपए प्रति किलो उछल गए हैं। बाजार जानकारों के अनुसार तेल कंपनियों की मुनाफावसूली के चलते तेल में महंगाई बढ़ी है और खामियाजा ग्राहकों को अधिक मूल्य देकर चुकाना पड़ रहा है।

स्थानीय बाजार के तेल ब्रोकर रमाकांत तिवारी ने बताया कि पिछले 7 दिनों में खाद्य तेल के दाम 4 से 5 रुपए प्रति किलो बढ़े है। उद्योगपति और तेजी वाले सटोरिए खुलकर खेल खेल रहे हैं। खाद्य तेलों के भाव बढ़ाकर गरीब मध्यम वर्ग की परेशानी में और इजाफा होगा। तिवारी ने बताया कि स्थानीय थोक बाजार में सोयाबीन तेल 140 रुपए किलोग्राम, मूंगफली तेजी 160 रुपए, सरसो तेल 150 रुपए, सनफ्लावर ऑयल 180रुपए, पॉम ऑयल 140 रुपए और राइजब्रान ऑयल 130 रुपए किलोग्राम के भाव पर विक्रय किया जा रहा है। तेल ब्रोकर तिवारी और तेल कारोबारी अपूर्व पवैया के अनुसार स्थानीय बाजार में इन दिनों 500 टन सरसो तेल रोजाना बिक रहा है। उनके अनुसार स्थानीय बाजार में सरसो तेल के करीब दर्जन भर ब्रांड हैं।



### दाम बढ़ाने में जुटे बड़े मिलर्स

*बाजार जानकारों के अनुसार गर्मियों के दिनों में वैसे ही लोग तेल का सेवन कम कर देते हैं। इसके बावजूद दाम बढ़े हुए हैं। सरसों तेल सहित अन्य खाद्य तेल में तेजी की प्रमुख वजह मिलर्स है जो मुनाफावसूली के खेल में लिप्त है। जानकारों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेलों के दामों में बड़ी वृद्धि नहीं हुई है, लेकिन स्थानीय बाजारों में भाव बढ़े हुए हैं।*

### किस तेल के आयात में कितना उलट-फेर

*अप्रैल में पाम तेल का आयात 53 प्रतिशत घटकर 3. 21 लाख टन रह गया, जो एक साल पहले 6. 84 लाख टन था, जबकि कच्चे पाम तेल की खेप 55 प्रतिशत घटकर 2. 41 लाख टन रह गई। नरम तेलों में, सूरजमुखी तेल का आयात 23. 28 प्रतिशत घटकर 1. 80 लाख टन रह गया, जबकि सोयाबीन तेल का आयात 20. 37 प्रतिशत घटकर 3. 60 लाख टन रह गया।*

# छग में आईटी आधारित व्हीकल पालिसी यात्रियों को मिलेगी सुरक्षा, एक्सीडेंट होंगे कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने परिवहन क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी आधारित मोटर वाहन एग्रीगेटर पॉलिसी 2025 की शुरुआत की है। यह नीति राइड-हेलिंग सेवाओं, जैसे ओला, उबर और अन्य स्थानीय कैब एग्रीगेटर्स को विनियमित करने के साथ डिजिटल तकनीक के माध्यम से परिवहन को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने का लक्ष्य को लेकर बनाई गई है। परिवहन विभाग ने यह नीति लागू करने के पहले राजपत्र में एक अधिसूचना का प्रकाशन



कराया है और 30 दिनों के भीतर दावा आपत्ति आमंत्रित किया है।इस नीति का मुख्य उद्देश्य सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के उपयोग से मोटर वाहन एग्रीगेटर सेवाओं को संगठित करना और यात्रियों के लिए सुरक्षित, किफायती और विश्वसनीय परिवहन विकल्प सुनिश्चित करना है।

### नशा करके गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर होंगे निलंबित

*इस व्यवस्था के तहत किसी भी वाहन चालक पर दवाओं या शराब के उपयोग पर शून्य सहिष्णुता नीति लागू होगी। जब किसी यात्री को यह संदेह होगा कि वाहन चालक गाड़ी चलाते समय नशीली दवाओं के प्रभाव में है। शून्य सहिष्णुता नीति के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए यात्री की शिकायत मिलने पर एग्रीगेटर द्वारा तुरंत ऐसे ड्राइवर को बोर्ड से बाहर कर देगा, तत्काल निलंबन किया जाएगा या एग्रीगेटर द्वारा जांच की अवधि के दौरान निलंबन जारी रहेगा।*

### ड्राइवरों के लिए ये होगी अनिवार्यता

नीति में चालकों के लिए सख्त दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं। प्रत्येक चालक को पुलिस सत्यापन, मेडिकल फिटनेस टेस्ट और ड्राइविंग लाइसेंस की अनिवार्यता होगी। इसके अलावा, वाहनों को नियमित फिटनेस जांच और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा। यह कदम यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देता है और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में मदद करेगा। साथ ही, नीति में महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधान शामिल किए गए हैं, जैसे कि महिला यात्रियों के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन और रात के समय महिला चालकों की उपलब्धता को प्रोत्साहन।

# कलर्स पर देखिये बेहतरीन शोज़ का नया लाईन-अप

**जबलपुर।** कलर्स रिश्ते पर ड्रामा, धमाका और नॉन-स्टॉप एंटरटेनमेंट शुरू हो रहा है, जो डीडी फ्री डिश पर देखा जा सकेगा। इसके ब्लॉकबस्टर फ्री-टू-एयर (एफटीए) रि-लॉन्च को फैन्स की शानदार प्रतिक्रिया मिली है। प्राईम टाईम में अब मनोरंजन से भरपूर आपके पसंदीदा शो उपलब्ध हैं। डीडी फ्री डिश के दर्शकों के लिए पहली बार भारत के सबसे बड़े ब्लॉकबस्टर और पसंदीदा शो 'शिव शक्ति - तप त्याग तांडव' शाम 7 बजे और 'नागिन - नाश का विनाश' रात 9 बजे से प्रसारित किए जा रहे हैं। आध्यात्मिक गहराई वाली पौराणिक कहानी 'शिव शक्ति - तप त्याग तांडव' में राम यश वर्धन और सुभा राजपूत ने शिव और शक्ति का किरदार निभाया है, वहीं सोशल मीडिया पर सुर्खियों में रही अलौकिक ब्लॉकबस्टर 'नागिन - नाश का विनाश' में तेजस्वी प्रकाश, महक चहल, सिंबा नागपाल और सुधा चंद्रन मुख्य भूमिकाओं में हैं। ये दोनों शो डीडी फ्री डिश पर 15 मई से केवल कलर्स रिश्ते पर देखे जा सकेंगे। इतना ही नहीं, कलर्स रिश्ते की मनोरंजन की पोटली में और भी बहुत कुछ है। यह चैनल हर रोज लोकप्रिय क्लासिक शो से लेकर हाई वोल्टेज़ ड्रामा का बेहतरीन मिश्रण पेश करता है। चाहे फैन्स के बीच लोकप्रिय हुआ 'ससुराल सिमर का' हो, या सबको हँसाने वाला शो 'खतरा-खतरा-खतरा', या फिर बच्चों का पसंदीदा 'मुंकी और ट्रंक, केमोन एक एंड शिवा', कलर्स रिश्ते पर परिवार के हर सदस्य के मूड के अनुरूप बेहतरीन शो हैं। इन शो के साथ कलर्स रिश्ते एक बार फिर आपका पसंदीदा मनोरंजन चैनल बनने के लिए तैयार है।

# उपज की खरीदी में 'बायोमीट्रिक फेस ऑथेंटिकेशन और पॉइंट ऑफ सेल' मशीनों का इस्तेमाल हुआ अनिवार्य

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कृषि मंत्रालय ने अगले खरीफ 2025-26 सीजन से दालों और तिलहनों की न्यूनतम समर्थन मूल्य खरीदी के लिए बायोमेट्रिक फेस ऑथेंटिकेशन और पॉइंट ऑफ सेल मशीनों का इस्तेमाल अनिवार्य कर दिया है। कृषि मंत्रालय का यह कदम सिर्फ वास्तविक किसानों को अलग-अलग योजनाओं के तहत खरीदी का फायदा पहुंचाने का। इसे आधार अधिनियम 2016 की धारा 7 ने संभव बनाया है और यह 21 अप्रैल 2025 से प्रभावी हो गई है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सिर्फ ताजा उपज और वास्तविक किसान ही खरीदी प्रक्रिया का हिस्सा होंगे। किसानों की सहकारी संस्था नैफेड और एनसीसीएफ के साथ ही राज्य स्तरीय एजेंसियां दलहन और तिलहन की खरीद करती हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार केवल दो एजेंसियों के साथ रजिस्टर्ड किसानों को ही तिलहन का फायदा मिलेगा। गौरतलब है कि कृषि मंत्रालय ने खरीदी अवधि को 60 दिनों तक सीमित करने का भी निर्णय लिया है। अधिकारियों के अनुसार 90 दिनों की सीमा से आगे इसे बढ़ाया नहीं जाएगा।

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।


**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

# एयरटेल ने दुनिया का पहला 'फ्रॉड डिटेक्शन सॉल्यूशन' किया लांच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयरटेल ने एक अत्याधुनिक समाधान लांच किया है, जो सभी कम्युनिकेशन ओवर-द-टॉप ऐप्स और प्लेटफॉर्म्स- जैसे ईमेल, ब्राउजर, व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एसएमएस आदि- पर फ्रॉड और मैलिशियस वेबसाइट्स को रियल टाइम में पहचान कर ब्लॉक कर देगा। यह सुरक्षित सेवा सभी एयरटेल मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहकों के लिए बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के स्वचालित रूप से सक्रिय कर दी जाएगा। जब कोई ग्राहक ऐसी वेबसाइट खोलने की कोशिश करता है, जिसे एयरटेल की सिक्योरिटी सिस्टम ने




'मैलिशियस' के रूप में फ्लैग किया है, तो उस वेबसाइट का पेज लोड नहीं होता, इसके बजाय, ग्राहक को एक नए पेज पर रीडायरेक्ट किया जाता है, जहां ब्लॉक किए जाने का कारण स्पष्ट रूप से बताया जाता है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के देशभर में तेजी से विस्तार के चलते ऑनलाइन फ्रॉड का खतरा हर दिन बढ़ रहा है, जिससे उपभोक्ताओं पर गंभीर जोखिम मंडरा रहा है। हाल के दिनों में ऐसे खतरों में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। फ्रॉड स्कीमें अब केवल ओटीपी या फर्जी कॉल तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि हालिया रिपोर्ट्स बताती है कि लाखों लोग अब मैलिशियस ऑनलाइन स्कैम्स का शिकार हो रहे हैं। भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डाइरेक्टर गोपाल विट्टल ने कहाकि पिछले कुछ वर्षों में हमने कई ऐसे मामले देखे, जहां खतरे से अंजान ग्राहकों को चतुर अपराधियों ने उनकी मेहनत की कमाई को ठगा। हमारे इंजीनियरों ने इस समस्या का हल खोजने के लिए फ्रॉड डिटेक्शन सॉल्यूशन तैयार किया है।


## मनाक्सिया कोटेड को 15 करोड़ का शुद्ध लाभ

**मुंबई।** मनाक्सिया कोटेड मेटल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने वित्तवर्ष की चौथी तिमाही और पूरे वित्तवर्ष 2025 के ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी कॉइल और शीट दोनों रूपों में उच्च गुणवत्ता वाले कोटेड मेटल उत्पादों में विशेषज्ञता रखती है।

**आवश्यकता है**
तत्काल भर्ती सुरक्षा गार्ड- 50, फिल्ड आफिसर 5 (कार चलाना जानता हो), कम्प्यूटर आपरेटर (पूर्ण अनुभवी) चाहिए वेतन 9500 से 20000 पता- बालाजी प्लाजा हेमू नगर बिलासपुर छत्तीसगढ़ 8461881111, 8299144824

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789


छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5869



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

**शब्द पहेली- 5868 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | व | र | दा | न | ■ | म | क | स | द | ■ |
| म | ■ | ■ | न | ■ | अ | ■ | ल | ■ | ■ | नि |
| न | ■ | व्य | व | हा | र | कु | श | ल | ■ | य |
| मा | न | व | ■ | ■ | दा | ■ | ■ | कि | म | त |
| नी | ■ | था | ■ | आ | स | न | ■ | र | न | ■ |
| ■ | र | ■ | हा | रा | ■ | ह | त्या | ■ | का | ■ |
| ■ | क | वि | ■ | म | क | र | ■ | क | ■ | रा |
| ह | म | ला | ■ | ■ | ल | ■ | ■ | म | वे | शी |
| वे | ■ | प | र | व | र | दि | गा | र | ■ | फ |
| ली | ■ | ■ | स | ■ | व | ■ | य | ■ | ■ | ल |
| ■ | र | ह | म | त | ■ | घ | ब | रा | ना | ■ |

## सूडोकु बवाल- 5879

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SEMACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु बवाल- 5878 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## इन सेलेब्स ने भी बनाया कान्स में रिकॉर्ड

*78वां कान्स फिल्म फेस्टिवल इस समय दुनियाभर में छाया हुआ है। देश-दुनिया से कई कलाकार इस भव्य समारोह का हिस्सा बन रहे हैं। इसी बीच भारत की नितांशी गोयल इस साल इस फेस्टिवल में शामिल होने वाली सबसे कम उम्र की एक्ट्रेस बन गई हैं। चलिए आपको बताते हैं इससे पहले सबसे कम उम्र के कौन-कौन से कलाकार इस फेस्टिवल में शामिल हो चुके हैं।*

### युया यागिरा

साल 2004 में जापान के युया यागिरा ने महज 16 साल की उम्र में 'नोबडी नोज' फिल्म के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीता था।

### लुई माले

वहीं. 1956 में फ्रेंच डायरेक्टर लुई माले को 24 की उम्र में 'द साइलेंट वर्ल्ड' के लिए पाल्म डी'ओर से नवाजा गया था।

### वलेरिया कोट्टो और ब्रुकलिन प्रिंस

2017 में फिल्म 'द फ्लोरिडा प्रोजेक्ट' के लिए महज 6 साल की उम्र में वलेरिया कोट्टो और 7 साल के ब्रुकलिन प्रिंस ने भी फेस्टिवल में शिरकत की थी।

### अवनीत कौर

2024 में भारतीय एक्ट्रेस अवनीत कौर ने 'लव इन वियतनाम' का पोस्टर लॉन्च कर 22 साल की उम्र में अपने डेब्यू से सबका ध्यान खींचा था।



# कान्स के रेड कारपेट पर वॉक करने वाली सबसे युवा भारतीय एक्ट्रेस बनीं नितांशी

एजेंसी ▶▶| पेरिस

78वें कान फिल्म फेस्टिवल में 'लापता लेडीज' फेम एक्ट्रेस नितांशी गोयल रेड कार्पेट पर उतर चुकी हैं। इसके साथ ही वो सिर्फ 17 साल की उम्र में कान के रेड कार्पेट पर उतरने वाली पहली बॉलीवुड अभिनेत्री भी बन गईं। ब्लैक ऑफ शोल्डर गाउन में नीतांशी का लुक काफी वायरल हो रहा है। नीतांशी ने कान में अपने डेब्यू पर खुशी जताते हुए अपनी तस्वीरों के साथ एक पोस्ट भी सोशल मीडिया पर साझा की है।

### नितांशी ने इंस्टाग्राम पर जाहिर की खुशी

कान्स की रेड कार्पेट पर अपने डेब्यू से उत्साहित नीतांशी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की है। इस पोस्ट में नितांशी ने लिखा, 'मैंने कान्स में रेड कार्पेट पर वॉक किया। यह कहना अभी भी एक सपना लगता है। इस मंच पर भारतीय सिनेमा का प्रतिनिधित्व करना एक सम्मान है, जिसे मैं हमेशा संभालकर रखूंगी। मेरे परिवार, मेरी टीम, मेरे दर्शकों को - मुझे प्यार करने, मेरा मार्गदर्शन करने और मेरे साथ खड़े रहने के लिए धन्यवाद। यह सिर्फ मेरा पल नहीं है, यह हमारा है।'

### ब्लैक गाउन में बिखेरा जलवा

नितांशी गोयल कान में फिल्म डोजियर 137 की स्क्रीनिंग के लिए पहुंची थीं। कान के अपने डेब्यू में नितांशी मोनिका और करिश्मा के डिजाइन किए हुए ब्लैक कलर के ऑफ शोल्डर गाउन में नजर आईं। जिसमें भारी गोल्डन एम्ब्रॉइडरी थी। कान के लिए उन्हें श्रे और ऊर्जा ने स्टाइल किया था। नितांशी ने अपने लुक को चोकर नेकलेस, स्टड ईयरिंग्स और एक सटल हेयरस्टाइल के साथ बेहद खूबसूरती से कंप्लीट किया।

### बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों को दिया ट्रिब्यूट

नितांशी के रेड कार्पेट लुक के अलावा उनका ट्रेडिशनल इंडियन लुक भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। उन्होंने आइवरी साड़ी पहनकर इंडियन सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्रियों को ट्रिब्यूट दिया। दरअसल, एक्ट्रेस ने अपने बालों में एक खूबसूरत हेयर एक्सेसरी लगा रखी थी। जिसमें मोतियों की माला लगी हुई थी और इसमें छोटे-छोटे फ्रेम लगे हुए थे। इन फ्रेम में मधुबाला, रेखा, श्रीदेवी, वैजयंती माला, हेमा मालिनी, वहीदा रहमान और नूतन जैसी मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्रियों की तस्वीरें लगी हुई थीं। नितांशी का यह लुक काफी वायरल हुआ और लोगों ने इसे खूब पसंद किया।



## रॉबर्ट ने अनुपम खेर को किया किस

हॉलीवुड के दिग्गज स्टार रॉबर्ट डी नीरो को कान्स फिल्म फेस्टिवल में पाम डी'ओर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसे लेकर बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने उन्हें बधाई देते हुए एक्टिंग का गॉडफादर बताया था और अपना दोस्त भी कहा था। अब कान्स में अनुपम खेर की मुलाकात रॉबर्ट से हुई है, जिसका एक शानदार वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में हॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर को गाल पर चूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह हॉलीवुड सुपरस्टार रॉबर्ट डी नीरो से मिलते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो में उन्होंने कहा कि वह रॉबर्ट से मिलकर बहुत खुश हैं और वह बहुत सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें उनके जैसा दोस्त मिला। इसके अलावा अभिनेता ने कहा कि कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं कि वो जब भी मिलते हैं तो उसी गर्मजोशी से शुरू होते हैं, जैसे पिछली बार मिले थे। इतना कहने के दौरान अनुपम खेर, रॉबर्ट से गले मिलते हैं और रॉबर्ट उन्हें एक प्यारा सा किस गाल पर करते हैं। अनुपम खेर ने यह वीडियो पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा कि उनका कान के दौरान सबसे महान अभिनेता से गले मिलना हुआ। इसके आगे अभिनेता ने कहा, 'कान में अपने दोस्त रॉबर्ट डी नीरो, उनकी पत्नी टिफनी और उनकी खूबसूरत बेटी जिया से मिलना सबसे अद्भुत एहसास था। उनके प्यार और स्नेह ने मेर दिल को छू लिया। कान फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन पर सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार पाम डी'ओर पुरस्कार जीतने के लिए उन्हें बधाई।'

## आखिर क्या है कान्स फिल्म फेस्टिवल, कब शुरू हुआ और क्या है इसका इतिहास

*दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित फिल्म समारोह ' कान्स फिल्म फेस्टिवल' है। कान्स फिल्म फेस्टिवल का आयोजन हर साल फ्रांस के कान में किया जाता है। प्रतिष्ठित 78वां कान फिल्म महोत्सव 13 मई से 24 मई तक आयोजित किया जा रहा है। यह फेस्टिवल पूरे 12 दिनों तक चलेगा, जिसमें कुछ ग्रैंड फिल्म स्क्रीनिंग की जाएगी।*



### किसने शुरू किया और क्यों?

कान्स फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत फ्रांस सरकार और फ्रांसीसी सिनेमा उद्योग ने मिलकर की थी। इसका मुख्य उद्देश्य विश्व सिनेमा को बढ़ावा देना, नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और विभिन्न देशों की संस्कृतियों को फिल्मों के माध्यम से एक-दूसरे के करीब लाना था। उस समय, इटली में वेनिस फिल्म फेस्टिवल बहुत लोकप्रिय था, लेकिन फ्रांस ने एक ऐसा समारोह शुरू करना चाहा, जो कला और स्वतंत्र सिनेमा को प्राथमिकता दे। इस तरह, कान्स फिल्म फेस्टिवल की नींव रखी गई।

**कहां होता है:** कान्स फिल्म फेस्टिवल न केवल सिनेमा का उत्सव है, बल्कि यह कला, संस्कृति और रचनात्मकता का एक अनूठा संगम है, जो हर साल दुनिया भर के लोगों को प्रेरित करता है। कान्स, हर साल फ्रांस के खूबसूरत शहर कान में आयोजित किया जाता है। यह फेस्टिवल फिल्म निर्माताओं, अभिनेताओं, निर्देशकों और सिनेमा प्रेमियों के लिए एक ऐसा मंच है, जहां नई और रचनात्मक फिल्मों को प्रदर्शित किया जाता है।

**कब हुआ शुरू - कान फिल्म फेस्टिवल? :** कान्स फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत साल 1946 से हुई थी। पहला समारोह 20 सितंबर से 5 अक्टूबर 1946 तक आयोजित किया गया था। हालांकि, इसे 1939 में शुरू करने की योजना थी, लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था।

### हर साल कान में होता है यह भव्य फिल्म फेस्टिवल?

कान्स फिल्म फेस्टिवल हर साल मई महीने में आयोजित किया जाता है, जो लगभग 10-12 दिनों तक चलता है। इसका उद्देश्य नई फिल्मों को दुनिया के सामने लाना। फेस्टिवल में विश्व भर की बेहतरीन फिल्में दिखाई जाती हैं, जिनमें से कई को पुरस्कार मिलते हैं, जैसे 'पाम डी'ओर', जो सबसे बड़ा पुरस्कार है। एक तरह से कहा जाए तो सिनेमा की कला को सम्मान देना और समारोह में रचनात्मकता, कहानी कहने की कला और सिनेमाई तकनीकों को बढ़ावा देना होता है।

## कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारत पवेलियन का उद्घाटन

गुरुवार को 78वें कान फिल्म महोत्सव में भारत पवेलियन का आधिकारिक उद्घाटन किया गया। यह भारत के बढ़ते वैश्विक सिनेमा की ओर एक और महत्वपूर्ण कदम है। उद्घाटन के दौरान फिल्म निर्माता और इफ्फी और एनएफडीसी के निदेशक शेखर कपूर मौजूद रहें। उनके साथ अनुपम खेर और राजदूत और राजनयिक संबंधों के लिए विशेष प्रतिनिधि ऐनी-लुईस मेसाडियू भी शामिल हुए।

### अनुपम खेर ने साझा किए विचार

दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने एक विशेष संबोधन दिया, जिसमें भारतीय सिनेमा के सफर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा किया। अभिनेता ने कहा, 'मैं अपने देश से आठ साल छोटा हूं और हम साथ-साथ बड़े हुए हैं। हमने वाकई बहुत अच्छा किया है। यह मेरा कान में पहला मौका है।

### आस्था गिल ने 'सारे जहां से अच्छा' गाकर किया भावविभोर



**आस्था गिल ने गाया 'सारे जहां से अच्छा':** इस अवसर पर मशहूर भारतीय गायिका आस्था गिल ने 'सारे जहां से अच्छा' गाकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंच पर मार्सिले में भारत के महावाणिज्य दूतावास के रूपज्योति ब्रह्म कारजी भी मौजूद थे, जिनका सहयोग भारत-फ्रांस सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने में सहायक रहा है।

### ऐनी-लुईस मेसाडियू ने किया स्वागत

इस दौरान अपने संबोधन में ऐनी-लुईस मेसाडियू ने कान में भारत पवेलियन का स्वागत किया। उन्होंने भारत के सिनेमाई इतिहास और सीमाओं से परे कहानियां कहने की क्षमता की प्रशंसा की। वहीं, अपने उद्घाटन भाषण में शेखर कपूर ने सिनेमा की परिवर्तनकारी शक्ति और विश्व मंच पर एक रचनात्मक शक्ति के रूप में भारत की उभरती भूमिका पर प्रकाश डाला।

### इफ्फी 2025 का ट्रेलर हुआ लॉन्च

समारोह में 'इफ्फी 2025' का पोस्टर और ट्रेलर का लॉन्च किया गया। एनएफडीसी इंडिया के फिल्म प्रमोशन के महाप्रबंधक गौतम भनोट ने कहा, 'इफ्फी का नया पोस्टर 'कन्वर्जेंस ऑफ क्रिएटिविटी एंड टेक्नोलॉजी' का प्रतिबिंब है। भारत प्रौद्योगिकी को अपनाने और वैश्विक सामग्री निर्माण क्षेत्र में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए तैयार है।'



## वो सिर्फ ग्लैमर देखते हैं, मेहनत नहीं

**मुंबई।** हाल ही में 'द भूतनी' में नजर आईं अभिनेत्री मौनी रॉय अपने लुक में बदलाव करने और प्लास्टिक सर्जरी कराने को लेकर ट्रोलर्स के निशाने पर हैं। लोगों का कहना है कि मौनी ने प्लास्टिक सर्जरी कराई है और इसी वजह से अब वो ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई हैं। अब ट्रोलिंग और अपने लुक में बदलाव पर मौनी रॉय ने बात करते हुए प्रतिक्रिया दी है। मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग को लेकर प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री ने कहा, 'अब यह सब मुझे परेशान नहीं करता। मैं पहले उन्हें ब्लॉक कर देती थी। वे कितनी दयनीय जिदगी जी रहे हैं। अगर इससे उनको खुशी मिलती है, तो ऐसा ही करें। इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।' मौनी ने आगे कहा, 'जब कोई कैरेक्टर को लेकर गलत बोलता है, तो कभी-कभी मुझे बुरा लगता है। लेकिन, बाकी नहीं। वो केवल ग्लैमर देखते हैं, मेहनत नहीं।



## अनन्या पांडे ने करवाई हिप्स की सर्जरी?

**मुंबई।** अनन्या पांडे बॉलीवुड में अपनी जगह बना चुकी हैं। जब वह फिल्मों में आईं तो उनकी कई वजहों से ट्रोलिंग हुई। उन्हें नेपोकिड कहा गया तो बॉडीशेम भी किया गया। अब उन्होंने कहा कि जब वह पतली थीं तो मजाक उड़ाया जाता था। अब उम्र बढ़ने के साथ शरीर भर रहा है तो भी लोग बोलते हैं कि सर्जरी करवाई है। अनन्या पांडे बोलीं, 'जब मैं फिल्मों में आई तो 18 या 19 साल की थी, मैं बहुत पतली थी। हर कोई मेरा मजाक उड़ाता था। लोग बोलते थे, 'तुम्हारे पैर मुर्गे जैसे हैं। तुम माचिस की तीली लगती हो। तुम्हारे ब्रेस्ट्स नहीं हैं, तुम्हारे हिप्स नहीं हैं।' तो पहले ये सब था।' अनन्या आगे बोलीं, 'अब मैं नैचुरली बढ़ रही हूं, मेरा शरीर भर रहा है तो लोग ये सब बोल रहे हैं, 'हो ही नहीं सकता, उसने तो अपने बट्स की सर्जरी करवाई है।

## राजू और श्याम तो रहेंगे पर बदल जाएंगे 'बाबू भैया'!



**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे आइकॉनिक कॉमेडी फिल्मों में से एक 'हेरा फेरी' का तीसरा भाग लंबे समय से सुर्खियों में बना हुआ है। फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि कब राजू, श्याम और बाबू भैया की तिकड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाएगी। लेकिन अब फैंस को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, रिपोर्ट्स की मानें तो अभिनेता परेश रावल ने फिल्म 'हेरा फेरी 3' को छोड़ दिया है। जी हां, एक्टर अब अपने फेमस किरदार बाबूराव के रूप में फैंस को एंटरटेन करते हुए नजर नहीं आएंगे। इस खबर के सामने आते ही फैंस हैरान रह गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक परेश रावल ने क्रिएटिव मतभेदों के चलते फिल्म को अलविदा कहा है। वो फिल्म की स्क्रिप्ट से खुश नहीं थे इसलिए उन्होंने फिल्म को छोड़ना ही बेहतर समझा। रिपोर्ट की मानें तो परेश रावल इस सीक्वल को लेकर काफी असमंजस में थे और अंत में उन्होंने इससे हटने का फैसला ले लिया। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एक्टर ने फिल्म के लिए मुहुर्त शॉट भी पूरा कर लिया था। लेकिन कुछ समय पहले दिए गए एक इंटरव्यू में परेश रावल ने साफ कहा था कि वह इस सीक्वल से खुद को जोड़कर खुश नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि यह किरदार अब उनके लिए एक बोझ जैसा हो गया है और वह सिर्फ इसलिए इस फिल्म को कर रहे थे ताकि प्रोजेक्ट अटका न रह जाए। हालांकि, फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कुछ सूत्रों का मानना है कि जैसे 2022 में अक्षय कुमार के फिल्म से बाहर होने के बाद उनकी वापसी हुई थी, वैसे ही परेश रावल भी आखिरी वक्त पर वापसी कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक अब भी अगर बातचीत सही दिशा में जाती है, तो परेश को मनाया जा सकता है।

### टीवी मसाला



## 'बड़े अच्छे लगते हैं' में अपर्णा दीक्षित बनेंगी विलेन

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में एक बार फिर हलचल मचने वाली है, क्योंकि एकता कपूर का चर्चित शो 'बड़े अच्छे लगते हैं नया सीजन जल्द ही लौट रहा है। आईपीएल खत्म होते ही ये रोमांटिक ड्रामा छोटे पर्दे पर धमाकेदार वापसी करेगा। इस बार शो में एक नहीं, बल्कि कई ट्विस्ट्स और टर्न्स होंगे, जो लोगों को बांधे रखेंगे। शो की सबसे बड़ी हाईलाइट है हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी की फ्रेश जोड़ी, जिसे देखने के लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दोनों ही टीवी इंडस्ट्री के बड़े नाम हैं और पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। इस नई जोड़ी से रोमांस और इमोशन्स की डबल डोज मिलने वाली है। शो में तड़का लगाने आ रही हैं एक्ट्रेस अपर्णा दीक्षित, जो इस बार नेगेटिव रोल प्ले कर सकती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने शो साइन कर लिया है और जल्द ही शूटिंग शुरू करने वाली हैं। हालांकि अभी तक उन्होंने इस बारे में कोई ऑफिशियल बयान नहीं दिया है। गौरतलब है कि अपर्णा इससे पहले 'पवित्र रिश्ता' में एकता कपूर के साथ काम कर चुकी हैं। अपर्णा दीक्षित के अलावा इस सीजन में और भी कई नए चेहरे नजर आएंगे, जिनमें शामिल हैं- ऋषि देशमुख, दिव्यांगना जैन, नितिन भाटिया, रोहित चौधरी,मानसी श्रीवास्तव,गौरव एस बजाज,खुशबू ठक्कर, ज्योति नेगी,पंकज भाटिया और आरुषि हांडा। इन सभी सितारों के साथ 'बड़े अच्छे लगते हैं' का ये नया चैप्टर पहले से भी ज्यादा ग्रिपिंग और ड्रामाटिक होने वाला है। शो को जून 2025 में लॉन्च किया जाना है। एकता कपूर का ये नया सीजन पुराने फॉर्मेट को मॉडर्न ट्विस्ट के साथ पेश करेगा।

## 'वन' का फर्स्ट लुक देख दंग रह गए फैंस

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में एक नई तरह की थ्रिलर फिल्म एंट्री करने जा रही है- नाम है !वन: वन की शक्ति।' जहां आमतौर पर लव स्टोरी या ऐक्शन देखने को मिलता है, वहीं, अब लोगों को मिलेगी एक जंगल की गूंज, जिसकी कहानी पर्दे पर धड़कनों को तेज कर देगी। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया पहली बार साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। बालाजी मोशन पिक्चर्स और एकता कपूर के प्रोडक्शन में बनी '**Vvan: The Force of the Forest**' अब 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस डेट का खुलासा फिल्म के सस्पेंस से भरे पोस्टर के साथ किया गया है। पोस्टर में लिखा है – 'जंगल फुसफुसा रहा है अब बल का प्रदर्शन होगा। यानी तैयार हो जाइए एक ऐसे थ्रिलर के लिए, जो जंगल की दुनिया में आपको ले जाएगा। फिल्म को डायरेक्ट अरुणाभ कुमार और दीपिक मिश्रा ने किया है। 'वन' में सिद्धार्थ मल्होत्रा एक पावरफुल लेकिन अनजाने किरदार में नजर आने वाले हैं, वहीं तमन्ना भाटिया का किरदार भी बहुत ही दिलचस्प और साहसी है। टीजर में तमन्ना को नंगे पांव, हाथ में जलती मशाल लिए जंगल की ओर दौड़ते दिखाया गया है। ये सीन ही लोगों को फिल्म की इंटेंसिटी का एहसास करा देता है। फिल्म का कॉन्सेप्ट एकदम नया है। जंगल, रहस्य, शक्ति और रोमांच के इर्द-गिर्द बुनी गई इस कहानी को लेकर फैंस में जबरदस्त एक्साइटमेंट है। 'वन' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक एक्सपीरियंस बनने जा रही है। मेकर्स ने हाल ही में तमन्ना भाटिया का एक टीजर भी शेयर किया था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। उनके किरदार की झलक ने ये साफ कर दिया है कि वो फिल्म में केवल ग्लैमर नहीं, बल्कि एक शानदार रोल प्ले कर रही हैं।



### 'टायॅलेट एक प्रेम कथा' में उत्तर प्रदेश के एक छोटे से नंदगांव की कहानी को दिखाया

# इन फिल्मों में दिखी छोटे शहरों की झलक, कहानी का बने अहम हिस्सा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जल्द ही राजकुमार राव की फिल्म 'भूल चूक माफ' रिलीज होगी। इस फिल्म की कहानी वाराणसी के एक प्रेमी जोड़े की है। फिल्म जरूर टाइम लूप पर है लेकिन इस कहानी के साथ वाराणसी शहर की खूबसूरत झलक भी दर्शकों को देखने को मिलेगी। 'भूल चूक माफ' के अलावा भी कई फिल्में बनी हैं, जिनमें छोटे शहरों की झलक मिली और ये कहानी का अहम हिस्सा भी बने।

### बरेली की बर्फी

अश्विनी अय्यर तिवारी ने फिल्म 'बरेली की बर्फी (2017)' निर्देशित की थी। फिल्म की कहानी बरेली की एक लड़की बिट्टी मिश्रा (कृति सेनन) की थी। इस फिल्म में राजकुमार राव और आयुष्मान खुराना भी नजर आए। इस कहानी में बरेली शहर, वहां की भाषा और लोगों का मस्तमौला मिजाज नजर आया।


### तनु वेड्स मनु

कंगना रनौत स्टारर फिल्म 'तनु वेड्स मनु(2011)' में भी कानपुर का रंग-ढंग दिखा। फिल्म को आनंद एल रॉय ने निर्देशित किया था। निर्देशक ने फिल्म की कहानी को कानपुर शहर के साथ बड़ी की शानदार ढंग से दिखाया था। इस फिल्म में आर माधवन, जिम्मी शेरगिल जैसे एक्टर्स भी अहम किरदार में नजर आए।

### दम लगा के हइशा

आयुष्मान खुराना और भूमि पेडनेकर स्टारर फिल्म 'दम लगा के हइशा(2015)' में 1995 के हरिद्वार को दिखाया गया था। हरिद्वार के घाट, गंगा जी और 90 के दशक का रंग-ढंग इस फिल्म में नजर आया। उस दौर के गाने भी इस फिल्म में सुनने को मिले। इस फिल्म को शरत कटारिया ने निर्देशित किया था।





### टॉयलेट एक प्रेम कथा

अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'टायॅलेट एक प्रेम कथा(2017)' में तो उत्तर प्रदेश के एक छोटे से नंदगांव की कहानी को दिखाया गया। फिल्म की कहानी का मकसद गांव-देहातों में खुले में शौच की आदत में सुधार लाना था। श्री नारायण सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म में भूमि पेडनेकर ने अक्षय कुमार के किरदार की पत्नी का रोल किया था।

### जॉली एलएलबी 2

अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'जॉली एलएलबी 2(2017)' में लखनऊ शहर, वहां की कोर्ट-कचहरी दर्शकों को देखने को मिली। सुभाष कपूर निर्देशित इस फिल्म में अक्षय ने एक वकील का किरदार किया, हुमा कुरैशी पुष्पा पांडे के रोल में नजर आईं।



### इन फिल्मों में भी दिखीं अलग-अलग शहरों की झलक

- फिल्म 'उड़ान (2010)' में भी जमशेदपुर दिखाया गया है। फिल्म को विक्रमादित्य मोटवानी ने निर्देशित किया था। इस फिल्म में रोनित रॉय, राम कपूर जैसे कलाकार नजर आए।
- साल 2013 में रिलीज हुई आनंद एल रॉय निर्देशित फिल्म 'रांझणा' में भी वाराणसी शहर कहानी का अहम हिस्सा था। फिल्म में लीड रोल में सोनम कपूर और धनुष नजर आए।
- मसान (2015) फिल्म में भी वाराणसी शहर के रहने वाले कुछ लोगों की दिल को छू लेने वाली कहानियां दिखीं। इस फिल्म को नीरज घेवान ने निर्देशित किया था।
- शुद्ध देसी रोमांस (2013) में भी जयपुर शहर के खूबसूरत रंग नजर आए। इस फिल्म में लीड रोल में सुशांत सिंह राजपूत, परिणीति चोपड़ा और वाणी कपूर नजर आए। इसी तरह 'केदारनाथ' फिल्म में केदारनाथ धाम की झलक मिलीं।

# स्टार्क, फरेरा आईपीएल से बाहर, जैक्स की मुंबई में वापसी, स्टोइनिस भी स्वदेश लौटने को तैयार


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


दिल्ली कैपिटल्स के मिचेल स्टार्क और डोनोवन फरेरा ने इंडियन प्रीमियर लीग के बचे मैचों के लिए वापस नहीं लौटने का फैसला किया है जबकि इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स अंतिम दो लीग मैच के लिए मुंबई इंडियंस से जुड़ेंगे।

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्टार्क और दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज फरेरा ने दिल्ली कैपिटल्स प्रबंधन को अपने फैसले से अवगत करा दिया है। स्टार्क दिल्ली कैपिटल्स के अभियान में अहम खिलाड़ी रहे हैं जिन्होंने 11 मैच में 26.14 के औसत से 14 विकेट झटके हैं जिससे वह टीम के विकेट लेने वाले मुख्य गेंदबाज रहे हैं। उनकी अनुपस्थिति दिल्ली कैपिटल्स की प्लेऑफ की उम्मीदों के लिए एक बड़ा झटका है।




## स्टोइनिस और इंगलिस पंजाब में करेंगे वापसी







मार्कस स्टोइनिस और जोश इंगलिस पंजाब किंग्स में शामिल होने के लिए सहमत हो गए हैं लेकिन 17 मई को आईपीएल की बहाली के बाद पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज जैक्स ने शुक्रवार को 'इंस्टाग्राम' पर वापसी के लिए मुंबई की फ्लाइट टिकट की तस्वीर पोस्ट करके अपनी वापसी की पुष्टि की। लेकिन हमवतन जोस बटलर की तरह जैक्स मुंबई इंडियंस के अंतिम दो लीग मैच खेलने के बाद राष्ट्रीय टीम की प्रतिबद्धता के के लिए रवाना हो जाएंगे क्योंकि आईपीएल के प्लेऑफ वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 मई से शुरु हो रही इंग्लैंड की सफेद गेंद की श्रृंखला से टकरा रहे हैं।

## स्टब्स दिल्ली टीम में शामिल



फरेरा के साथी ट्रिस्टन स्टब्स बचे हुए तीन लीग मैच के लिए दिल्ली की टीम में शामिल हो चुके हैं। अगर दिल्ली कैपिटल्स क्वालीफाई करती है तो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की टीम में शामिल स्टब्स प्लेऑफ के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। हालांकि दिल्ली कैपिटल्स के उप कप्तान फाफ डुप्लेसी की उपलब्धता पर अभी भी कोई स्पष्टता नहीं है।

## जॉनसन ने सुरक्षा के कारण दूर रहने की दी सलाह



**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र के शेष भाग के लिए विदेशी खिलाड़ियों की वापसी को विवेकपूर्ण फैसला नहीं करार देते हुए उनसे मौजूदा परिस्थितियों में वेतन से अधिक सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष और सीमा पर तनाव के कारण दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग को नौ मई को निलंबित कर दिया गया था। इसके निलंबन के एक दिन बाद दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम की घोषणा की गई। इससे शनिवार से आईपीएल के फिर से शुरू होने का रास्ता साफ हो गया।

मैच में सभी की निगाहें टेस्ट से संन्यास लेने वाले कोहली पर होंगी

# आज से फिर शुरू होगा आईपीएल का रोमांच कोलकाता और बेंगलुरु के बीच होगा मुकाबला

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और सैन्य टकराव के कारण स्थगित इंडियन प्रीमियर लीग शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच होने वाले मुकाबले के साथ फिर से शुरू होगा। मैच में सभी की निगाहें हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर होंगी। दस दिनों के अप्रत्याशित रुकावट के बाद आरसीबी और केकेआर दोनों अपने-अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए पूरा जोर लगाएंगे।

आरसीबी 11 मैचों में 16 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और यहां जीत टीम के लिए प्लेऑफ में जगह लगभग पक्की कर देगी। केकेआर 12 मैचों में 11 अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है और एक भी हार मौजूदा चैंपियन की नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीदों को खत्म कर देगी।




### विराट के सम्मान में सफेद जर्सी पहनेंगे प्रशंसक

मैच में हालांकि सबकी नजरें कोहली पर होंगी। स्टेडियम में भी दर्शक उनके नाम का सबसे ज्यादा नारा लगाएंगे। इस दिग्गज बल्लेबाज ने इस सप्ताह की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं पर अगर गौर करें तो प्रशंसक खेल के पारंपरिक प्रारूप को सबसे ज्यादा महत्व देने वाले इस बल्लेबाज को सम्मानित करने के लिए सफेद जर्सी पहनने की योजना बना रहे हैं। शानदार लय में चल रहे कोहली भी टेस्ट करियर के अचानक समाप्त होने के बाद बल्ले से कुछ प्रभावशाली पारियां खेलना चाहेंगे।

### पडिक्कल-हेजलवुड चोटिल

देवदत्त पडिक्कल और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की चोट के कारण गैरमौजूदगी हालांकि एक बड़ी समस्या हो सकती है। आरसीबी पडिक्कल की जगह लेने वाले मयंक अग्रवाल से इस मौके को भुनाने की उम्मीद करेंगी। हेजलवुड के कंधे में चोट है और फ्रेंचाइजी ने अभी तक उनकी उपलब्धता के बारे में जानकारी नहीं दी है।

## अनवर कल खिताब के लिए पेश करेंगे चुनौती

**बेंगलुरु।** भारतीय पेशेवर मुक्केबाज फैजान अनवर रविवार को यहां 'सनबर्न यूनियन' में 'सुपर फाइटर सीरीज' में 'डब्लूबीए एशिया मिडिल ईस्ट' के सुपर लाइटवेट वर्ग के खिताब के लिए घाना के कपकपो अलोटे से भिड़ेंगे। इस फाइट नाइट में 10 मुकाबले निर्धारित है। इसमें चार अंतरराष्ट्रीय मुकाबले और दो 'डब्लूबीए एशिया मिडिल ईस्ट' खिताबी मुकाबले शामिल हैं। मुख्य स्पर्धाओं में महिला वर्ग में भारत की रानी देवी का मुकाबला बेलारूस की अलेक्सांद्रा सिटनिकोवा जबकि पुरुष वर्ग में यूक्रेन के डेनियलो होन्चारुक का सामना दागिस्तान के रुसलान कामिलोव से होगा इस प्रतियोगिता में रितेश सिंह बिष्ट, कविंदर सिंह बिष्ट, वनलालावम्पुइया, एफ जोरमछाना जैसे प्रमुख नामों के साथ बेंगलुरु में प्रशिक्षण ले रहे रोहित चौधरी, हर्षा सरोहा और कमला रोका, जैसे उभरते हुए प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी शामिल होंगे।

# अपने नाम का स्टैंड बनने के बाद वानखेड़े पर खेलना खास होगा

एजेंसी ⏭ मुंबई

वानखेड़े स्टेडियम पर अपने नाम के स्टैंड के उद्घाटन के बाद भारत के सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि भारत की जर्सी में अब इस मैदान पर एक दिवसीय क्रिकेट खेलने का अनुभव खास होगा। मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम पर रोहित, भारत के पूर्व कप्तान अजित वाडेकर और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार के नाम के स्टैंड का उद्घाटन किया। सात मई को टेस्ट क्रिकेट से विदा लेने वाले रोहित ने कहा, 'जो आज हो रहा है, वह मैने कभी सोचा भी नहीं था। आप कई उपलब्धियां हासिल करने की कोशिश करते हैं लेकिन यह कुछ खास है क्योंकि वानखेड़े स्टेडियम अलग है और यहां कई यादें बनी हैं। यहां खेल के दिग्गजों और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ राजनेता के बीच मेरा नाम होना, मैं अपने जज्बात व्यक्त नहीं कर सकता। मैं बहुत आभारी हूं।' पिछले साल भारत को विश्व कप दिलाने के बाद टी20 क्रिकेट से विदा ले चुके रोहित ने कहा, 'मैं अभी भी खेल रहा हूं और दो प्रारूप से विदा ली है। जब 21 तारीख को (मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल) यहां खेलूंगा और मेरे नाम का स्टैंड होगा तो खास होगा। भारत के लिए यहां खेलना काफी खास होगा।'

### रोहित ने परिजनों को कहा धन्यवाद

रोहित ने कहा, 'मेरा परिवार, माता पिता, भाई और पत्नी यहां है। उन्होंने मेरे लिए जो भी कुर्बानियां दी है, मैं कृतज्ञ और आभारी हूं। मेरी खास टीम मुंबई इंडियंस भी यहां है जो मेरा भाषण खत्म होने के बाद अभ्यास शुरू करने की तैयारी में है। पवार साहेब और देवेंद्र फड़नवीस (महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री) को भी धन्यवाद जिन्होंने इस दिन को खास बनाया।' फड़नवीस ने कहा, 'हमारे दिग्गज बल्लेबाज, कप्तान और मेरे पसंदीदा में से एक और अपनी बल्लेबाजी से मन मोहने वाले यहां हैं। अगर एमसीए नया स्टेडियम बनाने के लिये प्रस्ताव भेजता है तो हम जमीन आवंटित करेंगे ताकि और प्रशंसकों के लिये जगह बन सके।'


## टेस्ट कप्तानी के लिए गिल सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी

**एजेंसी : नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग भविष्य के भारतीय कप्तानों की ट्रेनिंग के लिए बिलकुल सही मैदान है जो शुभमन गिल जैसे खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर पर पहुंचने से पहले जरूरी अनुभव प्रदान कर रहा है। रोहित शर्मा के संन्यास के बाद गुजरात टाइटन्स के कप्तान गिल इंग्लैंड के टेस्ट दौरे पर भारत की कप्तानी कर सकते हैं।

# विकल्प के तौर पर टीम से जुड़ने से निराश था

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की अगुवाई कर रहे रजत पाटीदार 2022 सत्र को लेकर काफी निराश थे जब आश्वासन के बावजूद फ्रेंचाइजी ने खिलाड़ियों की नीलामी में उन्हें नजरअंदाज कर दिया था। टीम में चोटिल खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर शामिल हुए पाटीदार ने कहा कि वह तब 'दुखी' और 'गुस्से' में थे। पाटीदार ने यह भी स्वीकार किया कि आईपीएल 2025 से पहले विराट कोहली द्वारा कप्तानी सौंपे जाने के कारण वह दबाव महसूस कर रहे थे लेकिन इस दिग्गज खिलाड़ी के समर्थन भरे शब्दों ने उन्हें सहज कर दिया।



### संयम बनाए रखने की कोशिश कीः मो बोबाट

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने कहा कि धर्मशाला में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग के मैच के रद्द होने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ियों और कर्मचारियों के लिए वह शाम भ्रम, अफवाहों और स्पष्टता की कमी से भरी थी और उन्हें उम्मीद नहीं थी कि यह विवाद इतनी जल्दी सुलझ जाएगा। आरसीबी के खिलाड़ी अभ्यास सत्र के बाद टीम बस से अपने होटल लौट रहे थे, जब उन्होंने आठ मई को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेटरों को धर्मशाला स्टेडियम से अंधेरे में बाहर निकलते हुए देखा।





**पश्चिम मध्य रेल**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं.-1, निविदा सूचना क्रमांकः** डी आर एम डब्ल्यू-जे.बी.पी.-81-2025, दिनांकः 09.05.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** वरिष्ठ मंडल अभियंता/पश्चिम/जबलपुर क्षेत्राधिकार के अंतर्गत दो विविध कार्य, बीना - कटनी तीसरी लाइन परियोजना के संबंध में बचा हुआ कार्य। भाग-1:- सहायक मंडल अभियंता/सागर उप-मंडल के अंतर्गत खुरई और बीना मालखेड़ी में रेल लेवल प्लेटफॉर्म, एप्रोच रोड और जलापूर्ति व्यवस्था के लिए ट्रैक मशीन स्टाफ की सुविधाओं का बचा हुआ कार्य भाग-2:- सहायक मंडल अभियंता दमोह उप-मंडल के अंतर्गत बांदकपुर और पथरिया में रेल लेवल प्लेटफॉर्म, एप्रोच रोड, पाथवे, शेड और जलापूर्ति व्यवस्था के लिए ट्रैक मशीन स्टाफ की सुविधाओं का बचा हुआ कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 5,51,37,574/-, **बयाना राशि (₹):** ₹ 4,25,700/-, **समापन अवधिः** 18 माह, **निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समय (15.00 बजे):** 03.06.2025, **निविदा खुलने की अन्तिम तिथि एवं समय (15.15 बजे):** 03.06.2025, **क्र.सं.-2, निविदा सूचना क्रमांकः** डी आर एम डब्ल्यू-जे.बी.पी.-82-2025, दिनांकः 09.05.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** खुरई - बीना-कटनी सेक्शन के खुरई स्टेशन पर पुराने एफओबी का पुनर्निर्माण, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 2,19,70,465/-, **बयाना राशि (₹):** ₹ 2,59,900/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समय (15.00 बजे):** 03.06.2025, **निविदा खुलने की अन्तिम तिथि एवं समय (15.15 बजे):** 03.06.2025, **क्र.सं.-3, निविदा सूचना क्रमांकः** डी आर एम डब्ल्यू-जे.बी.पी.-83-2025, दिनांकः 13.05.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सहायक मंडल अभियंता ब्योहारी के अंतर्गत छतैनी, दुबरी कलां, देवराग्राम, मझौली आदि स्टेशन पर सभी लीड लिफ्ट, ठेकेदार के स्त्रोतों, औजारों, संयंत्रों, श्रमिकों के द्वारा आवश्यक मात्रा में तथा आवश्यकता पड़ने पर रेलवे कॉलोनी/कुआं/आवासीय/सेवा भवन आदि के ऊपर स्थित उच्च भंडारण टैंक में पेयजल की आपूर्ति और परिवहन करना। **कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 12,20,521/-, **बयाना राशि (₹):** ₹ 24,400/-, **समापन अवधिः** 24 माह, **निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समय (15.00 बजे):** 06.06.2025, **निविदा खुलने की अन्तिम तिथि एवं समय (15.15 बजे):** 06.06.2025,**नोटः** उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबन्धक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**खड-I**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन**
**कार्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर मध्य प्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या ई-टेंडरिंग / 2025-26 दिनांक /2025

1. वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं लेखा उपार्जन नियम 2015 ( यथा संशोधित 2022 ) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | इकाई | अनुमानित मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Vitrified Tiles Floor (Kajariya,simpoul.jownson. paweit, samari, cera) 300x300x9- 10mm ( IS 15622) | Square feet | | 50000.00/ | 1000.00/- |
| 2 | Vitrified Tiles- Wall 300x450x9-10mm | Square feet | | | |
| 3 | Paver Blocks | Square feet | | | |
| 4 | Iron Grill (For window Ventilation and Gate) | K.G. | | | |
| 5 | Wall Putty (ISI Mark) (Birlawhite) 20 K.G. Bag | Nos | | | |
| 6 | Oil Paint (ISI Mark) (Asian Dulox Burger Nerolac) | Per Litre | | | |
| 7 | Emulsion Paint (ISI Mark ) ( Asian Dulox Burger Nerolac | Per Litre | | | |
| 8 | Emulsion Paint Waterproof (ISI Mark) (Asian Dulox Burger Nerolac) | Per Litre | | | |
| 9 | Black Japan Paint | Per Litre | | | |
| 10 | Water Tank (ISI Mark) (Presto Syntex ) 1000 Litres | Nos | | | |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 16/05/25बजे 12:00 PM से दिनांक 30/05/25 बजे 06:00 PM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है। 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी। 4. निविदा पूर्व बैठक दिनांक 19/05/25 समय 11:00 AM को सामान्य वनमंडल जबलपुर कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है। निविदा पूर्व बैठक में भाग लेना अनिवार्य होगा। ऐसे निविदाकार जो निविदा पूर्व बैठक में भाग नही लेते है एवं ऑनलाईन निविदा भरते है, तो ऐसे निविदाकार की निविदा रिजेक्ट कर दी जायेगी। निविदा से संबंधित समय सारणी ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in/ पोर्टल में देखी जा सकती है। 5. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रो में नहीं।
6. टीप - उपरोक्त तिथि अनुमानित है कार्य सुविधा अनुसार तिथि में परिवर्तन किया जा सकेगा। 7. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल: https://www.mptenders.gov.in/

वनमंडलाधिकारी
सामान्य वनमंडल जबलपुर

G-12905/25 "स्वच्छता ही सेवा"



**कार्यालय नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

Phone No. 07836-232224 Email ID- nppbkp@gmail.com

क्र./1574/न.पा.परि./लो.नि./2025 बैकुण्ठपुर, दिनांक 14/05/025

-:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::-

लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के टेकेदारों से जोनल टेंडर के माध्यम से वार्डो में विभिन्न छोटे-छोटे निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सिस्टम टेंडर क्रमांक 168381, 167358, 168387, 167361, 167341 है। तथा नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत राइजिंग मेन पाईप लाईन विस्तार व जल संग्रहण टैंक निर्माण कार्य। (द्वितीय निविदा) सिस्टम टेण्डर नम्बर 168451 कुल लागत राशि 247.60 लाख रू. एवं निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि जोनल टेण्डर हेतु 04.06.2025 है। व द्वितीय निविदा की अंतिम तिथि 30.05.2025 है। उपरोक्त कार्यो की निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु विभागीय वेवसाईट www.uad.cg.gov.in या http://eproc.cgstate.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर
जिला कोरिया (छ.ग.)

स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दें



**खड-I ई-निविदा आमंत्रण सूचना मध्य प्रदेश शासन**
**कार्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर मध्य प्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या ई-टेंडरिंग / 2025-26 दिनांक /2025

1. वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं लेखा उपार्जन नियम 2015 ( यथा संशोधित 2022 ) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | इकाई | अनुमानित मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Cement P.P.C. (ISI Mark) (Acc,prisem,birla Ultra tac) 50 K.G. Bag | NOS | | 50000.00/ | 1000.00/- |
| 2 | Iron 8 MM (ISI Mark) (Goel,Tata,Jsw, Sail,Jindal) | k.g. | | | |
| 3 | Iron 10 MM (ISI Mark) (Goel,Tata,Jsw, Sail,Jindal) | k.g. | | | |
| 4 | Iron 12 MM (ISI Mark) (Goel,Tata,Jsw, Sail,Jindal) | k.g. | | | |
| 5 | Metal 40 MM | Cubic Meter | | | |
| 6 | Metal 20 MM | Cubic Meter | | | |
| 7 | Metal 10 MM | Cubic Meter | | | |
| 8 | Dust | Cubic Meter | | | |
| 9 | Sand | Cubic Meter | | | |
| 10 | Murum | Cubic Meter | | | |
| 11 | Bricks Size 9x4x3 Inch | NOS | | | |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 16/05/25बजे 12:00 PM से दिनांक 30/05/25 बजे 06:00 PM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है। 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी। 4. निविदा पूर्व बैठक दिनांक 19/05/25 समय 11:00 AM को सामान्य वनमंडल जबलपुर कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है। निविदा पूर्व बैठक में भाग लेना अनिवार्य होगा। ऐसे निविदाकार जो निविदा पूर्व बैठक में भाग नही लेते है एवं ऑनलाईन निविदा भरते है, तो ऐसे निविदाकार की निविदा रिजेक्ट कर दी जायेगी। निविदा से संबंधित समय सारणी ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in/ पोर्टल में देखी जा सकती है। 5. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रो में नहीं।
6. टीप - उपरोक्त तिथि अनुमानित है कार्य सुविधा अनुसार तिथि में परिवर्तन किया जा सकेगा। 7. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल: https://www.mptenders.gov.in/

वनमंडलाधिकारी
सामान्य वनमंडल जबलपुर

G-12917/25 "स्वच्छता ही सेवा"



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर, लोककर्म विभाग**

N.I.T.No.:/PWD/2025-26/04/Etendring/PRO-141 Date- 16/05/2025

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार/मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत(लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_423690_1 Date-16/05/2025 | संभाग क्रमांक 04 गुप्तेश्वर वार्ड अंतर्गत कृपाल चौक से खेरमाई मंदिर के पास सड़क डामलीकरण निर्माण कार्य। (विधायक अनुशंसा) (2nd Call) | 02 माह रू. 5.08 | 2000/- 5085/- | 05/06/2025 |
| 2 | 2025_UAD_423690_1 Date-16/05/2025 | संभाग क्रमांक 04 गुप्तेश्वर वार्ड अंतर्गत अमर सिंह टाल के पास रूप हार के घर के सामने पुलिया निर्माण कार्य। (विधायक अनुशंसा) (2nd Call) | 02 माह रू. 1.69 | 1000/- 3380/- | 05/06/2025 |
| 2 | 2025_UAD_423690_3 Date-16/05/2025 | संभाग क्रमांक 04 नरसिंह वार्ड अंतर्गत कोरी मोहल्ला पुलिया से गोरैया प्लाट चबुतरे तक आर. सी. सी. नाली कवर्ड निर्माण कार्य। (विधायक अनुशंसा) (2nd Call) | 03 माह रू. 1.69 | 2000/- 5080/- | 05/06/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री, संभाग क्रमांक-04
नगर निगम जबलपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, कटनी (म.प्र.)**

क्र. 319/ विद्युत विभाग / 2024-25 **निविदा सूचना** कटनी, दिनांक: - 06/05/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयायुत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/ निमार्ताओं/अधिकृत विक्रेताओं से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण चैवसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_423378_1 | महाराणा प्रताप वार्ड क्रमांक 44 स्थित आवासीय क्षेत्र से 33 के. व्ही. विद्युत लाइन शिफ्ट कराये जाने का विद्युतीकरण कार्य प्राक्कलन प्रोजेक्ट - क्रमांक :- 890575 | 90 दिवस लागत- 1762208/- | 2000/- 13217/- | 16/06/2025 |
| 2 | 2025_UAD_423378_2 | कावसजी वार्ड क्र. 32 स्थित विभिन्न स्थानों में विद्युतीकरण कार्य। प्राक्कलन प्रॉजेक्ट क्रमांक :- 833428 | 60 दिवस लागत- 106200/- | 2000/- 7965/- | 16/06/2025 |
| 3 | 2025_UAD_423378_3 | श्री रामजानकी हनुमान वार्ड क्र. 18 स्थित रोशन नगर में शुम्भुल फिराना दुकान के पास स्थापित विद्युत ट्रांसफार्मर को अन्यंत्र शिफ्ट कराये जाने का विद्युतीकरण कार्य। प्राक्कलन प्रोजेक्ट क्रमांक :- 834575 | 30 दिवस लागत- 277902/- | 2000/- 2779/- | 16/06/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते - आयुक्त
नगर पालिक निगम, कटनी



**खड-I**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन**
**कार्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर मध्य प्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या ई-टेंडरिंग / 2025-26 दिनांक /2025

1. वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल जबलपुर म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं लेखा उपार्जन नियम 2015 ( यथा संशोधित 2022 ) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | इकाई | अनुमानित मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Kapu Mitti | Cubic Meter | | 50000.00/ | 1000.00/- |
| 2 | Neem Khali | Quintal | | | |
| 3 | Bone Meal | Quintal | | | |
| 4 | Urea | Quintal | | | |
| 5 | D.A.P. | Quintal | | | |
| 6 | Gobar Khad | Quintal | | | |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते है।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 16/05/25बजे 12:00 PM से दिनांक 30/05/25 बजे 06:00 PM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी।
4. निविदा पूर्व बैठक दिनांक 19/05/25 समय 11:00 AM को सामान्य वनमंडल जबलपुर कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है। निविदा पूर्व बैठक में भाग लेना अनिवार्य होगा। ऐसे निविदाकार जो निविदा पूर्व बैठक में भाग नही लेते है एवं ऑनलाईन निविदा भरते है, तो ऐसे निविदाकार की निविदा रिजेक्ट कर दी जायेगी। निविदा से संबंधित समय सारणी ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in/ पोर्टल में देखी जा सकती है।
5. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रो में नहीं।
6. टीप - उपरोक्त तिथि अनुमानित है कार्य सुविधा अनुसार तिथि में परिवर्तन किया जा सकेगा।
7. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल: https://www.mptenders.gov.in/

वनमंडलाधिकारी
सामान्य वनमंडल जबलपुर

G-12904/25 "स्वच्छता ही सेवा"

जबलपुर सीमा पर वनविभाग ने बढ़ाई चौकसी

# उड़ीसा से चला हाथियों का झुंड बांधवगढ जंगल पहुंचा

हरिभूमि, जबलपुर।

हाथियों का एक बड़ा झुंड उड़िसा से छत्तीसगढ होते हुये मध्य प्रदेश की ओर आगे बढ़ रहा है, इसे देखते हुये जबलपुर रेंज के वन विभाग को अलर्ट कर दिया गया है। साथ ही कटनी, डिंडोरी को भी अलर्ट मोड पर रहनया है। हाथियों के इस मूवमेंट पर बांधवगढ़ नेशनल पार्क की टीम लगातार नजर रख रही है। वहीं सीमावर्ती जिलों में वन विभाग की टीमें चौकसी कर रही हैं।

यह झुंड कुछ दिनों से बांधवगढ़ के जंगलों में देखा गया है। अनुमान है कि यह दल कान्हा किसली की ओर बढ़ रहा है। चूंकि यह मूवमेंट पुराने हाथी कॉरिडोर से हो रहा है। इसलिए विशेषज्ञ इसे सामान्य मान रहे हैं। हालांकि विभाग को आशंका है कि झुंड से कुछ हाथी भटककर रिहायशी क्षेत्रों की ओर न निकल जाएं, इसलिए लगातार निगरानी की जा रही है। जबलपुर वन विभाग के पास 2018 का अनुभव भी है।



जब हाथियों का एक दल जिले की सीमा में दाखिल हो गया था। उस दौरान दो हाथी भटककर शहर की ओर आए थे। जिनमें से एक की करंट लगने से मौत हो गई थी, जबकि दूसरे को कुंडम के जंगल से रेस्क्यू कर कान्हा नेशनल पार्क भेजा गया था। इस पुरानी घटना से सबक लेते हुये पूरी अहतियात बरती जा रही है।

### समीपवर्ती जिलों में अलर्ट जारी

वन विभाग ने जबलपुर उमरिया, कटनी, डिंडोरी, मंडला व के सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी टीमों को सक्रिय कर दिया है। साथ ही गांव-गांव में अलर्ट जारी कर लोगों से अपील की गई है कि वे वन्यजीवों से दूरी बनाए रखें। किसी भी अप्रिय स्थिति में तत्काल विभाग को सूचित करें। वन विभाग द्वारा इस बात पर जोर दिया जा रहा है की न तो जानमाल को खतरा उत्पन्न हो और न हाथियों को नुकसान पहुंचे, इसके लिये अहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं।

### ग्रामीणों को भी सतर्क किया गया

जबलपुर डीएफओ ऋषि कुमार का कहना है कि जंगली जानवरों का एक स्थान से दूसरे स्थान जाना प्राकृतिक प्रक्रिया है। छत्तीसगढ़ से बांधवगढ़ की ओर आते झुंड की जानकारी विभाग को समय रहते मिल चुकी है। विभाग की टीमें लगातार निगरानी में जुटी हैं। और ग्रामीणों को भी सतर्क किया गया है। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि यदि हाथियों का मूवमेंट दिखाई दे तो तुरंत वन विभाग को सूचना दें। डीएफओ ने यह भी कहा कि हाथी आमतौर पर तब तक खतरनाक नहीं होते जब तक उन्हें छेड़ा न जाए। यदि उनका मूवमेंट जंगल क्षेत्र में बना रहता है तो टकराव की संभावना नहीं होती। लेकिन अगर झुंड शहरी सीमा की ओर बढ़ता हैए तो स्थिति संवेदनशील हो सकती है।

नर्सिंग के पर्चे में पूछ लिया बेतुका सवाल!

# एमपीएमएसयू का नया कारनामा प्रश्नपत्र रद्द करने उठ रही मांग

हरिभूमि, जबलपुर।

अपने विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को एक उचित कारण देते हुए परीक्षा तिथी बढ़ाने के लिए एक आवेदन पत्र लिखें। नर्सिंग के गुरुवार को हुए प्रश्न पत्र में मप्र आयुर्विज्ञान विश्व विद्यालय (एमपीएमएसयू) प्रबंधन द्वारा पूछे गए इस सवाल से प्रदेश भर में बवाल मच गया हैं। नर्सिंग विद्यार्थियों ने इस प्रश्न को पाठ्यक्रम से बाहर का सवाल बताते हुए समूचा प्रश्न पत्र रद्द करने की मांग की हैं। इस संबंध में चिकित्सा शिक्षा मंत्री और अन्य जिम्मेदारों से भी शिकायत की जा रही हैं।



### इतना गिर चुका हैं स्तर

नर्सिंग विद्यार्थियों का आरोप हैं कि इस तरह का प्रश्न यदि स्कूली स्तर के विद्यार्थियों पूछा गया होता तो बात समझ भी आती हैं लेकिन एमपीएमएसयू द्वारा इस तरह का सवाल नर्सिंग जैसे गंभीर विषय के प्रश्न पत्र में पूछा जाना न सिर्फ हास्यास्पद है बल्कि यह प्रश्न अपने आप में बताने काफी हैं कि विश्वविद्यालय का स्तर कितना गिर चुका हैं। नर्सिंग विद्यार्थियों का आरोप हैं कि इस सवाल के विकल्प में एक तरफ तो यह पूछा गया कि किसी नर्स को किसी वार्ड की रिकार्ड रिपोर्टिंग करते वक्त किस बात को ध्यान में रखना चाहिए। परीक्षार्थियों ने कहा कि यह सवाल नर्सिंग से जुड़ा होने की वजह से जवाब देने योग्य भी हैं लेकिन अरसे बाद विद्यार्थियों की मांग पर किसी तरह परीक्षाएं होने पर परीक्षा तिथी बढ़ाने आवेदन विद्यार्थियों को कहीं न कहीं ऐसा प्रतीत हुआ जैसे विश्वविद्यालय प्रबंधन उनका मखौल उड़ा रहा हो।

(इस संबंध में एमपीएमएसयू के वीसी अशोक खंडेलवाल एवं कुलसचिव डॉ. पुष्पेंद्र सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया)

2 आरोपी गिरफ्तार, 8 चाकू जप्त

# अजमेर से जबलपुर लाकर बेच रहे थे चाइना चाकू

हरिभूमि, जबलपुर।

लार्डगंज और क्राईम ब्रांच की टीम ने गत रात यादव कालोनी में अवैध शस्त्र के कारोबार में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 8 चाकू जब्त किए है।

लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच और लार्डगंज पुलिस की टीम ने स्कीम नंबर 41 यादव कालोनी क्षेत्र में ट्रांसफार्मर के पास बटनदार चाकू बेचने की फिराक में खड़े महावीर नगर भूकम्प कालोनी संजीवनीनगर निवासी 19 वर्षीय अनिल अहिरवार को गिरफ्तार कर उसके पास से तीन चाकू जब्त किए है। चाकू के संबंध मे पूछताछ करने पर मोतीनाला निवासी 19 वर्षीय मोईनुद्दीन से 1 हजार 800 रूपये में खरीदना तथा मोईनुद्दीन द्वारा चाकू अजमेर से लाने की बात बताई। आरोपी की



निशानदेही पर पुलिस ने गणेश नगर रेल्वे क्वाटर के सामने दबिश देकर ग्राहक के इंतजार में खड़े आरोपी मोईनुद्दीन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5 बटनदार चाईना चाकू जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

# छेड़छाड़ को नहीं कहा जा सकता यौन उत्पीड़न

▸ हाईकोर्ट ने कहा, अपराधी की सजा को 20 साल से घटाकर 5 साल करने का निर्देश

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने एक क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई करते हुए कहा कि अपराधी ने महज छेड़छाड़ की थी। इसे यौन उत्पीड़न मानकर पास्को एक्ट के तहत 20 साल के कारावास



की सजा से दंडित करना उचित नहीं है। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस देवनारायण मिश्रा की डिवीजन बेंच ने सजायाफ्ता की सजा 20 साल से घटाकर 5 साल किये जाने का निर्देश दे दिया।

जिला अनूपपुर निवासी हरि कीर्तन शाह को पास्को सहित अन्य धाराओं के तहत अधिकतम 20 साल की सजा से दंडित किया गत था। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में पुनरीक्षण याचिका दायर की गई। कहा गया कि उसने घटना के पूर्व ही थाना प्रभारी से शिकायत की थी कि उसे एससी-एसटी एक्ट में झूठा फंसाया जा सकता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि पीड़िता ने न्यायालय के समक्ष परीक्षण के दौरान कहा था कि उसके साथ छेड़छाड़ हुई, लेकिन शोषण नहीं हुआ।

सुनवाई के बाद बेंच ने कहा कि ट्रायल कोर्ट में पूछताछ करने पर पीड़िता ने बताया था कि उसके अंगों से केवल छेड़छाड़ हुई। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार पीड़िता के निजी अंगों पर कोई चोट के निशान नहीं मिले। इसी आधार पर कोर्ट ने सजा को संशोधित कर दिया।

मध्य भारत एरिया मुख्यालय का किया निरीक्षण

# लेफ्टिनेंट जनरल सचदेवा दो दिवसीय जबलपुर प्रवास पर



**जबलपुर।** सेंट्रल कमांड के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल नवीन सचदेवा ने दो दिवसीय प्रवास के दौरान जबलपुर स्थित मुख्यालय मध्य भारत एरिया और उससे संबंधित विभिन्न सैन्य संस्थानों का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य क्षेत्र के अंतर्गत सैन्य तैयारियों, आधारभूत ढांचे तथा प्रशासनिक कार्यप्रणाली की समीक्षा करना था। अपने दौरे के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल सचदेवा ने लेफ्टिनेंट जनरल, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मध्य भारत एरिया सहित वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की और सैन्य रणनीति, प्रशिक्षण और प्रशासनिक कार्यों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर उन्हें मुख्यालय और अधीनस्थ इकाइयों की वर्तमान ट्रेनिंग गतिविधियों, प्रशासनिक तैयारियों और सामरिक क्षमताओं की व्यापक जानकारी दी गई। जनरल अफसर ने जबलपुर छावनी क्षेत्र में एक विंडशील्ड टूर के माध्यम से विभिन्न सैन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया और वहां की संचालनात्मक व्यवस्था तथा सुविधाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने अग्निवीरों के प्रशिक्षण सत्रों को भी करीब से देखा और उन्हें प्रभावशाली सैनिकों में परिवर्तित करने हेतु दी जा रही सुविधाओं और संसाधनों की समीक्षा की। सभी रैंकों को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल सचदेवा ने शारीरिक फिटनेस, उपकरणों की उपयुक्त देखरेख और उच्च युद्ध कौशल बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। दौरे के अंत में उन्होंने सैनिकों से संवाद कर उन्हें ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करते रहने तथा भविष्य की सभी संभावित चुनौतियों के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा दी।

# बंदियों के अधिकारों की दी जानकारी

### केंद्रीय जेल में विधिक जागरुकता शिविर सम्पन्न

**जबलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी के मार्गदर्शन में शुक्रवार को केंद्रीय जेल में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शक्ति वर्मा व जिला विधिक सहायता अधिकारी शक्ति रावत ने बंदियों को उनके अधिकारों के सिलसिले में जानकारी दी। नशा उन्मूलन की आवश्यकता बताई। नशीली दवाओं के नुकसान की जानकारी दी। निशुल्क विधिक सहायता के प्रावधान के बारे में अवगत कराया। बंदियों को बताया गया कि जेल को कारागार से अधिक सुधारगृह समझें। यहां प्रायश्चित करने का अवसर मिलता है। सजा पूरी होने के बाद समाज की मुख्यधारा में लौटा जा सकता है। सामान्य जीवन जिया जा सकता है। क्योंकि एक भूल कर होता नहीं कोई खराब, अनुचित है देना उसे कोई सामाजिक अभिशाप।

# नियम विरुद्ध तरीके से शिक्षकों को अतिशेष घोषित करने को चुनौती

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार सहित अन्य से नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर नियम विरुद्ध तरीके से शिक्षकों को अतिशेष घोषित करने को चुनौती दी गई है। प्रारंभिक सुनवाई के बाद जस्टिस डीडी बंसल की सिंगल बेंच ने स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, आयुक लोक शिक्षण संचनालय, जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट, संकुल प्राचार्य शायकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। बालाघाट निवासी अनुसुइया सोनवे की ओर से अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह, पुष्पेन्द्र कुमार शाह एवं रूप सिंह मरावी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता कुम्हारी शाला में उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ है। यहां जीव विज्ञान के लिए एक ही पद है। सितम्बर 2024 में एजुकेशन पोर्टल में अनुसुइया सोनवे की आईडी को अमान्य दिखाया। इस पर याचिकाकर्ता ने संकुल प्राचार्य, डीईओ और लोक शिक्षण संचनालय को अभ्यावेदन देकर पोर्टल में हुई गड़बड़ी को ठीक करने का निवेदन किया। गड़बड़ी ठीक करने की बजाय उक्त सीट को रिक्त बताते हुए एक अन्य शिक्षिका लोकेश्वरी चंद्रवार का स्थानांतरण कर दिया। दलील दी गई कि जब पहले से एक पद पर शिक्षक पदस्थ है तो उसी पद पर दूसरे का स्थानांतरण कैसे हो सकता है। मई 2025 में याचिकाकर्ता के आईडी पर मैसेज दिखाया गया कि उन्हें अतिशेष घोषित कर दिया गया है, इसलिए वे 16 मई तक अपना विकल्प दें, वरना उनका स्थानांतरण कर दिया जाएगा।


# ओबीसी की सूची में शामिल मल्लाह, केवट, ढीमर सहित अन्य जातियों को क्यों नही मिल रहा आरक्षण का लाभ

### हाईकोर्ट ने जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से पूछा, जारी किए नोटिस

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर ओबीसी की सूची में शामिल मल्लाह, केवट, ढीमर सहित अन्य श्रमजीवी जातियों को आरक्षण का लाभ नही मिलने का आरोप लगाया गया है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद केंद्र व राज्य सरकार सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। 6 सप्ताह का समय दिया गया है। 30 जून को अगली सुनवाई होगी।

जबलपुर के रांझी निवासी समाजसेवी रागिनी कश्यप की ओर से याचिका दायर की गई है। उनकी ओर से अधिवक्ता एसके कश्यप ने कोर्ट को बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग की 26 दिसम्बर 1984 को जारी सूची में 12 वें नम्बर पर मल्लाह, नाविक, मछुआरे का श्रमजीवी कार्य करने वाली जातियों को शामिल किया गया। इसके तहत ढीमर, भोई, कहार, मल्लाह, नावदा, तुरहा, केवट



(कश्यप, निषाद, रैकवार, बाथम), कीर, बिटिया, वृत्तयान, सिंगरहा, जलारी जातियां आती हैं। ये जातियां अभी तक काफी पिछड़ी हैं। उन्होंने तर्क दिया कि संविधान लागू हुए 75 वर्ष हो गए हैं। लेकिन सूची में होने के बावजूद अब तक इन जातियों को राज्य सरकार द्वारा ओबीसी आरक्षण का लाभ नही दिया जा रहा है। इसके चलते अभी तक इन जातियों को सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक व अन्य क्षेत्रों मे समुचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला। प्रदेश में इन जातियों मे से अभी तक कोई भी एमपी, एमएलए, जिला न्यायाधीश, आयोग का अध्यक्ष, महापौर या जिला पंचायत अध्यक्ष तक नही बन सका। यहां तक कि सेना के तीनों अंगों में भी इन्हें प्रतिनिधित्व नहीं मिल सका।

उन्होंने तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट ने 1993 में केंद्र व राज्य सरकारों को पिछड़ा वर्ग को पिछड़ा व अति पिछड़ा उपवर्ग में विभक्त करने के निर्देश दिए थे। लेकिन, सरकारें इसमे विफल रहीं। कोर्ट से आग्रह किया कि राज्य सरकार को इस सम्बंध में संविधान के अनुच्छेद 14 का पालन करते हुए उक्त जातियों को समुचित आरक्षण देने के निर्देश दिए जाएं। साथ ही ओबीसी में पिछड़ा, अति पिछडा व अत्यंत पिछड़ा उपवर्ग बनाकर तीनो उपवर्गों को कुल ओबीसी आरक्षण के समान हिस्से आवंटित करने के निर्देश दिए जाएं।

प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय व सशक्तिकरण मंत्रालय, राज्य सरकार के ओबीसी कल्याण विभाग, ओबीसी राष्ट्रीय आयोग, मप्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को नोटिस जारी किए।

पारा 40 के पार, आज से फिर 21 मई तक बादल, वर्षा के आसार

# मौसम शुष्क होते की गर्मी ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

सूरज की तपन से जनजीवन प्रभावित होने लगा है। सूर्योदय के साथ ही सूर्य की किरणें अपनी आभा बिखेरने लगती हैं। दोपहर में सड़कें सूनी हो जाती हैं। तेज धूप की वजह से देर रात तक तपन का अहसास बरकरार रहता है। पश्चिमी विक्षोप समाप्त होने के बाद बादलों की बसाहट से उमस भरी गर्मी से लोगों की दिनचर्या प्रभावित कर रखी हैं। सुबह लोग जल्दी उठ जाते हैं और देर रात तक जागते नजर आते हैं। मौसम विभाग ने कहा है कि एक बार फिर नया सिस्टम सक्रिय हो रहा है। 17 से 21 मई तक फिर मौसम बदलेगा, गहरे बादलों के बीच हल्की वर्षा हो सकती है। 27 मई के बाद प्री मानसून एक्टिविटी भी प्रारंभ हो सकती है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक मौसम शुष्क होने की वजह से पारे में उछाल आ रही है। धूप का असर कुछ ज्यादा ही प्रभावी हो गया है। दिन भर में धरती इतनी तप जाती है कि सूर्यास्त के बाद भी वातावरण गर्म बना रहता है। कूलर, पंखों की हवा भी अब गर्मी से राहत नहीं दे पा रही है। धीरे-धीरे हवा में नमी घट रही है। लिहाजा आने वाले दिनों में तापमान और ऊपर चढ़ने की संभावना है।



मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 40.03 डिग्री सेल्यिस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 27.03 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातः काल 50 प्रतिशत और सायंकाल 37 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.28 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6.45 मिनिट पर हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 43.4 डिग्री तापमान खजुराहो जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकत्तम तापमान 39.07 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.04 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दक्षिणी पश्चिमी हवायें 5 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

इस वर्ष केरल में जल्द आएगा मानसून

जबलपुर मौसम विभाग केंद्र ने भोपाल से मिले फोर कास्ट के मुताबिक जानकारी दी है कि आने वालें पांच दिनों 27 से 28 मई के बीच केरल में मानसून दस्तक दे देगा। अभी जबलपुर में दो दिनों से मौसम शुष्क रहने के बाद 21 मई तक हवा में नमी बढ़ेगी और गहरे बादलों के बीच हल्की वर्षा की संभावना है। आमतौर पर केरल में मानसून 1 जून को आता था इस बार 27 मई से मानसून आने की संभावना है।

### प्रताडित करने वाले आरोपी पति के विरूद्ध प्रकरण दर्ज

**जबलपुर।** कोर्ट की समझाईश के बाद आरोपी पत्नी को साथ तो ले आया, लेकिन उसने प्रताड़ना बंद नहीं की। उसके बाद पीड़ित पत्नी पुलिस की शरण में पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रताड़ना का मामला दर्ज कर लिया है। घटना के संबंध में रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पोलीपाथर गौरीघाट निवासी 32 वर्षीय श्रीमति रितु अहिरवार का विवाह 24 मई 2014 को मनीष अहिरवार से हुआ था। 2017 में उसके पति ने उसे परित्याग कर दिया, जिसके बाद न्यायालय में केस चल रहा था। न्यायालय द्वारा दोनों को साथ में रहने की समझाईश दी गई उसके बाद 20 मार्च 2025 को पति मनीष अहिरवार व्हीकल फैक्ट्री रांझी ऑफिसर मेस में रखा और चरित्र संदेह पर फिर प्रताड़ित करने लगा। उसके बाद वह उसे लेकर सिविल लाईन आ गया। लगातार मारपीट और प्रताड़ना से तंग आकर वह अपने मायके गौरीघाट आ गई। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर धारा 85 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

सरकारी कॉलेजों में 6289 पद खाली बड़े शैक्षणिक हब की स्थिति भी खराब

# उच्च शिक्षा विभाग में प्रोफेसर और फैकल्टी की भारी कमी

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्य प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में प्रोफेसरों की भारी कमी है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, मध्य प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में 69 विषयों के कुल 6,289 पद खाली हैं। ये सभी पद राजपत्रित शैक्षणिक संवर्ग के अंतर्गत आते हैं। प्रदेश में सबसे ज्यादा पद इंग्लिश विषय में खाली है। इनकी संख्या 458 है। कॉमर्स (440 पद) और इकोनॉमिक्स (387 पद) रिक्त है।

प्रदेश में रीवा जिला सबसे ऊपर है। यहां 196 पद खाली हैं, सागर (193 पद), छतरपुर (190 पद) का स्थान, टॉप 10 जिलों में उज्जैन, सीधी, सिंगरौली, सीहोर, सतना, मुरैना और शिवपुरी भी शामिल है। वहीं जबलपुर, भोपाल सहित इंदौर, ग्वालियर जैसे बड़े शैक्षणिक हब की स्थिति भी कोई बेहतर नहीं है।

### सरकार को उठाना होगा कदम

यदि समय रहते इन पदों पर नियुक्ति नहीं हुई, तो आने वाले शैक्षणिक सत्र में लाखों छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होगी। विषय विशेषज्ञों की कमी से शिक्षा में गिरावट तो आएगी ही, शोध और नवाचार जैसे पहलू भी पीछे छूटेंगे। प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों को शिक्षकों की भारी जरूरत है। 6,289 पदों की यह रिक्तता केवल संख्या नहीं, बल्कि शिक्षा की सेहत का संकेत है। अब देखना है कि सरकार इस दिशा में कितनी तेजी से कदम उठाती है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240